

दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 3 अंकः 190 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 24 अप्रेल 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया



किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853


# बेल चाहिए तो छोड़ना होगा मंत्रीपद,

## सुप्रीम कोर्ट की गर्मी देख मंत्री जी के छूटे पसीने, बोले- सोमवार तक बताता हूं

समाज जागरण

तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई. कोर्ट ने कहा, जमानत चाहिए तो मंत्री पद छोड़ें. बालाजी ने सोमवार तक इसपर निर्णय लेने की बात कही. यह पूरा मामला कैश फॉर जॉब से जुड़ा हुआ है. ईडी मामले की जांच कर रही है. कैश फॉर जॉब से जुड़े एक मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में जेल की हवा खा चुके तमिलनाडु के मंत्री सेंथल बालाजी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने बेहद कड़ा रुख अख्तियार किया. दरअसल, सुप्रीम कोर्ट मनी लॉन्ड्रिंग केस में सेंथिल बालाजी को दी गई जमानत को वापस लेने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी. उनपर जमानत की शर्तों को तोड़ने का आरोप है. न्यायमूर्ति अभय ओका की बेंच ने साफ कह दिया कि अगर जमानत पर बाहर रहना है तो मंत्री पद छोड़ना होगा. सुप्रीम कोर्ट ने सेंथिल बालाजी से कहा, "हम इस आचरण को बर्दाश्त नहीं करेंगे! हम आपको एक विकल्प दे रहे हैं — आजादी या मंत्रिमंडल का पद?" सेंथिल बालाजी ने सुप्रीम कोर्ट के टफ स्टैंड को देखते हुए कहा कि वह सोमवार तक अपना निर्णय लेंगे और सुप्रीम कोर्ट को सूचित करेंगे कि क्या वह मंत्री पद पर बने रहेंगे या नही? यह मामला तमिलनाडु में कथित 'नौकरी के बदले नकद घोटाले' से जुड़ा है. न्यायमूर्ति अभय ओका ने सेंथिल बालाजी को फटकार लगाते हुए कहा कि जमानत देने का मतलब यह नहीं कि आपको पद पर बने रहने की शक्ति भी दी गई है, जिससे आप पीड़ितों को प्रभावित करें!"

**सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?**

न्यायमूर्ति ओका ने सीनियर एड-वोकेट मुकुल रोहतगी से कहा, "जब वह मंत्री थे तब उनके द्वारा समझौता कराने के तरीके पर स्पष्ट टिप्पणियां दर्ज की गई थीं. हमने उन्हें वह अधिकार नहीं दिया कि वह सत्ता में लौटकर गवाहों को प्रभावित करें."सुप्रीम कोर्ट ने सेंथिल बालाजी से कहा, "आपका पिछला आचरण दशार्ता है कि आपने गवाहों को प्रभावित किया है और अब आप फिर से मंत्री बन गए हैं!"



**सेंथिल बालाजी पर क्या है आरोप?**

सेंथिल बालाजी साल 2011-2016 के दौरान परिवहन मंत्री थे. तब कैश-फॉर-जॉब घोटाला सामने आया था. आरोप है कि उन्होंने नौकरी के बदले रिश्वत ली. प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने इस मामले में जून 2023 में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत उन्हें गिरफ्तार किया था. सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें सितंबर 2024 में 15 महीने की हिरासत और ट्रायल में देरी के आधार पर जमानत दी, लेकिन कठोर शर्तें लगाईं. ईडी ने दावा किया कि बालाजी और उनकी पत्नी के खातों में 1.34 करोड़ रुपये की नकदी जमा थी, जो उनकी आय से मेल नहीं खाती. बालाजी ने इन आरोपों से इनकार किया था और इसे राजनीतिक साजिश बताया था.

## आतंकी हमले में औरंगाबाद के मनीष रंजन हुए शहिद

दैनिक समाज जागरण

नवीनगर (बिहार) मंगलवार को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में



पर्यटकों पर हुए आतंकी हमलों में जिन 27 लोगों ने अपनी जान गंवाई है उनमें बिहार के औरंगाबाद जिले से ताल्लुक रखने वाले आई बी अधिकारी मनीष रंजन भी शहीद हुए हैं।मनीष रंजन वर्तमान मे पश्चिम बंगाल के पुरुलिया के झालदा में बस गए हैं।मनीष रंजन पिछले दो सालों से आईबी के हैदराबाद ऑफिस में सेक्शन ऑफिसर के पद पर पोस्टेड थे। मनीष रंजन को उनकी पत्नी और दो बच्चों के सामने ही गोली मार दी गई है। मनीष रंजन की पत्नी आशा देवी और बच्चे स-ुरक्षित है। वह अपने पत्नी और बच्चे के साथ छुट्टी पर कश्मीर घूमने गए थे।मनीष के पिता मंगलेश कुमार मिश्रा का ननिहाल नबीनगर के बेलाई गांव में है। आतंकवादियों के इस कायरतापूर्ण कार्रवाई से देश में शोक की लहर के साथ- साथ आक्रोश भी है और हर जगह से आतंकियों पर कार्रवाई की मांग की जा रही है। क्योंकि आतंकियों ने 27 लोगों को धर्म पूछकर गोली मार दी। इस हादसे से मनीष के परिजनों के साथ साथ पूरे बेलाई गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। शहीद मनीष के बाबा व जिले के प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्र पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा हैं। उन्होंने बताया कि मनीष ने जम्मू कश्मीर की यात्रा के बाद 30 अप्रैल को औरंगाबाद आने का वादा किया था। लेकिन आतंकियों ने उसके साथ साथ 27 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। उन्होंने केंद्र सरकार से आतंकियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग किया है।

## सीएम योगी कल मिलेंगे मृतक शुभम द्विवेदी के परिजनों से

कानपुर/लखनऊ. पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए कानपुर के कारोबारी शुभम द्विवेदी के पिता से सीएम योगी ने बातकर उन्हें सांत्वना दी. सीएम योगी आदित्यनाथ गुरुवार को मृतक शुभम द्विवेदी के आवास पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात करेंगे. जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में जनपद कानपुर के शुभम द्विवेदी की मौत हुई थी. सीएम योगी कल 9.30 बजे कानपुर पहुंचेंगे. इसी बीच, कल का पीएम मोदी का कानपुर का कार्यकर्म रद्द हो गया है. कानपुर मेट्रो समेत अन्य विकास कार्यों का कार्यक्रम कानपुर में था. पीएम मोदी को सभा भी करनी थी. विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पीएम के कार्यक्रम के कैंसिल होने की पुष्टि की.



**सीएम योगी ने शुभम के पिता संजय द्विवेदी का फोन पर हालचाल जाना और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं. कहा कि इस दुख की घड़ी में प्रदेश सरकार आपके साथ है. उन्होंने परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया.**

### आज रात पहुंचेगा शुभम का पार्थिव शरीर

शुभम द्विवेदी का पार्थिव शरीर आज रात कानपुर पहुंचेगा. सीएम योगी ने अधिकारियों को पहले से ही निर्देश दिए हैं कि पार्थिव शरीर पूरे सम्मान के साथ कानपुर लाया जाए. उन्होंने प्रभु श्री राम से दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की.


# पहलगाम के बाद मोदी सरकार के 5 बड़े फैसले,

## सिंधु जल संधि, अटारी बॉर्डर, SAARC वीजा सब बंद!

नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज शाम सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक हुई. सीसीएस को 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक मारे गए थे. इसमें कई अन्य घायल हुए थे. सीसीएस ने हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना जाहिर की तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की. सीसीएस को दी गई ब्रीफिंग में आतंकवादी हमले के सीमा पार संबंधों को सामने लाया गया. इस आतंकवादी हमले की









गंभीरता को समझते हुए, सीसीएस ने निम्नलिखित 5 उपायों पर फैसला लियाः

(1) 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित रखा जाएगा. ऐसा तब तक जारी रहेगा जब तक कि पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को छोड़ नहीं देता.

(2) एकीकृत चेक पोस्ट अटारी को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया जाएगा. जो लोग वैध वीजा के साथ सीमा पार कर चुके हैं, वे 1 मई से पहले उस मार्ग से वापस आ सकते हैं.

(3) पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा छूट योजना (एसवी-ईएस) वीजा के तहत भारत की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी. पाकिस्तानी नागरिकों को पहले जारी किए गए किसी भी एसवीईएस वीजा को रद्द माना जाएगा. एसवीईएस वीजा के तहत वर्तमान में भारत में मौजूद किसी भी पाकिस्तानी नागरिक के पास भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे का वक्त है.

(4) नई दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा/सैन्य, नौसेना और वायु सलाहकारों को अवांछित शख्स घोषित किया जाता है. उनके पास भारत छोड़ने के लिए एक हफ्ते का समय है. भारत इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग से अपने रक्षा/नौसेना/वायु सलाहकारों को वापस बुलाएगा. संबंधित उच्चायोगों में इन पदों को निरस्त माना जाएगा. दोनों उच्चायोगों से सेवा सलाहकारों के पांच सहायक कर्मचारियों को भी वापस बुलाया जाएगा.

(5) उच्चायोगों की कुल संख्या को वर्तमान 55 से घटाकर 30 किया जाएगा, जिसे 1 मई तक और कम किया जाएगा.

सीसीएस ने समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और सभी सुरक्षा बलों को उच्च सतर्कता बनाए रखने का निर्देश दिया. इसने संकल्प लिया कि हमले के अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और उनके प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराया जाएगा. तहव्वुर राणा के हाल ही में प्रत्यर्पण की तरह, भारत उन लोगों की तलाश में निरंतर प्रयास करेगा जिन्होंने आतंकवादी काम किए हैं, या उन्हें संभव बनाने की साजिश रची है.

## दशाश्वमेध घाट की गंगा आरती में आतंकी हमले के मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती के दौरान जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान दीपदान कर मृत आत्माओं की शांति के लिए मां गंगा और बाबा विश्वनाथ से प्रार्थना की गई। साथ ही आतंक के खिलाफ एकजुटता का भी संदेश दिया।



गंगा सेवा निधि द्वारा आयोजित इस विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मां गंगा की आरती करने वाले सात प्रमुख अर्चकों ने दीपदान कर मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। उपस्थित जनसमूह ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को नमन किया और आतंक के विरुद्ध एकजुटता का संदेश दिया।

गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा, कोषाध्यक्ष आशीष तिवारी, संस्थापक सदस्य इंदु शेखर शर्मा और सचिव हनुमान यादव के साथ ही घाट पर मौजूद हजारों श्रद्धालु एवं स्थानीय नागरिकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## भारत के विरुद्ध पाक जिहादी युद्ध का कठोरतम जबाव जरूरीः विहिप का राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन 25 अप्रेल को।

समाज जागरण

कानपुर विशेष संवाददाता। 23 अप्रैल 2025। विश्व हिंदू परिषद के प्रांतमंत्री राजू पोरवाल ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुई भीषण आतंकी घटना की निंदा करते हुए कहा है कि अब समय आ गया है कि इस्लामिक जिहादी पाकिस्तान व उसके कश्मीरी स्लीपर सेल के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित कर घाटी में पुनः सिर उठाने का दुस्साहस करने वाले मजहबी आतंकवाद का समूल नाश हो। उन्होंने कहा है कि कश्मीर घाटी के पहलगाम में जिस प्रकार यात्रियों के पेंट उतारकर, कलमा पूछ कर और आईडी चेक कर, जब यह सुनिश्चित हो गया कि वे मुस्लिम नहीं है, उनका नरसंहार किया गया, घोर निंदनीय है। इस अमानवीय घटना पर संपूर्ण देश स्तब्ध व आक्रोशित है। यह साफ दिखाई दे रहा है कि 1990 के आतंकवाद के दिनों की वापसी का दुस्साहस हो रहा है। पोरवाल ने कहा कि





कश्मीर घाटी में आतंकवादियों के स्लीपर सेल आज भी मौजूद हैं जो पाकिस्तान के इशारे पर कभी भी आतंकवाद के इन घृणित घटनाओं को करने के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने स्मरण कराया कि कुछ दिन पूर्व ही एक सांसद ने कहा था कि कश्मीर में जो यात्री या पर्यटक आ रहे हैं या जमीन खरीद रहे हैं वे यहां सांस्कृतिक अतिक्रमण कर रहे हैं।उसके कुछ दिन के बाद ही,पाकिस्तान के सेना अध्यक्ष ने कहा कि था हमारे सामने कश्मीर को वापस लेना ही एक मात्र एजेंडा रह गया है। अपने उसे एजेंडे की पूर्ति के लिए ही शायद उसने यहां जिहादी आतंकवादी हमला कराया! विहिप नेता ने यह भी कहा कि यह कोई सामान्य आतंकवादी घटना नहीं अपितु, पाकिस्तान का भारत के विरुद्ध खुले युद्ध की घोषणा है। इसका जवाब भारत सरकार को उतनी ही शक्ति से देना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आतंकवाद के दिन दुबारा लौटने का और पाकिस्तान का कोई नेता या सैन्य अधिकारी इस तरह के शब्द बोलने की दुस्साहस ना कर सके। पोरवाल ने यह भी कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि आतंकवादी का कोई धर्म नहीं होता लेकिन उसका मजहब अवश्य होता है, यह साफ दिखाई देता है।

## सीएम योगी की पहल पर इको फ्रेंडली डिजिटल विज्ञापन को प्रोत्साहन, होगी राजस्व में वृद्धि

23 अप्रैल, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में नगर विकास विभाग ने नई विज्ञापन नीति-2025 का मसौदा तैयार किया है। जिसे शीघ्र ही कैबिनेट के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। नगर विकास विभाग के संबंधित अधिकारियों ने समीक्षा बैठक में बताया कि प्रदेश की नई विज्ञापन नीति में डिजीटल और इलेक्ट्रानिक साइनेज के माध्यम से विज्ञापन प्रसारण को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके तहत क्रमिक रूप से प्रदेश के सभी जिलों में डिजीटल और इलेक्ट्रानिक साइनेज स्थापित किये जाएगें और नियमावली के अनुरूप विज्ञापन प्रसारण किया जाएगा। इससे एक ओर विभाग की राजस्व आय में वृद्धि होगी तो दूसरी ओर ये पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करने और शहरों को स्वच्छ, सुंदर और ईको फ्रेंडली बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### डिजीटल विज्ञापन से होगी विभाग की राजस्व आय में वृद्धि

नगर विकास विभाग राजस्व में वृद्धि और नगर निगमों के कार्यों में एकरूपता लाने के लिये नई विज्ञापन नीति-2025 तैयार की है। सीएम योगी के मार्गदर्शन में बनी नई विज्ञापन नीति पूरे प्रदेश में डिजिटल और इलेक्ट्रानिक साइनेज से विज्ञापन को बढ़ावा देगी। जिसका मुख्य उद्देश्य विभाग की राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि करना और खर्च को कम करना है। नगर विकास विभाग ने समीक्षा बैठक में बताया कि विभाग ने विज्ञापन से होने वाली आय में आगामी पांच वर्ष में सौ फीसदी वृद्धि का लक्ष्य



रखा है। वर्ष 2024-25 में विभाग को जहां विज्ञापन से 78.9 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई है जिसे वर्ष 2029-30 तक 158.7 करोड़ रुपये की आय का अनुमान व्यक्त किया है। संबंधित अधिकारी ने बताया कि डिजीटल और इलेक्ट्रानिक साइनेज व होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन करने से हो-र्डिंग, पेंटिग, फ्लेक्स, फ्रेम, लाइटिंग आदि के खर्च में कमी आएगी। साथ ही विज्ञापन प्रसारण की नई नियमावली और रेट सूची राजस्व प्राप्ति में वृद्धि लाएगी।

### पर्यावरण संरक्षण में बढ़ावा देगा इको फ्रेंडली डिजिटल साइनेज विज्ञापन

डिजीटल व इलेक्ट्रानिक होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन प्रसारण प्रदेश के नगरों को सुंदर, स्वच्छ और इको फ्रेंडली बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाएगा। परांपगत तरीके से बिलबोर्ड्स, होर्डिंग्स, पोस्टर के माध्यम से विज्ञापन प्रसारण कई तरह के केमिकल, नॉन- बायोडिग्रीडेबल कचरे को जन्म देता है, जो पर्यावरण को प्रत्यक्ष रूप से हानि पहुंचाता है। फ्लेक्स होर्डिंग को बनाने में नॉन बायोडिग्रीडेबल सिंथेटिक पालीमर और कलर डाइ का प्रयोग होता है, जो पर्यावरणीय प्रदूषण को बढ़ाता है। जबकि डिजीटल और इलेक्ट्रानिक होर्डिंगस की एलईडी स्क्रीन से लगभग 70 प्रतिशत तक ऊर्जा की खपत तक कम होती है। साथ ही इन स्क्रीन पर उच्च गुणवत्तायुक्त और इंटरैक्टिव छवियों और संदेशों का प्रसारण किया जा सकता है। जिसके निर्माण में खर्च भी कम आता है और अधिक आकर्षक भी दिखती हैं।


### कैबिनेट के सामने जल्द पेश होगी नई विज्ञापन नीति-2025

नई विज्ञापन नीति-2025 के तहत लगाये जाने वाली डिजीटल और इलेक्ट्रानिक साइनेज पर विज्ञापन प्रसारण के लिए समयसीमा और रेट लिस्ट तैयार की जा रही है, जिसे शीघ्र ही स्वीकृति के लिए कैबिनेट के सामने रखा जाएगा। विज्ञापन प्रसारण के प्रत्येक घंटे में 5 मिनट का समय नगर निगम और सरकार के सामाजिक संदेशों के प्रसारण के लिए आरक्षित होगा। इसी प्रकार महीने में 1 दिन व साल भर में अधिकतम 12 दिन सामाजिक संदेश आधारित निःशुल्क विज्ञापन का प्रसारण किया जाएगा। इसके साथ ही अप्रत्याशित घटना की स्थिति में, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के नियमानुसार जरूरी संदेशों का प्रसारण करने का प्रावधान है।

# धरती के स्वर्ग में नारकीय तांडव

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण नरसंहार की खबर सुनकर सारी रात नींद नहीं आयी। धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले इस भूखंड को खंड-खंड किये जाने के छह साल बाद हुए इस आंतकी कुकृत्य में दो दर्जन से अधिक उन निरीह युवाओं की जान चली गयी जो अपना घर-संसार बसाने से पहले अपने साथ कुछ सुनहरी यादें समेटने यहां आये थे। इस नराधम कार्रवाई से देश ही नहीं पूरी दुनिया स्तब्ध है। इस हादसे की निंदा करने के लिए भी शब्द कम पड़ रहे हैं। पूरी घाटी आने वाले काले दिनों के खौफ से जार-जार हो उठी है।

भारत का ये अभिन्न अंग शुरू से ही गैरकांग्रेसी राजनीति का केंद्र रहा है । आजादी के ठीक पहले गठित राष्ट्रिय स्वयं सेवक संघ और बाद में जनसंघ तथा भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू-कश्मीर में संविधान के अनुच्छेद 370 को लेकर पूरे 72 साल राजनीति की और 2019 में इस प्रावधान को हटाकर ही चैन लिया। इस प्रावधान को हटाने के साथ ही घाटी को आतांकवाद से निजात दिलाने के लिए सूबे को तीन भागों में विभाजित किया ,पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक की ,लेकिन आतंकवाद का खत्मा नहीं हुआ। पहलगाम का नरसंहार एक दुःस्वप्न की तरह हमारे सामने है। पहलगाम आतंकी हमले में कुल 26 लोग मारे गए, जिसमें दो विदेशी और दो स्थानीय शामिल है। मृतकों में भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल शहीद हो गए। हाल ही में शादी के बाद वे




हनीमून पर पत्नी संग पहलगाम गए थे. हमले में उनकी पत्नी सुरक्षित बचीं। यह हमला पहलगाम के बैसरन घाटी में हुआ, जहां अक्सर पर्यटक आते हैं. इस इलाके में केवल पैदल या घोड़ों से ही पहुंचा जा सकता है. लश्कर-ए-तैयबा के एक संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट '(टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है.

इस अकल्पनीय हत्याकांड के लिए कौन जिम्मेदार है और कौन नहीं इसकी मीमांसा बाद में हो जाएगी ,लेकिन अभी तो ये तय करना है कि क्या घाटी से 370 हटाने की वजह से ये वारदात हुई है या देश में अल्पसंख्यकों के साथ वक्फ बोर्ड कानून के जरिये उनकी भावनाओं से छेड़छाड़ की कोशिश इसकी वजह है ? इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि इस समय देश सबसे बड़े संक्रमण काल से गुजर रहा है । देश को हिन्दू राष्ट्र बनाने की उधेड़बुन ने देश को हर तरफ से साम्प्रदायिकता की आग में झौक दिया है। हिन्दू -मुसलमान अकेला हो तो आप सम्हाल भी लें किन्तु अब तो हिन्दूहै बनाम दलित,हिन्दू बनाम जैन ,हिन्दू बनाम हिन्दू ,हिन्दू बनाम आदिवासी यानि हिन्दू बनाम सब कुछ चल रहा है और हमारे भायविधाता न जम्मू-कश्मीर सम्हाल पा रहे हैं और न बंगाल। मणिपुर वे पहले ही जला चुके हैं। अब कश्मीर घाटी भी एक बार फिर धधक उठी है। घाटी में अब चुनी हुई सरकार है लेकिन ये सरकार आधी-अधूरी सरकार है । ये राज्य सरकार नहीं बल्कि एक केंद्र शासित क्षेत्र की सरकार है । यहां सीमाओं की सुरक्षा हो या पुलिस सब केंद्र के हाथ में है और केंद्र इस समय साम्प्रदायिक धृवीकरण में व्यस्त है। राहुल गाँधी और उनकी माँ श्रीमती सोनिया गाँधी को जेल भेजने की तैयारियों में व्यस्त है। हमारे भाग्यविधातों को बिहार और बंगाल की सत्ता जीतना है और ईडी,सीबीआई तथा केंचुआ के बाद भारत की न्यायपालिका को भी बंधुआ बनाना है। इसके लिए देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना साहब तक को देश में कथित तौर पर चल रहे तमाम गृह युद्दों के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। यदि भाजपा का यही पैमाना है तो पहलगाँम के नरसंहार के लिए भी देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना ही जिम्मेदार हैं।

. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ कहा है कि गुनहगारों को बख्शा नहीं जाएगा। आतंकवादियों की कायराना हरकत का जवाब देने के लिए भारतीय सेना तैयार है। हमारी सेना तो पहले भी आतंकवादियों से लगातार जूझ ही रही थी ,उसके हाथ किसी ने बंधे थोड़े ही थे। फिर भी ये हादसा हुआ इसका अर्थ है की सरकार और सेना की रणनीति में कहीं कोई झोल रह गया। यानि सरकार का और सेना का खुफिया तंत्र नाकाम साबित हुआ। सवाल ये है की जब हमारी सरकार एक बार सर्जिकल स्ट्राइक कर चुकी है फिर ये आतंकी कहाँ से आ गए ? सरकार को पता था कि पहलगाम हत्याकांड का मुख्य मास्टर माइंड ताजा आतंकी हमले से दो महीने पहले ही सैफुल्लाह खालिद पाकिस्तान के पंजाब के कंगनपुर पहुंचा था, जहां पाकिस्तान सेना की एक बड़ी बटालियन रहती है। वहां पाक सेना के एक कर्नल जाहिद जरीन खटक ने उसे जेहादी भाषण देने के लिए बुलाया था। उसके वहां पहुंचने के बाद खुद कर्नल ने उसके उपर फूल बरसाए.गए थे।

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सरकार सक्रिय हुई है।र्धानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अमित शाह से फोन पर बातचीत की। उन्होंने इस घटना पर कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिए।मोदी जी इस समय सऊदी अरब में है । बेहतर होता कि वे इस हत्याकांड के बाद अपना दौरा निरस्त कर स्वदेश लौटते और खुद सारी स्थिति की समीक्षा करते लेकिन उन्होंने ऐसा न कर अपने हनुमान यानी गृहमंत्री अमित शाह को कमान सौंपी है। शाह ने कहा कि इस जघन्य आतंकी हमले में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और हम अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने श्रीनगर पहूंचकर सभी एजेंसियों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक की है । अब नतीजोंका इन्तजार करना होगा।

**@राकेश अचल**

# कुर्बानियाँ रंग लाएगी...!

वो चिंगारी अब ज्वाला बनकर छाएगी,
ये पहलगाम की कुर्बानियाँ रंग लाएगी।
कायरों ने फिर एक बार लाशें बिछा दी,
माँगों का सिंदूर उन काफिरों उजाड़ दी।
अब धरती माँ फिर से रक्तरंजित हुई है,
निदोषों पे कहर से गुस्से में लाल हुई है।

वो चिंगारी अब ज्वाला बनकर छाएगी,
ये पहलगाम की कुर्बानियाँ रंग लाएगी।
क्यों? सैलानियों की बद्दुआएं लेके गए,
अपना जीवन प्रमाण-पत्र छोड़कर गए।
जिसका अब कोई उपयोग हीं न होगा,
ये देश खंगालेगा रूह को काँपना होगा।

वो चिंगारी अब ज्वाला बनकर छाएगी,
ये पहलगाम की कुर्बानियाँ रंग लाएगी।
अब कैसा हश्र होगा? सोच ना पाओगे,
भाग-भागकर थककर चूर हो जाओगे।
आँकाओं की मांद भी इतनी बड़ी नहीं,
औकात तिनके के सामने भी खरी नहीं।

**संजय एम तराणेकर**
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**

# कविता

पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों
पर तुमने किया हमला
निरीह मासूम को
मौत की नींद सुलाई
तुम्हें जरा भी शर्म नहीं आई।

हमला था तुम्हारा कायराना,
पाकिस्तान को बना देंगे वीराना
अब फिर तुम्हारे घर में घुस
मार कर सर्वनाश करेंगे तुम्हारा।

बहुत हुआ पाकिस्तान-
पाकिस्तान,
सचमुच बना देंगे उसे
कब्रिस्तान।
अबकी बार
पाक को कफन ही पहनाएंगे।

अपने 28 शहीद साथियों
के बदले आतंकियों का
सर ही काट लाएंगे।
ए दुश्मन इसे धमकी न
समझना तेरी औकात
जानते है हम ।

सचमुच
कसम हिंदुस्तान की
न चूकेंगे, न रुकेंगे,
समूचा इस्लामाबाद
इस बार दिल्ली
घसीट कर ले आयेगे।

अभी 370 हटा कर,
कश्मीर को यूनियन टेरीटरी
बनाया है,
अबकी बार बलूचिस्तान को
स्वतंत्र करवाकर,
ढङ्ग' खींच लाएंगे।

हिंदुस्तानी शेर ए हिन्द है हम,
भेड़ियों तुम्हारी चाल समझते हम
तेरा नमो निशा मिटा देंगे हम
जानते हैं तुझ में कुछ भी नहीं दम।

तेरी इस बार खाल खींच
लाएंगे,
तेरा नामो निशान मिटा आएंगे,
इस बार जो जाएंगे हम
तेरे पूरे नक्शे को
मिटा कर आएंगे हम।

खाने को तेरे पास नहीं है दाने,
तू आतंकियों को लगा भड़काने,
तेरे से दर-दर भीख ना मंगवाई
तो हम हिंदुस्तानी नहीं,
हर बार तुझे करते आये हैं माफ
इस बार कर देंगे पूरा का पूरा साफ।

वीर सपूतों, पर्यटकों को
विनम्र श्रद्धांजलि,नमन।
ओम शांति ओम।
जय हिंद,जय अखंड भारत।

**संजीव ठाकुर**

# आतंकवाद के फन को कुचलने का माकूल समय। पहलगाम में हाइब्रिड आतंकी हमला, 26 भारतीयों की हत्या।



**संजीव ठाकुर**

जम्मू कश्मीर पहलगाम पर्यटन स्थल में सेना की वर्दी में आए चार पांच आतंकवादियों ने पर्यटन पर स्टील बुलेट से हमला कर 26 भारतीय तथा दो विदेशियों की निर्मम हत्या कर दी है। यह पुलवामा आतंकी हमले के बाद का सबसे बड़ा हमला है 28 मृतकों में अधिकांश पर्यटक हैं इसमें दो विदेशी तथा दो स्थानीय लोग शामिल है इसमें एक आईबी अफसर भी शामिल है। ज्ञात हो इस हमले की जिम्मेदारी टीआ-रएफ(दी रेसिस्टेंट फ्रंट) आतंकी संगठन ने अपने ऊपर ली है टीआरएफ संगठन लश्कर तैयबा पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन है जिसको पाकिस्तान की सरकार और आई एस आई का खुला समर्थन प्राप्त है एवं पाकिस्तान सेना इन्हें हथियार तथा धन मुहैया कराती है। यह हमला स्टील बुलेट से किया गया स्टील बुलेट चीन द्वारा पाकिस्तान सेना को युद्ध के लिए दी जाती है और यह स्टील बुलेट पाकिस्तान सुना ने लश्कर तैयबा के लड़ाकू आतंकवादियों को इस घटना को अंजाम देने के लिए दी गई थी। दुखद बात यह है कि आतंकवादियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछ पूछ कर पुरुषों को गोली मारी एवं महिलाओं को को छोड़कर उनसे कहा गया है कि अपनी सरकार को बता देना। इन सभी मृतक पर्यटकों में महाराष्ट्र राजस्थान उ-ड़ीसा छत्तीसगढ़ एवं देश के अन्य राज्यों के निवासी शामिल है। जिस घोड़े के रेसकोर्स मैदान में निर्दोष पर्यटकों को मारा गया वहां पूरे मैदान में कहीं छुपने की जगह भी नहीं थी ऐसे में पर्यटक असहाय तथा असमर्थ थे। कुल मिलाकर यह एक दर्दनाक एवं निर्मम हत्याकांड को आतंकवादियों द्वारा अंजाम दिया गया ऐसे में अब आतंकवादियों तथा उनकी सोच को समूह नष्ट किया जाना चाहिए। यह आलेख लिखते समय जानकारी मिली है कि अनुसार दो आतंकवादियों को सेवा के जवानों ने मार गिराया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस घटना की निंदा कर भारत को संपूर्ण समर्थन देने का वादा किया है दूसरी तरफ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एवं फ्रांस, कनाडा, इंग्लैंड एवं अन्य यूरोपीय देशों में भी भारत का समर्थन किया है। यह हमला भी ऐसे समय में किया गया है जब अमेरिका को राष्ट्रपति कई सामरिक तथा व्यापारिक अनुबंधों पर चर्चा एवं हस्ताक्षर करने चार दिन की यात्रा पर भारत पधारे हैं, इसके अलावा वक्फ बोर्ड पर मुसलमान लगातार हड़ताल कर रहे हैं साथ ही प्रधानमंत्री सऊदी अरब की 2 दिन की यात्रा पर हैं। यह ऐसे समय टीआरएफ ने जानबूझकर चुना जिसमें सरकार का ध्यान इन पर ना जा सके। प्रधानमंत्री मोदी अपनी सऊदी अरब की यात्रा को स्थगित कर वापस आ चुके हैं एवं जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों की हाई लेवल की बैठक भी जारी है। जांच एजेंसी के अनुसार या हमला पर्यटकों पर हाइब्रिड आतंकवादियों द्वारा किया गया हाइब्रिड आतंकवादी वे आतंकवादी है जो सामान्य रूप से इंजीनियर, डॉक्टर, मजदूर, कारीगर, पेंटर कुछ भी हो सकते हैं एवं इनको छुप कर हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी जाती है एवं मौका आने पर इनको हथियार उपलब्ध कराकर कराकर उनके आतंकवाद फैलाने का आदेश दिया जाता है यह हाइब्रिड आतंकवादी वारदात को अंजाम देकर फिर सामान्य जन जीवन में छुप जाते हैं जिनको चिन्हित करना तथा इनसे निपटना एक बड़ी समस्या है। वैसे अब टेक्नोक्रेट आतंकवादी भी कई तरह के आतंकवाद को जन्म दे रहे हैं यह आतंकवादी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर का कई तरह से आतंकवाद फैलाने में सफल हुए हैं।वैसे तो उग्रवाद, आतंकवाद और अतिवाद हमेशा से अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए खतरा बने हुए हैं' पहले यह आतंकवादी हाथों में बंदूक, ग्रेनेटो, रॉकेट लांचर लेकर विभिन्न देशों में तोड़फोड़ आगजनी और हत्या की घटनाएं किया करते थे' अब समय के परिवर्तन के साथ साथ आतंकवाद में अब इंटरनेट, मीडिया, सोशल मीडिया ने अपने पैर फैलाना शुरू किए हैं' आतंकवाद के नेटवर्क के लिए इंटरनेट तथा हार्डवेयर और स-ॉफ्टवेयर का आसानी से उपयोग करने लगे हैं' अमेरिका में जो ट्विन टावर और पेंटागन में हमले हुए थे, उसमें आधुनिकतम टेक्नोलॉजी का उपयोग कर लक्ष्य भेदी विमानों को को भेजा गया था और एक बड़ी विध्वंसकारी घटना को अंजाम दिया गया था। समय और तकनीकी शिक्षा के बढ़ने के साथ-साथ अब उग्रवादी तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर बड़े इंजीनियर तथा सॉफ्टवेयर इंजीनियर इस मैदान में आतंकवादियों के साथ टूट पड़े हैं। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स बड़े ही खतरनाक ढंग से सोशल मीडिया और इंटरनेट का इस्तेमाल कर जनता को दिग्भ्रमित कर झूठी अफवाहें फैलाकर कई देशों के सूचना तंत्र में सेंध लगाकर वहां की सूचनाएं प्राप्त कर अपने उग्रवादी साथियों को भेज कर खुफिया सूचनाएं भेजते हैं। आतंकवादी गतिविधियों के लिए यह सूचनाएं अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। और देशों की शांति के लिए बहुत बड़ा खतरा भी होती हैं। भारत के परिपेक्ष में भारत में बाहर के टेक्निकल शिक्षा प्राप्त किए आतंकवादी जिन्हे व्हाइट कॉलर आतंकवादी भी कहा जाता है। खुफिया तंत्र के हिसाब से यह तकनीकी स्लीपर सेल्स शांति के लिए अन्य आतंकवादियों से ज्यादा खतरनाक होते हैं। क्योंकि इनकी पहचान नहीं हो पाती है। ये छुपे हुए होते हैं। इनका पता लगाना अन्य आतंकवादियों से ज्यादा कठिन होता है और केवल तकनीकी जानकारी के आधार पर ही संभव हो पाता है। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स इसलिए भी ज्यादा विनाशकारी होते हैं, क्योंकि यह दूर ठिकानों में बैठकर मीडिया, सोशल मीडिया, इंटरनेट के जरिए युवाओं को उकसा कर, भड़का कर सांप्रदायिक दंगे कराने में सफल हो जाते हैं। लेकिन अब पहलगाम में 28 लोगों की हत्या के बाद भारत सरकार को तथा वैश्विक संगठनों को आतंकवाद को समूल रूप से नष्ट करने तथा इसके पान को कुचलना के लिए बहुत ही कठोर कदम उठाकर उनकी सहायता तथा हथियार एवं धन उपलब्ध कराने वालों को हाथों को ही काट दिया जाना चाहिए। अन्यथा यह आतंकवाद का नासूर पूरी दुनिया में कैंसर बनाकर फैल जाएगा और मानवता के लिए बहुत बड़ा खतरा बन सकता है।

# पहलगाम: संयम से हो प्रतिकार

आतंकी हमले ने जम्मू कश्मीर में पर्यटन को फिर से प्रभावित किया, सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण माहौल

जम्मू कश्मीर के सबसे लोकप्रिय पर्यटक स्थलों में से एक पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 लोगों को जान गंवानी पड़ी। यह केंद्र सरकार के लिए कई मोर्चों पर चुनौती के समान है। पहली चुनौती तो यही है कि हमले का तरीका यह संकेत देता है कि आतंकी और उनके समर्थक चाहते हैं कि पर्यटकों के दिलोदिमाग में भय पैदा कर दिया जाए। बीते कुछ वर्षों से जम्मू कश्मीर में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही थी।

2015 के 1.3 करोड़ से बढ़कर 2023 में वहां जाने वाले पर्यटकों की तादाद 2.1 करोड़ तक पहुंच गई थी। देश में यह भावना प्रबल हो चली थी कि कश्मीर में हालात सामान्य हो चुके हैं और अब घाटी में जाना सुरक्षित है। ऐसे में आतंकियों ने न केवल क्षेत्र की आर्थिक संभावनाओं को चोट पहुंचाई है बल्कि सामान्य होते हालात को भी एक बार फिर अस्तव्यस्त कर दिया है। यह इस क्षेत्र के लिए एक बड़ा झटका साबित हो सकता है और सरकार को कोशिश करनी चाहिए कि न्यूनतम क्षति हो।

सरकार के लिए दूसरी बड़ी चुनौती है हमले की समुचित जांच करना और इसके जिम्मेदारों को तलाश करना। इसके लिए भी इस क्षेत्र में खुफिया और सुरक्षा तंत्र की कमियों को दूर करना होगा।




एक तरह से देखें तो यह दशकों पुरानी समस्या है। उदाहरण के लिए पिछले साल ही आतंकियों ने कई हमले किए। उन्होंने एक पर्यटक जोड़े पर गोलीबारी की, तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर हमला किया जिसमें नौ लोगों की जान चली गई क्योंकि बस खाई में गिर गई थी।

एक सुरंग निर्माण स्थल के करीब उन्होंने गोलीबारी करके छह प्रवासी श्रमिकों और एक चिकित्सक की हत्या कर दी थी। इससे भी चिंताजनक बात यह है कि आतंकियों ने अपने पारंपरिक दायरे का विस्तार घाटी से जम्मू तक कर लिया। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक 2021 से 2024 के बीच जम्मू में 30 ऐसे हमले हुए जिनमें आतंकी शामिल थे। इनमें कई नागरिकों की मौत हुई।

कुछ घटनाओं के चलते पर्यटकों के उफान वाले सीजन में खतरे का आकलन बढ़ा हुआ होना चाहिए था। इनमें से कुछ अमेरिका के साथ हमारी रणनीतिक करीबी से जुड़ी हैं जिनसे पाकिस्तान नाखुश होगा। कनाडाई-अमेरिकी तहव्वुर राणा का अमेरिका द्वारा भारत प्रत्यर्पण भी ऐसा ही एक मामला है। भारत में उस पर 26/11 के आतंकी हमले लिए मुकदमा चलाया जाएगा। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा को भी उकसावे की एक वजह माना जा सकता है, खासकर यह देखते हुए कि वह वॉशिंगटन में असाधारण रूप से ताकत रखते हैं।

इसके अलावा पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने कुछ ही दिन पहले कहा था कि कश्मीर उनके देश की ह्यगर्दन की नसह्ल है। खुफिया एजेंसियों ने उनके बयान को आसन्न आतंकवादी हमले का संकेत माना। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की जरूरत थी। आखिर में, सोशल मीडिया और मुख्य धारा के मीडिया के माध्यम से जनता की नाराजगी को महसूस किया जा सकता है लेकिन सरकार को हालात से निपटने में संयम और तार्किकता से काम लेना चाहिए।

ऐसी खबरें आईं कि आतंकियों ने लोगों की धार्मिक पहचान की जांच करने के बाद उन पर हमला किया। ऐसे में यह महत्त्वपूर्ण है कि स-रकार किसी तरह का सांप्रदायिक तनाव नहीं भड़कने दे। देश में इस समय ऐसा कुछ नहीं होने देना चाहिए जिससे राज्य की शांति व्यवस्था नए सिरे से भंग हो जाए। हमले को लेकर विभिन्न मोर्चों पर नपीतुली प्रतिक्रिया देनी होगी। फिलहाल प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि क्षेत्र में हालात सामान्य किए जाएं और आतंकियों को जल्द से जल्द उनके अंजाम तक पहुंचाया जाए।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# पहलगाम आतंकी हमले के शहीद पर्यटकों को श्रद्धांजलि



**समाज जागरण**

नोएडा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले में निर्दोष हिंदू पर्यटकों और परिवारों की नृशंस हत्या ने पूरे देश को शोकसंतप्त कर दिया है। इन मासूमों की आत्मा की शांति हेतु एवं इस कायरतापूर्ण आतंकी कृत्य के विरोध में हिंदू सुरक्षा सेवा संघ द्वारा आज दिनांक 23 अप्रैल 2025 को सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर 41, नोएडा में कैंडल मार्च और शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

यह घटना न केवल मानवता पर हमला है, बल्कि देश की एकता और शांति पर भी गहरा प्रहार है। हमले के बाद पूरे देश में दहशत और आक्रोश का माहौल है। लोग अब पर्यटक स्थलों पर जाने से डरने लगे हैं, जो अत्यंत चिंता का विषय है और इसकी घोर निंदा की जानी चाहिए।

इस अवसर पर हिंदू सुरक्षा सेवा संघ व जीवन अर्पण सामाजिक सेवा जिला की अगुवाई में अनेक समाजसेवियों और कार्यकताओं ने भाग लिया। प्रमुख रूप से उपस्थित रहेः

दीपांशु शर्मा, अंकित नागर, सौरभ बैसोया, अमित मावी, किरण जी, अंकित गौतम, मोहित कुमार, मनीष पांडेय, नीरज चौधरी, मांगेराम नेता जी, अनमोल सहगल, हैप्पी पंडित, शिवम पाठक, निशु उपाध्याय, मनीष राणा, आर्यन शुक्ला आदि। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि ऐसे अमानवीय कृत्यों के विरुद्ध समाज को संगठित कर एक सशक्त प्रतिकार प्रस्तुत किया जाएगा।

# पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला पाकिस्तान को विश्व के मानचित्र से मिटाने से होगा पूरा - बी एन तिवारी

**समाज जागरण**

नई दिल्ली, अखिल भारत हिन्दू महासभा ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए हमले में मारे गए 27 हिंदुओं को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने राष्ट्रीय प्रवक्ता मदन लाल गुप्ता, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राजू पार्चा, महामंत्री शिवा गोस्वामी, बुराड़ी जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा और हिन्दू नेता शैलेंद्र कुमार के साथ एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि इस हमले के लिए पाकिस्तान उत्तरदायी है। उन्होंने भारत सरकार से आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए पाकिस्तान पर तत्काल सैन्य हमला करने की मांग की है।

हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में यह जानकारी दी। जारी बयान के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने वीडियो संदेश में कहा कि सन 1947 में देश विभाजन की कीमत हम अभी भी चुका रहे हैं। पाकिस्तान के अस्तित्व में आने के बाद से ही भारत इस्लामिक आतंकवाद की समस्या से जूझ रहा है। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद भारत की सबसे बड़ी समस्या रही है। भारत के लाखों निर्दोष हिन्दू नागरिक आतंकवाद के इस तांडव में मारे जा चुके हैं। आतंकवाद के तांडव में विश्व भर में मरने वाले नागरिकों में हिंदुओं की संख्या सर्वाधिक है। अब समय आ गया है कि भारत को इस्लामिक आतंकवाद से मुक्त करवाने के लिए पाकिस्तान का अस्तित्व विश्व के मानचित्र से मिटाना ही होगा। इसके लिए भारत सरकार तुरंत पाकिस्तान पर सैन्य हमला करे।

राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा धर्म, नाम और नग्न कर खतना नहीं होना देखने के बाद हिन्दू पहचान सत्यापित होने पर गोली मारकर हत्या करने की घटना मानवता के लिए शर्मनाक है। उन्होंने आतंकवादियों को गिरफ्तार करने की जगह देखते ही गोली मारने और उनका शव उसी स्थान पर 24 घंटे पेड़ पर लटकाने की मांग की, जिस स्थान पर 26 हिंदुओं की हत्या की गई। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों का शव पेड़ पर लटकाने से आतंकवाद को संदेश मिलेगा कि उनका भी यही हश्र होगा। ऐसा करने से आतंकवादियों के हौसले पस्त होंगे और आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने से पहले हजार बार सोचने पर विवश होंगे। उन्होंने कहा कि भारत की सनातन भूमि पर आतंकवाद के लिए कोई स्थान नहीं है। आतंकवाद सनातनियों के रक्त से भारत भूमि को रक्तरंजित कर रहा है। आतंकवाद के विरुद्ध लड़ने के लिए हिन्दू महासभा ने आम जनता से शस्त्र चलाना सीखने और शस्त्र रखने का आह्वान किया।

हिन्दू महासभा ने वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दस दिन के अंदर पाकिस्तान पर सैन्य हमला करने की मांग करते हुए कहा कि दस दिन बाद हिन्दू महासभा अपनी इस मांग को लेकर सड़कों पर आंदोलन शुरू करेगी।

## संस्कृत को जन-जन तक पहुंचाने का योगी सरकार का संकल्प हो रहा साकार

लखनऊ, 23 अप्रैलः संस्कृत को जन-जन तक पहुंचाने का योगी सरकार का संकल्प साकार हो रहा है। युवाओं व छात्रों में संस्कृत के प्रति अनुराग जागृत करने, संस्कृत के प्रचार-प्रसार, संवर्धन व संरक्षण के लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में युवा प्रतिभाओं को योगी सरकार फिर राज्य स्तर पर पहचान दिलाएगी। संस्कृत प्रतिभा खोज व संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहन वृत्ति के तहत युवाओं को इससे जोड़ा जाएगा। इसमें दो वर्ग कक्षा छह से 12 व स्नातक-स्नातकोत्तर के विद्यार्थी संस्कृत में अपना कौशल दिखा सकेंगे। जनपद से राज्य स्तर तक के युवाओं की होगी तलाश

# टीएमयू में विश्व पुस्तक दिवस पर प्रतिदिन किताबेंव पढ़ने का संकल्प

**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन के मार्गदर्शन में केंद्रीय पुस्तकालय की ओर से विश्व पुस्तक दिवस एवम् कॉपीराइट डे पर हर दिन कुछ पन्ने पढ़ने की शपथ ली, ताकि पढ़ने की आदत जीवनशैली का हिस्सा बन सके। शुभारंभ यूनिवर्सिटी की पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. विनीता जैन के स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने पुस्तकों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि डिजिटल युग में सूचना तक पहुँच आसान हो गई है, फिर भी पुस्तकों की मौलिकता, गहराई और विश्वासनीयता आज भी अद्वितीय है। इस मेडिकल कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रतिपाल सिंह मटरेजा और डॉ. मजहर मकसूद ने बुक्स डोनेट करने का ऐलान किया। विश्व




पुस्तक दिवस की स्थापना यूनेस्को ने वर्ष 1995 में की थी, ताकि विश्वभर में पुस्तकों के महत्व, पठन संस्कृति और बौद्धिक संपदा के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।

वक्ताओं ने कहा, पुस्तकें न केवल ज्ञान का भंडार हैं, बल्कि यह व्यक्ति के चिंतन, संवेदना और दृष्टिकोण को भी समृद्ध करती हैं। वक्ताओं ने कहा कि यूनिवर्सिटी पुस्तकालय निरंतर प्रयासरत है कि विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नवीनतम संसाधन, डिजिटल टूल्स और उत्कृष्ट सेवाएँ उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे पुस्तकालय की सेवाओं का अधिकतम उपयोग करें–केवल परीक्षा काल में ही नहीं, बल्कि अपने बौद्धिक एवं व्यक्तिगत विकास के लिए भी। साथ ही कॉपीराइट दिवस के महत्व पर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। समारोह में डॉ. संजीव कुमार, डॉ. आलोक कुमार गुप्ता, संजय शर्मा, हर्षित सिंह, राहुल कोहली, अंकित चौधरी, अविनाश सिंह आदि की उपस्थिति रही।

## पीओके में गरजेंगे राफेल 72 हूंरे के पास भेजेंगे आतंकवादियों को फौजी---दिनेश शर्मा फलाहारी बाबा

# (कश्मीर में तैनात करे विजय कुमार अयाज खान जैसे शिकारी अफसर )

**समाज जागरण**

नई दिल्ली 23 अप्रैल / श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के संस्थापक पिठाधीश्वर दिनेश शर्मा फलाहारी बाबा ने आज यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सबसे पहले कश्मीर में मदरसे बंद करे भारत सरकार : दिनेश फलाहारी

मोदी जी को लिखा पत्र, आतंकवादियों के लिए शरणस्थली बन चुके मदरसे, इन्हें तुरंत बंद किया जाए और उनकी जगह आधुनिक स्कूल कॉलेज होने चाहिए क्योंकि मदसे जेहाद फैलाने की भट्टी का काम कर रहे हैं श्रीकृष्ण जन्म भूमि मंदिर मस्जिद के केस के मुख्य पक्षकार दिनेश फलाहारी ने बयान दिया है कि कश्मीर से मदरसों को बंद कर देना चाहिए, क्योंकि कश्मीर में मदरसों में आतंकवादी शरण लेते हैं, मौलवी इनको पनाह देते हैं, वहां पर सभी मौलवियों की संपत्ति की जांच होनी चाहिए उन्होंने यह भी मांग की है कि जम्मू कश्मीर में पूर्व एडीजी विजय कुमार एवं




आतंकवादियों के कल माने जाने वाले अयाज खान को जम्मू कश्मीर में उनके ही जैसे जांबाज कमांडो की तैनाती की जाए क्योंकि जल्द ही हमारे बाबा अमरनाथ जी की यात्रा शुरू होने जा रही है इसीलिए जल्द से जल्द आतंकवाद और आतंकवादियों का सफाया किया जाना चाहिए और जितने भी मुस्लिम कट्टेबंधी नेता है उनकी संपत्ति की भी जांच होनी चाहिए, यह लोग आतंकवादियों से मिले हुए हैं और उनसे धन के लोग में आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दिलवाते हैं, भारत सरकार को सभी मदरसे बंद कर देना चाहिए, उन्होंने कहा कि आतंकवादी पाकिस्तान से आते हैं लेकिन कहां रुकते हैं, कहां ठहरते हैं, इन सभी पहलुओं की जांच होनी चाहिए, जब तक हिंदुस्तान में छुपे गद्दार मुस्लिम कट्टर पंथी नहीं मारे जाएंगे तब तक बाहर के आतंकवादी इस प्रकार घटनाओं को अंजाम देते रहेंगे, उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है हिंदुस्तान में छुपे गद्दारों को चुन चुन कर मारा जाए, फलाहारी बाबा ने कहा कि अब कहां मर गए वह भाईचारा निभाने वाले, अब क्यों नहीं बोल रहे सेकुलर का दुहाई देने वाले, भाईचारा निभाने वाले कट्टरपंथी मुस्लिम अपने घर की बहन बेटियों को अपनी बहन नहीं मानते तो हम लोगों को क्या बहन और भाई मानेंगे. भारत सरकार ने हजारों करोड़ों रुपए देकर राफेल खरीदे हैं अब समय आ गया है कि पाकिस्तान में आतंकवादी शिविरों में सर्जिकल स्ट्राइक कर देनी चाहिए, क्योंकि लातों के भूत बातों से नहीं मानते हैं. पंडित दिनेश फुलारी ने कहा कि देश में यदि कोई भी व्यक्ति पाकिस्तानी झंडा लहराता है या पाकिस्तान के गुणगान करता है तो कटटर पंथी व्यक्ति पर देशद्रोही की कार्यवाही करें या उस को पाकिस्तान भेज देना चाहिए. यह नया भारत है, आतंकवादियों को उसके देश में घुसकर मारेगा. दिनेश शर्मा बाबा फलाहारी महाराज ने देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी से मांग करते हुए पीओके पर दोबारा सर्जिकल स्ट्राइक करने की पुरजोर मांग की है पाकिस्तान को भी पता चलना चाहिए कि हमारे खरीदे हुए राफेल किस प्रकार पीओके और पाकिस्तान में तबाही मचा सकते हैं

## योगी सरकार की पहल से यूपी के स्कूली बच्चों ने गढ़ी हरियाली की नई परिभाषा, क्यूआर कोड और तकनीक से पेड़ों को दी पहचान

लखनऊ, 25 अप्रैल। पृथ्वी दिवस 2025 की गतिविधियों ने उत्तर प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक नई दिशा स्थापित की। योगी सरकार की पहल से बच्चों ने अपनी सक्रिय भागीदारी दिखाई और पर्यावरण को लेकर एक जिम्मेदार और जागरूक दृष्टिकोण अपनाया। क्यूआर कोड के माध्यम से पेड़ों को डिजिटल रूप से टैग किया गया, जिससे उनकी पहचान और उपयोगिता से जुड़ी जानकारी जन-जन तक पहुंची। यह कदम न केवल तकनीक के माध्यम से पेड़ों और पौधों की जानकारी देने का था, बल्कि इसके जरिए बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा और उसे लागू किया। पृथ्वी दिवस पर उत्तर प्रदेश में पर्यावरणीय जागरूकता की एक नई लहर उठी है।

# सुरक्षाकर्मियों की पहचान के लिए विशेष उपाय अपनाए जाएं : जूडिशियल कॉउन्सिल

नई दिल्ली : ( न्यूज वार्ता ) सुरक्षाकर्मियों की पहचान के लिए विशेष उपाय अपनाए जाएं : जूडिशियल कॉउन्सिल। जूडिशियल कॉउन्सिल के अध्यक्ष श्री राजीव अग्निहोत्री ने कहा पहलगाम कश्मीर में हुए कायराना हमले की जितनी निंदा की जाएं, उतनी कम है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी। सेना की वर्दी में आए दहशतगर्दों ने यह हमला किया फरवरी, 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद से जम्मू-कश्मीर में यह सबसे बड़ा घातक आतंकी हमला है ।

**प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ईमेल भेज कर श्री अग्निहोत्री नें लिखा ।**

पहलगाम के बैसरन में निर्दोष भारतीयों और विदेशियों की हत्या



को बहुत गंभीरता से लेने की जरूरत है, क्योंकि 26 लोगों की हत्या करने वाले आतंकवादी सैन्य पोशाक में थे। हाल के वर्षों में जम्मू-कश्मीर में नागरिकों पर यह सबसे बड़ा हमला है। यह मुद्दा बहुत गंभीर प्रकृति का है, आपसे अनुरोध है कि भविष्य में ऐसी किसी भी घटना से बचने के लिए जम्मू-कश्मीर क्षेत्र के वह इलाके जहाँ से घुसपेठ संभव है वहां की सुरक्षा बढ़ाई जाए , पुलिस बलों और खुफिया तंत्र को सतर्कता बरतने और इन क्षेत्रों में अधिक कर्मियों को तैनात करने की ज्यादा आवश्यकता है।

**इतना ही नहीं सुरक्षाकर्मियों कि पहचान के लिए विशेष उपाय अपनाए जाएं।**

श्री संजीव चौहान सदस्य मानवाधिकार जूडिशियल कॉउन्सिल ने कहा निर्दोष लोगों की हुई मौत बेहद दुःखद, दुर्भाग्यपूर्ण व अमानवीय है, सरकार को कठोर कार्रवाई के साथ साथ कर पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा , न्याय सुनिश्चित करना चाहिए।

दुःख की इस घड़ी में पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ और आतंकवादियों के खिलाफ एकजुट खड़ा है। सभी पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाए और सहानुभूति के साथ समस्त परिजनों को इस गहन दुःख को सहन करने हेतु ईश्वर शक्ति प्रदान करे उनके परिजनों को साहस दें।

# उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला संपन्न

**कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क, UPSDM पोर्टल प्रबंधन और प्रशिक्षण चक्र पर चर्चा हुई**

लखनऊ, 23 अप्रैल 2025 उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय "क्षमता संवर्धन कार्यशाला" का समापन आज लखनऊ के सेंट्रम होटल में हुआ। समापन सत्र को संबोधित करते हुए व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने कहा कि मिशन को उत्पादन-उन्मुख लक्ष्यों के साथ संचालित किया जा रहा है, ताकि युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुसार गुणवत्तापूर्ण और व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर राज्य के आर्थिक विकास में सहभागी बनाया जा सके।

डॉ. हरिओम ने कहा कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता में निरंतर सुधार करते हुए रणनीतिक योजना, नवाचार, तकनीकी समावेशन और जवाबदेही जैसे तत्वों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने मिशन के संचालन में सहयोग देने वाले जिला समन्वयकों, मंडलीय संयुक्त निदेशकों और सभी विभागीय अधिकारियों की सराहना की तथा कार्यशाला को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला के पहले सत्र में मिशन के संयुक्त निदेशक मयंक गंगवार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास के औपचारिक शिक्षा से एकीकरण की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नीति का उद्देश्य वर्ष 2025 तक 50 प्रतिशत छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ना है, जिससे उन्हें बाजारोन्मुख पाठ्यक्रम और गुणवत्तापूर्ण रोजगार मिल सके। उन्होंने



"नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क" की चर्चा करते हुए बताया कि यह एक समेकित ढांचा है, जिसमें राष्ट्रीय स्कूल शिक्षा योग्यता फ्रेमवर्क उच्चतर शिक्षा फ्रेमवर्क और राष्ट्रीय कौशल फ्रेमवर्क को समाहित किया गया है। इसके माध्यम से सभी स्तरों की शिक्षा को एकीकृत किया जा सकेगा। उन्होंने यह भी बताया कि UPSDM और राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद को अब ह्यअवार्डिंग बॉडीह्ल के रूप में मान्यता प्राप्त हो गई है, जिसके तहत प्रदेश की आवश्यकताओं के अनुरूप नए पाठ्यक्रम डिजाइन किए जा सकेंगे।

दूसरे सत्र में विजय नामदेव ने UPSDM पोर्टल के तकनीकी प्रबंधन पर प्रकाश डाला। राम सहारे, मोहित श्रीवास्तव और नितिन वर्मा ने प्रशिक्षण चक्र की तकनीकी बारीकियों को साझा किया।

इंडस्ट्री प्रैक्टिस पर टाटा टेक्नोलॉजी के सुशील कुमार ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यशाला के एक सत्र में साहित्यिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी शामिल रहीं। प्रसिद्ध शायर फैज खुमार बाराबंकवी और हास्य कवि विकास बौखल ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं का मनोरंजन किया। आयोजन में प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम की धर्मपत्नी एवं आयोजन की सह-संयोजिका श्रीमती मालविका हरिओम ने गीत प्रस्तुति से सभी को भाव-विभोर किया।

कार्यशाला के अंतिम सत्र में अतिरिक्त निदेशक एम.के. सिंह ने सभी प्रतिभागियों, वक्ताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यशाला को सार्थक एवं प्रेरक बताया।

# अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु समिति की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

**अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने पूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुना, मौके पर ही अधिकारियों को निस्तारण के दिए निर्देश**

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर 23 अप्रैल, 2025ः पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निस्तारण कराने एवं शासन द्वारा सैनिकों के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं का पात्र सैनिकों तक शत प्रतिशत लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आज मनीष कुमार वर्मा के निदेर्शों के क्रम में अपर जिलाधिकारी न्यायिक गौतम बुद्धनगर भैरपाल सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए पूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुना एवं मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्व सैनिकों के सम्मुख आ रही समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

इस महत्वपूर्ण बैठक में पूर्व सैनिकों ने अपर जिलाधिकारी न्यायिक को भूमि विकास, ग्राम की सड़कों की मरम्मत, जलभराव की समस्या, पुलिस, बैंक से ऋण, पेंशन, शिक्षा, आर्थिक अनुदान, रोजगार, स्वास्थ सेवाओं सम्बन्धी समस्या तथा अन्य समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि पूर्व सैनिकों की आज जो समस्या प्राप्त हुयी है, उनका निस्तारण समयबद्धता के आधार पर करते हुये रिपोर्ट आगामी बैठक में प्रस्तुत करेंगे।




अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा सैनिकों के हितार्थ जो जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है, उनका व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करते हुए पात्र सैनिकों तक शत प्रतिशत लाभ पहुंचाने की कार्रवाई करें, ताकि जनपद का कोई भी पात्र सैनिक योजनाओं के लाभ से वंचित ना रहे।

बैठक के उपरांत अपर जिलाधिकारी न्यायिक द्वारा पहलगांम में जान गवाने वाले पर्यटकों को श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी गौतम बुद्ध नगर कर्नल कपिल कत्याल( अ0प्रा0 ), रनशील डूडी व सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों एवं पूर्व सैनिक कल्याण समिति के पदाधिकारियों व पूर्व सैनिकों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध

# सामाजिक समरसता के लिए राम और रोटी का फामूर्ला भी बेहद प्रभावी

## सहभोजों के जरिये इसका सफल प्रयोग कर चुकी है गोरक्षपीठ

लखनऊ। जाति और ऊंच-नीच के आधार पर बहुसंख्यक समाज में विभाजन आज भी सच्चाई है। तभी तो आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने हाल ही एक कार्यक्रम में हिंदू समुदाय में जातीय भेदभाव समाप्त करने का जिक्र किया। इस सामाजिक समरसता के लिए उन्होंने "एक मंदिर, एक कुआं, और एक श्मशान" के सिद्धांत को अपनाने की अपील की है। समरसता का एक फॉमूर्ला और प्रभावी बन सकता है, वह फामूर्ला है समय समय पर सामूहिक भोज। दरअसल दिल और पेट का बहुत महत्वपूर्ण संबंध रहा है। साथ-साथ रोटी खाना दिली रिश्तों को बेहद अच्छी तरह से जोड़ता है। रोटी के इस रिश्ते को अगर राम से जोड़ दिया जाय तब तो और भी। यह खुद में प्रमाणित बात है। सामाजिक समरसता के लिए गोरखपुर स्थित गोरक्षपीठ इसका सफल प्रयोग कर चुकी है। यह प्रयोग आज भी पहले से कहीं और प्रासंगिक है।

उल्लेखनीय है कि गोरक्षपीठ उत्तरी भारत की प्रमुख धार्मिक पीठों में से एक है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस पीठ के पीठाधीश्वर भी हैं। उनके पूज्य गुरुदेव और राम मंदिर आंदोलन के शीर्षस्थ लोगों में शुमार ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ का पूरा जीवन सामाजिक समरसता के लिए समर्पित था। इसके लिए उन्होंने सहभोजों और मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को प्रभावी हथियार बनाया। यही वजह है कि अपने समय में वह सारे जातीय समीकरणों पर भारी रहे। अगर उनके शिष्य योगी आदित्यनाथ पूरे विश्वास से यह कहते हैं कि मैं कभी हारा नहीं तो उसके पीछे पीठ की सहभोजों के जरिये समाज को जोड़ने की यही परंपरा रही है।

काशी के डोम राजा के घर संतों के साथ भोजन कर अवेद्यनाथ ने पेश की थी मिसाल उल्लेखनीय है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ ने मीनाक्षीपुरम की धर्मांतरण की घटना के बाद काशी में डोमराजा के घर संतों के साथ भोजन कर मिसाल कायम किया था। फिर तो इसका सिलसिला ही चल निकला। अयोध्या में उनकी मौजूदगी में प्रतीकात्मक रूप से भूमि पूजन हुआ तो उनकी पहल पर पहली शिला रखने का अवसर 35 वर्षीय कामेश्वर चौपाल को मिला था। दलित समाज के एक व्यक्ति से ऐसा करवाकर उन्होंने पूरे समाज को सामाजिक समरसता का संदेश दिया। पटना के एक मंदिर में दलित पुजारी की नियुक्ति उनकी ही पहल से हुई।

सहभोज के साथ हर हिंदू के आराध्य और हर सनातनी के रोम-रोम में बसने वाले मयार्दा पुरुषोत्तम राम को उन्होंने सामाजिक समरसता के नायक के रूप में पेश किया। उनके हर संबोधन में वह पूरे प्रेम से शबरी के जूठी बेर खाने वाले, निषादराज को गले लगाने वाले, गिद्धराज जटायु के उद्धारक और कोल किरातों को खुद से जोड़ने वाले राम का उदाहरण जरूर देते थे। श्रीराम के इस उदात्त चरित्र के जरिये वह हिंदू समाज को सामाजिक समरसता का संदेश देते रहे। उनका कहना था कि समाज का विभाजन पाप है। अपने हितों के लिए इसको बढ़ावा देने वाले समाज के सबसे बड़े पापी हैं

**व्यस्तता के बावजूद योगी ने जारी रखा सहभोजों का सिलसिला**

मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भारी व्यस्तता के बावजूद योगी आदित्यनाथ को जब भी मौका मिलता है सहभोजों के इस सिलसिले को जारी रखते हैं। खिचड़ी के अलावा अन्य प्रमुख मौकों पर गोरखनाथ मंदिर में सहभोज होते रहते हैं। समाज को संदेश देने लिए निजी स्तर पर भी किसी दलित के यहां भोजन करते हैं। गोरखपुर में अमृत लाल भारती, अयोध्या में महाबीर और अमरोहा में प्रियंका (प्रधान) के घर भोजन करना इसका प्रमाण है। अपने गुरु की ही तरह बतौर सांसद वह भी गोरखपुर के नगवा गांव में एक दलित द्वारा बनवाए गए मंदिर की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे।

# गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी में सम्पन्न हुई प्राक्कलन समिति की प्रथम उप समिति की बैठक

**सभापति अमित अग्रवाल ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

गौतम बुद्ध नगर 23 अप्रैल, 2025ः उत्तर प्रदेश अठारहवीं विधान सभा की प्राक्कलन समिति (वर्ष 2024-25) की प्रथम उप समिति की बैठक आज गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के माननीय सभापति एवं मेरठ कैंट से विधायक अमित अग्रवाल ने की। बैठक में समिति सदस्य डॉ. मंजू शिवाच, रवेंद्र पाल सिंह, शाहिद मंजूर, एमएलसी श्रीचंद शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी तथा जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे तथा विभिन्न विभागों एवं प्राधिकरणों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक में परिवहन, चिकित्सा स्वास्थ्य, ऊर्जा, खाद्य एवं रसद, लोक निर्माण, नगर विकास, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास (यूपीडा, यमुनाएक्सप्रेसवे, नोएडा, ग्रेटर नोएडा), ग्राम्य विकास, पर्यटन, स्टांप एवं पंजीकरण, आवास एवं शहरी नियोजन, राज्य कर, समाज कल्याण एवं सिंचाई विभागों की योजनाओं और बजटीय प्रावधानों की गहन समीक्षा की गई।

परिवहन विभाग को डग्गामार बसों पर रोक लगाने और जनपद में सिटी बस सेवा प्रारंभ करने के निर्देश दिए गये। स्वास्थ्य विभाग को बजट के सापेक्ष व्यय में लापरवाही पर 15 दिन में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश तथा विद्युत विभाग को बड़े बकायेदारों से वसूली और हिंडन क्षेत्र में प्रीपेड मीटर लगाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही प्राधिकरण से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों की जो भी समस्या प्राधिकरण से संबंधित है उनके संज्ञान लेते हुए तत्काल उनके निस्तारण सुनिश्चित करायें।

माननीय सभापति ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़ी योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी और समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विकास कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और तत्परता पर विशेष बल दिया।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने समिति को आश्वस्त किया कि बैठक में दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन कराया जाएगा एवं अद्यतन रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाएगी।

बैठक के उपरांत माननीय सभापति द्वारा पहलगाम में जान गवाने वाले पर्यटकों को श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव, उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# देवी के विभिन्न स्वरूपों को संजोने वाली पुस्तक, सर्वेश्वरी का हुआ भव्य विमोचन

विश्वभर में चमकेगा सम्भल का सितारा : डॉ अरविन्द गुप्ता

सम्भल के कण-कण में गूंजेगा कल्कि-कल्कि : नंदलाल मणि त्रिपाठी

**दैनिक समाज जागरण**

संभल।हिन्दू जागृति मंच के बैनर तले इंडियन स्कॉलर एकेडमी में आयोजित काव्य संध्या के अवसर पर, साहित्यकार सविता चौरसिया द्वारा रचित पुस्तक "सर्वेश्वरी" का विमोचन बहुत ही धूमधाम से हुआ जिसका शुभारंभ डॉ० अरविंद गुप्ता, नन्दलाल मणि त्रिपाठी, अजय कुमार शर्मा एवं पूनम शुक्ला ने किया। इस अवसर पर सर्वेश्वरी पुस्तक की




रचनाकार सविता चौरसिया ने बताया कि माँ जगदम्बा मात्र संबोधन ही नहीं है अपितु यह नाम स्मरण करने मात्र से समस्त पापों को दूर करने वाला है। माँ आनंदमयी है, चैतन्यमयी है और परमेश्वरी है। उन्होंने आगे बताया कि इस पुस्तक में शिव-पार्वती का पूर्वबोध एवं विवाह, देवी के नौ रूप, माँ काली के अनंत रूप, माँ शक्ति के विवाह संबंधी वृतांत तथा शक्ति के विभिन्न विषयों का वर्णन है। अध्यक्षता कर रहे डॉ अरविंद गुप्ता ने कहा कि शासन और प्रशासन सम्भल के विकास हेतु संकल्पित हैं। जल्द ही इस कल्किनगरी संभल का नाम पूरे विश्व में जाना जाएगा। गोरखपुर से आए वरिष्ठ कवि नंदलाल मणि त्रिपाठी ने सम्भल पर अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि निकट भविष्य में इसी सम्भल के कण-कण में कल्कि-कल्कि गूंजेगा, क्योंकि संपूर्ण ब्रह्मांड भगवान कल्कि के अवतार हेतु प्रतीक्षा कर रहा है। रुड़की से उपस्थित व्यंग्य कवि शिवेश्वर पांडे ने सुनाया- "जब आप मंत्री बन जाएंगे। हम तभी आपको वोट देने जाएंगे।" बागपत से पधारे गीतकार श्रीपाल शर्मा ने पढ़ा- "यार तो सब पुराने हो गये,उनसे मिले जमाने हो गये। यादें किस्से पुराने हो गये, न मिलने के बहाने हो गये।"दीपक गोस्वामी चिराग, संदीप सचेत, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, अतुल कुमार शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, मनमोहन गुप्ता आदि कवियों ने अपनी अपनी कविताओं का कविता पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ अरविंद गुप्ता, अजय कुमार शर्मा एवं पूनम शुक्ला ने स्मृति-चिन्ह भेंटकर सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा उपयोगी पुस्तक सर्वेश्वरी का प्रकाशन कराने हेतु सविता चौरसिया का विशेष सम्मान किया। इस अवसर पर अमित शुक्ला, राकेश शर्मा, के के मिश्रा, विशेष शर्मा, प्रधानाचार्य शिवशंकर शर्मा, सुमंत शुक्ला, नवीन प्रकाश शर्मा, राधेश्याम शर्मा आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अरविन्द गुप्ता एवं संचालन अतुल कुमार शर्मा ने किया।

# करणी सेना ने पाकिस्तान आतंकबाद का फूंका पुतला

**दैनिक समाज जागरण /पबांसा**

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में ग्राम गुमसानी में आतंकवाद का पुतला दहन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष करणी सेना रितिक राजपूत ने किया। जिला अध्यक्ष करणी सेना के नेतृत्व में सैकड़ो युवाओं ने इकट्ठा होकर आतंकवाद के विरोध में प्रदर्शन कर आतंकवाद के विरोध में नारे लगाते हुए आतंकवाद का पुतला एवं भारत सरकार से आग्रह किया है कि देश में पल रहे आतंकवादियो शीघ्र खत्म किया जाए।जिला अध्यक्ष करणी सेना रितिक राजपूत ने कहा कि कश्मीर में आतंकियों द्वारा निहत्थे निर्दोष हिन्दुओं पर किया गया कायराना हमला निंदनीय है और इसका करणी सेना एवं पूरा समाज विरोध करता है। इस हमले के विरोध में देशभर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं और लोग आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं। जिला अध्यक्ष ने सरकार से मांग की है आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और देश में शांति और सुरक्षा बनाए



रखी जाए। रितिक राजपूत ने कहा है कि पहलगाम हुए आतंकी हमले में नाम,ओर धर्म पूछ कर हत्याएं की गई है ।लेकिन आज भारत में जातियों में लोग बटे हुए है । मारने बालों से ये नहीं पूछा गया कि ठाकुर, है, ब्राम्हण,हैं,पाल हैं,प्रजापति हैं,जाटव है यह नहीं पूछा गया ।सिर्फ हिंदू होने कर उनको मार दिया गया।

आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में हम सभी को एकजुट होना होगा और सरकार का साथ देना होगा। हमें अपने देश की सुरक्षा और शांति के लिए एक साथ खड़े होना होगा और आतंकवाद के खिलाफ लड़ना होगा। इस मौके पर मुख्य रूप से सोहित राघव,प्रशांत ठाकुर,हर्ष ठाकुर,मोहित राजपूत,रवि ठाकुर,राजीव कुमार, रवि पुंडीर,अतुल तोमर,पवन ठाकुर, अंकित सिंह,अंकित ठाकुर,चिराग ठाकुर,अविनाश पाल, विनीत पाल, प्रिंस ठाकुर, सुमित प्रजापति,सोनू ठाकुर, शिवम् प्रजापति, अमित प्रजापति, पुनीत प्रजापति,रितिक कुमार, सुनील ठाकुर,शिव पाल, आशीष प्रजापति, दिवाकर प्रजापति, कपिल पाल, सतवीर प्रजापति,सुनील ठाकुर,

# गन्ना क्रेशर पर खूनी बवाल लकड़ी के डंडों से हमला पुलिस ने बरामद किए डंडे

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

बिजनौर। थाना नगीना देहात क्षेत्र के कोटकादर गांव निवासी वाजिद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भतीजा फिरोज गन्ना तुलवाने के लिए क्रेशर पर गया था। इसी दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने पहले गाली-गलौज की और फिर उसके भाई कामिल और भतीजे फिरोज पर जानलेवा हमला बोल दिया। आरोप है कि ग्राम साबूवाला निवासी राहुल, अंकित, कोमल उर्फ



छोटू और शादीपुर कलां निवासी कपिल कुमार उर्फ खली ने मिलकर लकड़ी के डंडों से दोनों पर हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। घटना की जानकारी मिलते ही थाना नगीना देहात पुलिस सक्रिय हुई और चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से हमले में इस्तेमाल किए गए लकड़ी के डंडे भी बरामद किए गए हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक त्रिवेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल अंकित राघव, कांस्टेबल राजू सागर, विनय कुमार, नितिन और सुमित नैन शामिल रहे। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम द्वारा विदुर स्टोर का फीता काटकर उद्घाटन किया गया

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद दिनांक 23.4.2025 को विकासखंड नजीबाबाद के नगर पालिका परिषद नजीबाबाद अध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम खान द्वारा एक विदुर स्टोर का उद्घाटन कबाड़ी मार्केट हवेलीतला नजीबाबाद में किया गया जिसमें



चेयरमैन साहब ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदियों द्वारा बनाए गए सामान और कार्य कर रही दीदियों का हौसला अफजाई करते हुए एक बड़े स्तर पर खरीदारी भी की इसमें मौजूद राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदी एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे जिसमे राकेश जुनेजा शानू सैफी फैसल सोनी एवं विदुर स्टोर संचालिका शबाना मोनिका ललिता पूजा रुखसार डिम्पल रजनी पूनम सरिता जरिफन आदि मौजूद रही

# राजस्व वसूली के लक्ष्य को कार्य योजना बनाकर पूर्ण करें अधिकारी - अवनीश कुमार राय

डीएम ने की राजस्व व कर करेत्तर की समीक्षा

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूं। जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में बुधवार को जनपद के राजस्व व कर करेत्तर के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को राजस्व वसूली के लक्ष्य को कार्ययोजना बनाकर शत प्रतिशत प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी परस्पर विभागीय समन्वय के साथ राजस्व व कर करेत्तर के लक्ष्य को पूर्ण करें। उन्होंने निरीक्षण को बढ़ाने के लिए कहा।



उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली से प्राप्त धनराशि से विभिन्न विकास कार्य होते हैं जिसका सीधा लाभ आमजन को मिलता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व प्रशासन, सभी उप जिलाधिकारी व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# MRF सेंटर से चोरों ने उड़ाई ई-रिक्शा की बैटरियाँ, ग्राम प्रधान ने कराई रिपोर्ट दर्ज

**दैनिक समाज जागरण**

संभल।असमोली ग्राम पंचायत रामपुर उर्फ यारपुर थाना असमोली क्षेत्र में चोरी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने MRFसेंटर का ताला तोड़कर वहां खड़ी ई-रिक्शा से चार बैटरियाँ चुरा लीं। घटना 12 जनवरी 2025 की रात की बताई जा रही है, जब सेंटर पर कोई निगरानी नहीं थी। ग्राम प्रधान दिनेश कुमार कश्यप पुत्र सीताराम निवासी ग्राम रामपुर उर्फ यारपुर ने इस संबंध में थाना असमोली में लिखित तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि चोरों ने पहले MRF सेंटर का ताला तोड़ा और फिर ई-रिक्शा से बैटरियाँ निकालकर फरार हो गए।ग्राम प्रधान ने थानाध्यक्ष से मांग की है कि इस चोरी की घटना की जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। तहरीर में यह भी उल्लेख किया गया है कि चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और ग्रामीण रात्रि में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही ऐसी घटनाओं पर लगाम नहीं लगाई गई, तो चोरों के हौसले और बुलंद हो सकते हैं।

# शादी समारोह में मारपीट, दो आरोपी गिरफ्तार घटना में प्रयुक्त डंडे बरामद, पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम मसनपुर बसेड़ा निवासी मूला सिंह पुत्र हरवंशा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दिनांक 20 अप्रैल 2025 को एक शादी समारोह के दौरान ग्राम पानाहीमपुर के अरुण कुमार पुत्र सुरेश सिंह व देव कुमार पुत्र देवन सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनके पुत्र, भाई और भतीजे के साथ मारपीट की। आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर थाना नगीना देहात पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आज 22 अप्रैल को दोनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में



प्रयुक्त दो लकड़ी के डंडे भी बरामद किए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम और पते अरुण कुमार पुत्र सुरेश सिंह, निवासी ग्राम पानाहीमपुर, थाना नगीना देहात, जनपद बिजनौर देव कुमार पुत्र देवन सिंह, निवासी ग्राम पानाहीमपुर, थाना नगीना देहात, जनपद बिजनौर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उप निरीक्षक दीपक कुमार, हेड कांस्टेबल सलीम जावेद, कांस्टेबल आशीष धामा, कांस्टेबल विनोद कुमार पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# नगीना में सरकारी जमीन से चोरी, पुराने आदेश दिखाकर उठा ले गए तालाब की मिट्टी ।जिसे देख पूरे गाव में मचा हड़कंप

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

नगीना प्राप्त समाचार के अनुसार तहसील नगीना के ग्राम पंचायत की भूमि से अवैध रूप से मिट्टी उठाने का मामला सामने आया है। मामला तहसील नगीना के ग्राम हरगांव चाँदन का है जहाँ ग्राम प्रधान हाजी मोहम्मद इरफान के अनुसार आज सुबह अजीम और कुलदीप किशोर नामक व्यक्ति सरकारी आदेश का हवाला देते हुए ग्राम स्थित झील तालाब को इकसार करने की बात करते हुए अपना कार्य शुरू कर दिया। जिसके बाद जब ग्राम प्रधान और उनके परिजन ग्राम के एक विवाह समारोह में व्यस्त थे इसी बीच उन लोगो द्वारा जेसीबी मशीन से मिट्टी उठाकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर ले जाया जा रहा था। वहीं सूचना मिलते ही जब ग्रामवासीयो के साथ ग्राम प्रधान



मौके पर पहुँचे तो जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भाग खड़े हुए। इस मामले में मौके पर खड़ा एक युवक जो खुद को ठेकेदार बता रहा था उसके पास जो दस्तावेज थे वो साल 2024 के पुराने आदेश निकले - जो अब अमान्य माने जा रहे हैं। ग्राम प्रधान का आरोप है कि ये अवैध खनन तहसील प्रशासन की जानकारी के बिना किया जा रहा था।उन्होंने उपजिलाधिकारी से इस पर कड़ी कार्रवाई की माँग की है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।

# पीड़ितों को न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका - प्रवर्धन शर्मा

बिसौली में वरिष्ठ अधिवक्ताओं को किया गया सम्मानित

**आई एम खान/ दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार सक्सेना के सौजन्य से वरिष्ठ अधिवक्ताओं को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम राशि कृष्णा ने कहा कि अधिवक्ताओं की जो भी समस्याएं होंगी उनका हर संभव निस्तारण करने का प्रयास किया जाएगा। बुधवार को आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि एसडीएम राशि कृष्णा, एसडीएम न्यायिक प्रवर्धन शर्मा एवं तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने कार्यक्रम की शुरूआत की। एसडीएम न्यायिक प्रवर्धन शर्मा ने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने कहा की अधिवक्ता ही एक ऐसी सीढ़ी है, जिसके माध्यम से असहाय व्यक्तियों को न्याय मिल पाता है।




समस्त अधिवक्ताओं को न्याय के लिए लड़ना चाहिए, जिससे जनता का विश्वास अधिवक्ताओं पर बना रहे। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार सक्सेना, सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, श्याम सुंदर गुप्ता, रामपाल पाठक, समर सिंह, भेषज शरण शर्मा, प्रमोद सक्सेना, दिनेश कुमार सक्सेना, नरेश चंद्र पाराशरी, दिनेश चंद्र शर्मा, विचित्र पाल सिंह, त्रिलोकी नाथ गुप्ता, प्रेमपाल सिंह, रविंद्र सिंह पाल, रविंद्र कुमार मिश्रा, नरेंद्र पाल सिंह, नरेश चंद्र शर्मा, राजेश कुमार सक्सेना, वेदपाल सक्सेना, ठाकुर रामवीर सिंह, शिवशंकर पाठक, सुधाकर सक्सेना, प्रेमशंकर यादव, नंदकिशोर राणा, अनिल कुमार शर्मा, रामकरन सिंह, प्रेमशंकर भारती आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनूप शर्मा, नायब तहसीलदार गिरजा शंकर यादव, नायब तहसीलदार सृजन यादव, अल्ताफ हुसैन, अमरदीप मिश्रा, हृदेश शर्मा, कमल सक्सेना, अफजल खान, विजयभान सिंह, नवल किशोर शर्मा, भविष्य सिंह, आशा मिश्रा, अजीत यादव, प्रदीप सक्सेना, नितिन कुमार, प्रिंस सक्सेना, हरिओम शर्मा, सुरेन्द्र यादव, विदित मिश्रा, विवेक यादव, युधिष्ठिर यादव, योगेश यादव, मो. सलीम, अंशुल यादव आदि उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय समिति अभियोजन एवं जिला कारागार के कार्यों एवं पोस्टमार्टम के लिए संबंधित मासिक विवरण पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में NCORD की जिला स्तरीय समिति, अभियोजन एवं जिला कारागार के कार्यों एवं पोस्टमार्टम के लिए सम्बन्धित मासिक विवरण पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने निर्देश दिए कि हिस्ट्रीशीटर प्रकरणों में सही पैरवी की जाए और कोई भी मुजरिम सजा पाने से ना छूटे। उन्होंने निर्देश दिए कि पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरणों की पूर्ण गंभीरता और सजगता के साथ जांच कर आख्या प्रस्तुत करें ताकि पीड़िता को न्याय और दोषी को सजा मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि वादों के प्रकरणों के निस्तारण में अपेक्षित तेजी लाएं ताकि लम्बित प्रकरणों का निराकरण किया जाना सम्भव हो सके। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले के समस्त क्षेत्रों में एंटी नारकोटिक्स गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के लिए विशेष अभियान चलाएं और इस अभियान की स्वयं निगरानी करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि चैकिंग आदि के दौरान पकड़े गए मादक पदार्थों का विनष्टीकरण त्वरित रूप से कराना सुनिश्चित करें, जिससे उक्त मादक पदार्थों का दुरूपयोग होने की सम्भावना न रहे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नारकोटिक्स तथा मादक पदार्थों की तस्करी व अवैध व्यापार में संलिप्त संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए, उन पर सतर्क निगरानी रखी जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक शहरी संजीव बाजपेयी, अभियोजन अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी सहित सभी डीजीसी एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# पहलगाम में आतंकी हमला ये सिर्फ एक घटना नहीं देश की आत्मा पर हमला है - अरमान सैफी

बॉक्स - ये हमला मानवता पर हमला है, इंसानियत पर हमला है, इसका बदला जरूर ले सरकार...

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

दर्द, तड़प, बेचैनी, खौफ... जम्मू कश्मीर के पहलगाम के बैसारन वन क्षेत्र में हुए भयावह आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस पार्टी के बिजनौर सोशल मीडिया विभाग के जिला अध्यक्ष अरमान सैफी ने दुख जाहिर करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक घटना नहीं देश की आत्मा पर हमला है, आतंकियों ने प्लानिंग के साथ इस कायराना हरकत को अंजाम दिया, जिन्होंने मासूमों को धर्म पूछकर मारा है वो और उनके आका यह सुन ले की कोई धर्म ऐसी दरिंदगी की इजाजत नहीं देता है, अरमान सैफी ने कहा कि जब मैने वहां की खौफनाक घटना की वीडियो देखी तो मेरा दिल कांप उठा, जिसमें एक



पत्नी चीख चीख कर कहती है कि मेरे पति को मार दिया गया है, एक मां कहती है कि मेरे बच्चे को छोड़ दो, कई लोग अपने परिवार के साथ वहां पर पिकनिक मनाने गए हुए थे, कई कपल शादी के बाद घूमने वहां पर गए हुए थे, लेकिन उनके ऊपर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हमारे देश पर हमला किया गया है, मानवता पर हमला किया गया है, इंसानियत को खत्म करने वाला हमला किया गया है, अरमान सैफी ने सरकार से यह गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द उन आतंकवादियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए, इस हमले के पीछे जो कोई भी है उसके ऊपर इतनी सख्त कार्रवाई की जाए कि उनकी आने वाली नस्ल भी हिंदुस्तान के ऊपर उंगली उठाने पर भी कांप उठे। अरमान सैफी ने यह भी कहा कि इतनी बड़ी तैयारी के साथ आतंकी हमारे देश में दाखिल हुए और खुफिया एजेंसियों को फिर से कुछ क्यों पता नहीं चल सका, उन्होंने पुलवामा की तरह फिर से इस घटना को चूक बताया है उन्होंने कहा है कि इस पूरी घटना की भी बारीकी से जांच की जाए और जो कोई भी इस घटना में दोषी पाया जाए उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए साथ ही उन्होंने पहलगाम के इस हमले में मारे गए 28 लोगों के परिवार वालों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की और जो लोग इस हमले में घायल हुए हैं उनके शीघ्र ही स्वस्थ होने की अल्लाह से दुआ की।

# राज्य निगरानी समिति की सदस्य ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**आई एम खान/ दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूँ। सदस्य राज्य निगरानी समिति उत्तर प्रदेश शासन राधा वाल्मीकि ने बुधवार को जनपद का दौरा कर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्वच्छकारों को सुरक्षा किट एवं आधुनिक उपकरण उपलब्ध हो यह सुनिश्चित करने के लिए कहा। स्वच्छकार नियुक्ति एवं पुर्नशासन अधिनियम 2013 एम.एस. एक्ट के अन्तर्गत राज्य निगरानी समिति की सदस्य राधा वाल्मीकि ने कहा कि स्वच्छकारों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ उपलब्ध हो यह सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि एम.एस. एक्ट 2013 के अंतर्गत



जिला स्तर पर निगरानी समिति की नियमित बैठक की जाए। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम बदायूँ के सहायक प्रबंधक संतोष कुमार ने बताया कि वर्ष 2013 से 2017 तक जनपद में 3257 स्वच्छकार चिन्हित कर उन्हें केंद्र सरकार द्वारा 40 हजार रुपए प्रति स्वच्छकार की दर से धनराशि उपलब्ध कराई गई है। वर्तमान में जनपद में कोई भी सिर पर मैला ढोने व हाथ से उठाने वाले स्वच्छकार नहीं है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# बरेली - मथुरा राष्ट्रीय राजमार्ग बनने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा - अवनीश कुमार राय

डीएम ने किया बदायूं कासगंज नेशनल हाईवे का निरीक्षण

**आई एम खान/ दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूं। जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय ने बुधवार को प्रशासनिक व भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन.एच.ए.आई.) के अधिकारियों के साथ निमार्णाधीन बदायूं-कासगंज नेशनल हाईवे का निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल चौक व उझानी बाईपास में कराए जा रहे निर्माण कार्यों का मुआयना कर



गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उल्लेखनीय है कि बरेली से मथुरा तक का मार्ग अपग्रेड कर फोरलेन नेशनल हाईवे बनाया जा रहा है, जो कि चार पैकेज में बनाया जा रहा है। जिसमें प्रथम पैकेज मथुरा से हाथरस, द्वितीय पैकेज हाथरस से कासगंज, तृतीय पैकेज कासगंज से बदायूं तथा चौथा पैकेज बदायूं से बरेली का है। प्रथम पैकेज का निर्माण पी.एन.सी. इंफ्रा व अन्य द्वारा किया जा रहा है। द्वितीय व तृतीय पैकेज का निर्माण जी.आर. इन्फ्रा द्वारा किया जा रहा है तथा चतुर्थ पैकेज का निर्माण धारीवाल कंस्ट्रक्शन द्वारा किया जा रहा है। बदायूं से कासगंज मार्ग लगभग 56 किलोमीटर का है तथा बरेली से मथुरा मार्ग लगभग 200 किलोमीटर का है। जिलाधिकारी ने कहा कि बरेली मथुरा राष्ट्रीय राजमार्ग बन जाने से आमजन को सुविधा होगी और पर्यटन को बढ़ावा भी मिलेगा। उन्होंने प्रशासनिक व भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह नियमित रूप से कार्यों की समीक्षा, समय - समय पर स्थलीय निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण रूप से नेशनल हाईवे का निर्माण पूर्ण कराया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व वैभव शर्मा, एन.एच.ए.आई. के परियोजना निदेशक उत्कर्ष शुक्ला सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# नाली की निर्माण न होने से उत्पन्न समस्याओं को लेकर, अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता शिव प्रताप सिंह/ दैनिक समाज जागरण।**



ओबरा/ सोनभद्र। नगर पंचायत वार्ड 18 में नाली न बनने के कारण के एन सिंह के घर के सामने खाली पड़ी जमीन पर गंदा पानी भर गया है जिसके कारण यहां के रह वासियों के आसपास सभी जगह दुर्गंध एवं मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है इस समस्या के समाधान हेतु वार्ड 18 का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल अधिशासी अधिकारी मधुसूदन जायसवाल नगर पंचायत ओबरा कार्यालय पर पत्र देकर यह अनुरोध किया गया की यदि के० एन ०सिंह के घर के सामने खाली पड़ी जमीन के पानी के निकासी का प्रबंध नहीं किया गया तो घर के अंदर पानी भरना सुनिश्चित हो चुका है`पत्र देने के पश्चात तत्काल अधिशासी अधिकारी महोदय ने मनोज कुमार गुप्ता अवर अभियंता को निर्देशित किया कि तत्काल मौके का जांच पड़ताल कर जल के निकासी हेतु नाली का माप करके यथाशीघ्र कार्यालय में उपलब्ध कराये जिससे तत्काल टेंडर कर नाली का निर्माण कराया जा सके। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्रवण कुमार, वार्ड 18 के सभासद विकाश सिंह भी मौके पर पहुंच कर सारे स्थितियों से अवगत हुए तथा नाली के निर्माण हेतु नाली का मैप करवाया। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में इंटक के जिला अध्यक्ष हरदेव नारायण तिवारी, के एन सिंह, विजयकांत दुबे, धनंजय कुमार, अजय राय, संतोष कुमार केसरी, रवी प्रकाश, विद्यासागर, दिव्य प्रकाश केसरी, प्यारेलाल मौर्य, शैलेंद्र कुमार सिंह आदि रहे

# पाक्सो एक्ट: दोषी अखिलेश भारती को 20 वर्ष की कठोर कैद

- 51 हजार रुपए अर्थदंड, न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी
- अर्थदंड की धनराशि में से 40 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी
- 7 माह पूर्व 8 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म का मामला



**विनोद कुमार सिंह दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। 7 माह पूर्व 8 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी अखिलेश भारती को 20 वर्ष की कठोर कैद एवं 51 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 40 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक दुद्धी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 2 सितंबर 2024 को दुद्धी थाने में दी तहरीर मे अवगत कराया था कि उसकी 8 वर्षीय नाबालिक बेटी एक सितंबर 2024 को दोपहर 2:30 बजे घर से 100 मीटर दूर स्थित महुआ के पेड़ के नीचे एक लड़के के साथ गोटी खेल रही थी। जहां पर अखिलेश भारती पुत्र रामखेलावन राम निवासी दिघुल, थाना दुद्धी, जिला सोनभद्र आ गया और लड़के को भगा दिया। उसकी नाबालिग बेटी का हाथ पकड़कर अपने चाचा के घर ले गया और जबरन बेटी के साथ दुष्कर्म किया। वह रोती चिल्लाती रही, लेकिन वह नहीं माना। बेटी ने बताया कि कहीं सूचना देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दिया था। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 9 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी अखिलेश भारती को 20 वर्ष की कठोर कैद एवं 51 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 40 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगा। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्किल पिपरी का किया गया अर्दली रूम, त्वरित निस्तारण हेतु दिये निर्देश।

**संवाददाता मु० हफीज फुलील/ दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह द्वारा सर्किल पिपरी के थाना पिपरी एवं थाना अनपरा पर अर्दली रूम किया गया। अर्दली रूम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना पिपरी एवं थाना अनपरा पर लम्बित विवेचनाओं के सन्बंध में विस्तृत रूप से वार्ता करते हुये लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु सम्बंधित विवेचकों को निर्देशित किया गया साथ ही जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जाँच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, रात्रि में चौराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, थाने के मालों का निस्तारण तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही वर्तमान समय में शासन एवं उच्चाधिकारीगण द्वारा जारी आदेशों एवं अभियानों के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# भिखारी बाबा आश्रम में कराई गई 20 निर्धन कन्याओं की शादी

## समाजसेवा करने वाली 51 महिलाओं को किया गया सम्मानित

- नौ दिवसीय विराट रुद्र महायज्ञ की एडीएम के जरिए हुई पूणार्हुति
- विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण
- रामगढ़ स्थित भिखारी बाबा आश्रम पर हुआ कार्यक्रम

**संवाददाता आर० के० सोनी/ दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। रामगढ़ स्थित भिखारी बाबा आश्रम में चल रहे नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ की जहां बुधवार को पूणार्हुति हुई, वहीं 20 निर्धन कन्याओं की शादी भी कराई गई। एडीएम सहदेव मिश्रा द्वारा 51 महिलाओं को सम्मानित किया गया। विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम के आयोजक/ संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि मणिराम छावनी रामजन्मभूमि अयोध्या के महंत कमल नयन दास जी महाराज के आशीर्वाद से नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ एवं 18 निर्धन कन्याओं का शुभ विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आचार्यगण राजेश कुमार तिवारी, योगेश तिवारी, गिरीश पाठक, रेवती तिवारी एवं राजेश कुमार पाठक द्वारा विराट रूद्र महायज्ञ की पूणार्हुति एवं 20 निर्धन कन्याओं की शादी संपन्न कराई गई।

उन्होंने यह भी बताया कि मुख्य अतिथि एडीएम सहदेव मिश्रा द्वारा समाजसेवा कर रही 51 महिलाओं को सम्मानित किया गया। नगवां ब्लाक प्रमुख प्रवीण कुमार सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष रॉबर्ट्सगंज रूबी प्रसाद, पुष्पा सिंह, कुसुम शर्मा, संदीप सिंह चंदेल आदि प्रमुख लोग विवाह के साक्षी रहे। यह कार्यक्रम भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट एवं शिव शक्ति महिला मंडल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया है।

उन्होंने यह भी बताया कि एनटीपीसी बीजपुर की ओर से निर्धन कन्याओं के लिए 101 सिलाई मशीन उपलब्ध करा दी गई है। जिसमें महाकुंभ प्रयागराज में 83 कन्याओं की शादी संपन्न हुई थी उन कन्याओं को भी सिलाई मशीन दी गई। लैंको पावर प्लांट की ओर से ड्रम सेट बर्तन, छात्र शक्ति के उमाशंकर सिंह की ओर से बेटियों को अटैची, वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र बहादुर सिंह (जेबी सिंह उर्फ राय साहब) द्वारा बेटियों के लिए कलश, जीयर स्वामी बक्सर की ओर से वर के लिए घड़ी उपलब्ध कराई गई है।शिव शक्ति महिला मंडल की संरक्षिका सुशीला पाठक द्वारा वर के लिए गमछा व वधुओं के लिए चूड़ा दिया गया। समाजसेवी जय प्रकाश केशरी द्वारा बेटियों को पायल, हरीश अग्रवाल द्वारा बेटियों को कंबल, अनिल सिंह द्वारा गदा, अतुल पांडेय द्वारा दान उपलब्ध करा दिया गया है।




आचार्य रेवती तिवारी, संरक्षक राजेश कुमार पाठक, सालिक राम साहू, संरक्षिका सुशीला पाठक, महामंत्री चिंता मौर्य, संरक्षिका विमला देवी, अध्यक्ष किरन मोदनवाल, खुशबू मौर्या, उदय मौर्य, साध्वी कृष्णावती, संगीता, दीनदयाल केसरी, मनोज केसरी, अजय कुमार सिंह, परमानंद मौर्य, श्री राम, गुप्तेश्वर, शिवकुमार केशरी, राममूरत गुप्ता, भरत सिंह कुशवाहा, शिवशंकर, मुन्ना बाबा,कालो देवी, हीरा सिंह, सुभराम आदि लोग मौजूद रहे।

# अभियंता संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए इ. अदालत वर्मा

## अभियंता संघ के क्षेत्र सचिव एवं विद्युत कर्मियों द्वारा पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण**



अनपरा/ सोनभद्र। आज इ अदालत वर्मा को अभियंता संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष (ओबरा /पिपरी क्षेत्र ) निर्वाचित होने के अवसर पर अभियंता संघ के क्षेत्र सचिव एवं विद्युत कर्मियों के द्वारा पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया वहीं दूसरी ओर इ अदालत वर्मा के नेतृत्व मे अभियंता संघ के पदाधिकारी, सदस्यों एवं विद्युत कर्मियों ने परियोजना प्रबंधन ने शिष्टाचार भेंट की अनपरा तापीय परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक इ जे पी कटियार जी ने अदालत वर्मा जी को बधाई दी, इ वर्मा जी ने विद्युत कर्मियों के प्रति परियोजना प्रबंधन का ध्यानाकृष्ट कराया और उत्पादन मे क्षेत्र मे विद्युत कर्मी अपना पूर्ण मनोयोग देंगे इसका पूर्ण भरोसा दिलाया भेंट क्रम मे महप्रबंधक प्रशासन इ निखिल चतुवेर्दी,इ मधु मुख्यरैया महा प्रबंधक, महाप्रबंधक इ विजय बहादुर चौधरी द ताप से भेंट की गयी कार्यक्रम मे मुख्य रूप से इ गजेंद्र कुमार,इ कर्मेन्द्र सिंह, इ मनोज यादव, इ पवन तिवारी, इ उमेश चंद्र पाण्डेय, इ संदीप कुमार रजक, इ मो फैज, इ बी आर पटेल, इ रामदरश राम, इ राम प्यारे, इ राम ज्ञान सिंह,इ सुभाष पटेल, इ दिनेश शंकर द्विवेदी, इ शैलेश यादव, इ आतिश पटेल, इ रोहित राय,इ संदीप भारती इ अभय कुमार, इ राजेश पाण्डेय, इ विष्णु देव झा, इ धर्मेंद्र कुमार सिंह, इ विजय दत्त ध्यानी, प्रशांत उपाध्याय, महबूब अहमद, विजय सिंह इत्यादि कई अभियंता व विद्युत कर्मी उपस्थित रहे।

# बंद पड़ी पत्थर खदान में अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से, क्षेत्र में फैली सनसनी

**संवाददाता शिव प्रताप सिंह। दैनिक समाज जागरण**



ओबरा/ सोनभद्र। स्थानीय शारदा मंदिर के समीप बिल्ली स्टेशन के पीछे देशी शराब भट्टी क्षेत्र में स्थित एक बंद पड़ी 100 फीट गहरी खदान में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। आसपास के निवासियों द्वारा दी गई सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला।

शव पर कई चोटों के निशान पाए गए हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शव कम से कम 24 घंटे से पानी में तैर रहा था। मृतक काले रंग का पेंट और नीली शर्ट पहने हुए था।

पुलिस ने आसपास के लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। तलाशी के दौरान मृतक की जेब से एक मोबाइल फोन और तंबाकू बरामद हुआ है। मृतक की अनुमानित आयु 40 से 42 वर्ष के बीच बताई जा रही है।स्थानीय लोगों ने खदानों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि खनन कंपनियों को खदान आवंटित करने के बाद उन्हें नियमानुसार भरना होता है, लेकिन यह प्रक्रिया केवल कागजों तक ही सीमित रहती है। बंद पड़ी खदानों के किनारों पर न तो कोई बाउंड्री वॉल बनाई जाती है और न ही कोई सुरक्षा घेराव किया जाता है, जिसके कारण आए दिन इस प्रकार के दुखद हादसे सामने आ रहे हैं।

गौरतलब है कि सोनभद्र जिले से सरकार को भारी मात्रा में राजस्व प्राप्त होता है, फिर भी बंद पड़ी खदानों की सुरक्षा को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। अब यह एक बड़ा प्रश्न है कि इन लगातार हो रहे हादसों का जिम्मेदार कौन है और कब प्रशासन इस दिशा में ठोस कदम उठाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है और मृतक की पहचान करने के प्रयास जारी हैं।

# अधिवक्ता पुत्र के हत्यारोपी को जल्द गिरफ्तार करे पुलिस--राकेश शरण मिश्र

## मुख्यमंत्री व प्रदेश के उच्चाधिकारियों को लिखा पत्र

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ दैनिक समाज जागरण**



सोंनभद्र। वाराणसी के अधिवक्ता कैलाश चंद्र वर्मा के युवा पुत्र की मंगलवार को गोली मारकर हत्या किए जाने की सूचना पर वाराणसी सहित प्रदेश भर के अधिवक्ता एवम अधिवक्ता संघों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

घटना की जानकारी होते ही संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एवम प्रदेश के पुलिस उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर हत्यारोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कठोर कारवाई करने एवम घटना की जांच किसी ईमानदार पुलिस अधिकारी से करने की मांग की है । महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने इस संबंध में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को पत्र लिखकर हत्या में संलिप्त अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने व उनके विरुद्ध कठोर कारवाई करने की माँग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि प्रदेश में आए दिन अधिवक्ताओ एवम अधिवक्ता परिवार पर हो रहे प्राणघातक हमले से अधिवक्ताओ में भय ब्याप्त हो गया है और आए दिन होने वाले हमले इस बात का प्रमाण है कि अपराधियों के अंदर उत्तर प्रदेश की पुलिस का कोई खौफ नही रह गया है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने माननीय मुख्यमंत्री जी से माँग किया है कि इस घटना की उच्चस्तरीय जांच करवाकर घटना में संलिप्त अपराधियो को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कारवाई करें अन्यथा प्रदेश के अधिवक्ताओ को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा, महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

**समाज जागरण/ विनोद कुमार सिंह।**



सोनभद्र। शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति (फेज-05) अभियान के तहत अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियों स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देश के क्रम में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूलों/कॉलेजों, मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया । साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें जिससे समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

# अनियंत्रित टैंपो पलटने से एक व्यक्ति की मौत, दो गंभीर घायल

**संवाददाता शिव प्रताप सिंह/ दैनिक समाज जागरण।**

ओबरा/ सोनभद्र। ओबरा क्षेत्र के ग्राम परसोई में अनियंत्रित होकर टैंपो पलटने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिसकी मौत कि सूचना मिलने पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गाय को बचाने के चक्कर में टैंपो पलटी मृतक अपने परिवार के साथ आधार कार्ड अपडेट कराने गया था। शाम को ओबरा से लौटते समय पिपरा गांव उसी समय परसोई के बीच रास्ते में टैम्पो पलट गई। जिसमें मृतक की पत्नी और बच्चे भी टैंपो में मौजूद थे मृतक गांव पिपरा थाना जुगैल का निवासी बताया जा रहा है। रामसुरज 38 वर्ष पुत्र स्वर्गीय रामसुभग निवासी ग्राम जुगैल के पिपरा घायल कौशिल पत्नी रामसुरज 32 वर्ष पुत्री सुमन 5 वर्ष, घायलों का इलाज जिलाअस्पताल लोढी में चल रहा है सूचना के बाद ओबरा पुलिस पहुंच कर पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा गया।



# जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में, आतंकी हमले में मारे गए निदोर्षों को दी गई श्रद्धांजलि

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र की एक बैठक डी बी ए सभागार में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए निदोर्षों को श्रद्धांजलि




दी गई, इस अवसर पर महामंत्री प्रदीप कुमार मौर्य एड ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ नृशंस आतंकी हमला अत्यंत निंदनीय एवं संतापजनक है। यह हमला देश की एकता व अखंडता पर प्रहार करने का दुःसाहस है। सभी राजनीतिक दल व संस्थाओं को सारे मतभेदों से ऊपर उठकर इसकी भर्त्सना करनी चाहिए। सरकार सभी पीड़ितों व उनके परिवारों की सहायता की आवश्यक व्यवस्था करे। तथा ईट का जवाब पत्थर से देना चाहिए! पूर्व महामंत्री अतुल प्रताप पटेल एड ने कहा कि यह कायराना हमला केवल निर्दोष लोगों पर ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, शांति और मानवता के मूल्यों पर भी सीधा हमला है।हम सब अधिवक्तागण की ओर से मै शोकसंतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ। युवा अधिवक्ता राजेश यादव ने की सरकार सो रही हैं घर में घुसकर मार दिया देश की सरकार को घुसकर मारना चहिए यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी !

शोक सभा संचालन अधिवक्ता कुमारी आकृति निर्भया ने किया! इस अवसर पर रमेश चंद्र सिंह, राजेश मौर्य, कृष्णानंद सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह, इंद्रजीत पटेल, शाहनवाज खान, म सेहेंद्र कुमार आर्य, अभिषेक सिंह मौर्य, राकेश कुमार पटेल, शैलेंद्र कुमार सिंह, सचिन पटेल, कैलाश यादव उपस्थित रहें।

# पहलगाम आतंकी घटना के विरोध में, शिक्षकों ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता अरुण पांडेय गुरूजी/ दैनिक समाज जागरण**

घोरावल/ सोनभद्र। कश्मीर के पहलगाम में घटित आतंकवादी घटना के विरोध में ब्लॉक संसाधन केंद्र घोरावल पर शिक्षकों ने मृतकों के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। साथ ही इस तरह की आतंकी घटनाओं



का पुरजोर विरोध किया। आक्रोशित शिक्षकों ने इस तरह की आतंकी घटनाएं हमारा देश बर्दाश्त नहीं करेगा। सभी राजनीतिक पार्टियों से शिक्षक समाज अनुरोध करता है कि सभी पार्टिया एक होकर और इस तरह की आतंकवादी घटना का मुंहतोड़ जवाब दें, तभी सभी मृतको को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी घोरावल अशोक कुमार सिंह, प्रभाशंकर मिश्र, अखिलेश सिंह दिनेश मिश्रा शिव शंकर, रजनीश श्रीवास्तव संजय मिश्रा दिवाकर तिवारी समेत कई शिक्षक उपस्थित रहे।

# हत्या के दोषी राजेश्वर कनौजिया को उम्रकैद

**समाज जागरण/ शिव प्रताप सिंह**

सोनभद्र। पांच वर्ष पूर्व फावड़ा से प्रहार कर हुई कुबेर प्रसाद की हत्या के मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम जीतेंद्र कुमार द्विवेदी की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी राजेश्वर कनौजिया उर्फ बटेशर को आजीवन कारावास व 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी।



अभियोजन पक्ष के मुताबिक पंकज कुमार पुत्र कुबेर प्रसाद निवासी रामगढ़ दक्षिण टोला, थाना कोन, जिला सोनभद्र ने 12 अप्रैल 2020 को कोन थानाध्यक्ष को दी तहरीर में अवगत कराया था कि वह अपने पापा कुबेर प्रसाद के साथ शाम 7:30 बजे खेत से लौट रहा था तभी लड़की भगाने की पुरानी बात को लेकर अपने चाचा के ललकारने पर राजेश्वर कनौजिया उर्फ बटेशर पुत्र भदई निवासी रामगढ़ दक्षिण टोला, थाना कोन, जिला सोनभद्र ने उसके पिता कुबेर प्रसाद को फावड़ा से प्रहार कर हत्या कर दिया। इस तहरीर पर पुलिस ने हत्या की एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। घटना स्थल से कुबेर प्रसाद का शव बरामद कर पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विवेचना के दौरान विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी राजेश्वर कनौजिया उर्फ बटेशर को आजीवन कारावास व 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता विनोद कुमार पाठक ने बहस की।

# दुद्धी व सिविल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने पहलगाम आतंकी हमले में मृतकों के लिए की शोक सभा

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। दुद्धी बार एसोसिएशन व सिविल बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में अधिवक्ताओं ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में कायराना आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मृत्यु कों लेकर अधिवक्ताओं ने शोक सभा का आयोजन कर मृत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। इस मौके पर दुद्धी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेमचंद यादव एडवोकेट, सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णुकांत तिवारी एडवोकेट, नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रभु सिंह एडवोकेट, कुलभूषण पांडेय एडवोकेट, सचिव राकेश कुमार गुप्ता एडवोकेट, अरुणोदय जौहरी एडवोकेट, सुखसागर एडवोकेट, जीवन राम चन्द्रवंशी एडवोकेट, दिनेश कुमार गुप्ता एडवोकेट, आदर्श कुमार जायसवाल एडवोकेट, जितेंद्र तिवारी एडवोकेट, अवधेश कुमार शर्मा, विनोद वर्मा, आशीष गुप्ता एडवोकेट, अजय रत्नेंद्र जायसवाल, राजीव रंजन जौहरी एडवोकेट, पवन चौबे एडवोकेट आदि सैकड़ो अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

# पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में देशभर में आक्रोश, आतंकवाद का फूंका पुतला

## राष्ट्र जागरण युवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के नाम खून से पत्र लिखा

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के जिला अनंतनाग के पहलगाम स्थित बसैरन क्षेत्र में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। इस भीषण हमले में लगभग दो दर्जन से ज्यादा लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आतंकियों ने इस हमले को अंजाम देने के दौरान निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया, जिससे पूरे देश में गुस्से की लहर दौड़ गई है, और 24 अप्रैल को बरेली बंद रखने का आव्हान किया है।

हमले की खबर फैलते ही देशभर में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया। राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और आम जनता ने इस नृशंस घटना की कड़ी निंदा की है। बरेली में राष्ट्र जागरण युवा संगठन, नाथ नगरी सुरक्षा समूह और अन्य कई हिंदू संगठनों ने संयुक्त रूप से विरोध प्रदर्शन कर आतंकवाद का पुतला दहन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान भारी संख्या में लोग एकत्रित हुए और आतंकवाद मुदार्बाद के नारे लगाए।

राष्ट्र जागरण युवा संगठन के अमित भारद्वाज, नंदू तोमर और सदस्यों ने अपने खून से ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

प्रदेश अध्यक्ष नन्दू सिंह ने कहा कि साथियों पहलगाम में हुआ हमला देश पर हमला है ,इसका उत्तर भी ऐसा होना चाहिए जो दुनिया में नजीर बन जाए ।बिना किसी किन्तु -परन्तु के दुष्ट दलन हो, चाहे वे इस पार वाले हों या उस पार वाले, हमारे उत्तर की गूँज विश्व भर में जानी चाहिए, इस से कम कुछ भी स्वीकार्य नहीं होगा राष्ट्र को।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित भारद्वाज ने कहा कि पहलगाम की घटना बहुत ही दर्दनाक और शर्मनाक है।आतंकवादियों का कोई धर्म या पंथ नहीं होता।राष्ट्र जागरण युवा संगठन इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करता



है तथा विश्व के सभी उत्पीड़ित लोगों के प्रति अपना समर्थन तथा उत्पीड़कों के प्रति अपनी घृणा व्यक्त करता है। राष्ट्र जागरण युवा संगठन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपील की है की आतंकवादी हमले का मुहतोड़ कार्यवाही करें । इसे इस्लामिक आतंकवाद की भयावह तस्वीर करार दिया है उनका कहना था कि हमले के दौरान आतंकियों ने धर्म पूछकर, कपड़े उतरवाकर लोगों की पहचान की और फिर हत्या की जो कि एक गहरी साजिश और मजहबी नफरत का संकेत है। संगठन का कहना है कि जम्मू कश्मीर में हिंदुओं का नाम पूछ पूछ कर उनकी हत्या की गई है। ऐसी कायराना हरकत का जवाब ऐसा हो कि इनकी 7 पुश्तें भी याद रखे।

**योगी सरोजनाथ ने मुसलमानों की नागरिकता खत्म करने की मांग की**

प्रदर्शन में आए योगी सरोजनाथ ने मांग की है कि मुसलमानों की नागरिकता खत्म की जाए। उन्होंने कहा यदि किसी मुसलमान के एक से ज्यादा बच्चे हो तो उसे जेल में डाल दिया जाए। उन्होंने कहा मैं अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दामोदर पार्क में 28 अप्रैल से आमरण अनशन पर बैठने जा रहा हु। जब तक मेरी मांग नहीं मानी जाएगी तब तक मेरा आमरण अनशन जारी रहेगा। और 24 अप्रैल को बरेली बंद रखने का आव्हान किया है।

इस मौके पर अमित भारद्वाज, नंदू सिंह तोमर, सौरभ शर्मा, मनजीत नागपाल, सतीश अग्रवाल, पप्पू मौर्य, सानू काजमी, बेबी शर्मा, प्रियंका कपूर, हिना भोजवानी, गिरीश कपूर , आशीष, धर्मेंद्र सक्सेना, दुर्गेश गुप्ता, सुरेश रस्तोगी, सुदेश अग्रवाल, लवलीन कपूर, रोहिताश कुमार, केशव सिंह, अमन सक्सैना, छेदा लाल, अभिषेक, गौतम कश्यप,रोहित राकेश, गोपाल शर्मा, योगी सरोज नाथ आदि मौजूद रहे।

**पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध श्री हरि मंदिर बरेली में श्रद्धांजलि सभा**

श्रीहरि मंदिर मॉडल टाउन बरेली में हिंदुओं पर पहलगाम में हुए आतंकी हमले की घोर निंदा की गई। हरि मंदिर प्रबंध समिति के सदस्यों ने रवि छाबड़ा ,सुशील अरोरा, अश्विनी ओबेरॉय,संजय आनंद,गोविंद तनेजा,रंजन कुमार, योगेश ग्रोवर आदि ने श्रंद्धाजलि दी।मंदिर समिति सचिव रवि छाबड़ा ने बताया कि एक शोक सभा मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई ,जिसमें महिला मंडल की महिला सदस्यों ने इस आतंकी हमले में मारे गए हिंदुओं को श्रद्धांजलि देने हेतु 2 मिनट का मौन धारण किया एवं ठाकुर जी से प्रार्थना की सभी दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दें। सचिव रवि छाबड़ा ने इस भीषण आतंकी हमले की घोर निंदा की जिसमें काफी लोगों की जाने जली गई और काफी लोग घायल भी हो गए।


**आज बरेली बन्द रहेगा**

# गालो मुस्कुरालो वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एक ऑनलाइन शोकसभा का किया आयोजन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली । जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में एक हृदय विदारक आतंकी हमले में 28 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी गई। इस बर्बर हमले में आतंकियों ने लोगों से उनका नाम पूछकर, पहचान के आधार पर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। यह हमला न केवल मानवता के खिलाफ है, बल्कि देश की एकता और अखंडता को चुनौती देने वाला कृत्य है। इस दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे देश को गहरे शोक और आक्रोश में डाल दिया है। इस भयावह घटना की कड़ी निंदा करते हुए आज गालो मुस्कुरालो वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एक ऑनलाइन शोकसभा का आयोजन किया गया, जिसमें दो मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई।

इस मौन श्रद्धांजलि में गालो मुस्कुरालो वेलफेयर सोसाइटी के सभी सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे अध्यक्ष अशोक सक्सेना ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद और निंदनीय है। उन्होंने आतंकवाद के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का



समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कल से अमरनाथ यात्रा शुरू हो रही है प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से अनुरोध है कि अमरनाथ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी जाए ताकि श्रद्धालुओं को आतंकवाद से बचाया जा सके।

सचिव अरुण शर्मा ने कहा कि यह श्रद्धांजलि सभा न केवल पीड़ितों के प्रति संवेदना का प्रतीक थी, बल्कि यह भी संदेश थी कि आतंक के खिलाफ देश एकजुट है, और किसी भी कीमत पर मानवता की हत्या बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि वह तीन दिन तक किसी भी प्रकार का ऑनलाइन या ऑफलाइन गायन का प्रोग्राम ना करें। सभी ने एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए देशवासियों से शांति और एकता बनाए रखने की अपील की।

इस श्रद्धांजलि सभा में कोषाध्यक्ष सत्य प्रकाश ओबेराय, मिडिया प्रभारी विजय शर्मा , बेबी शर्मा,कंचन शर्मा ,कैलाश चंद्र शर्मा , नागेश अग्रवाल,बिपिन मेहरा,विकास जोहरी ,आरती अग्रवाल ,किरण पाठक,आदि सदस्य मौजूद रहे।

# पहलगाम हमला पुलवामा 2.0', आतंकी हमले पर भड़की पूर्व सांसद : शैला अहमद

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली / मुंबई। पहलगाम में हुए आतंकी हमले को पूर्व सांसद शैला अहमद ने इसे पुलवामा 2.0 करार दिया है। उन्होंने पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद को कुचलने के लिए निर्णायक इजरायली शैली की प्रतिक्रिया का आह्वान किया है। पूर्व सांसद ने कहा कि हमले में सीधे तौर पर पाकिस्तान की संलिप्तता है। उन्होंने कहा कि यह हमला पूर्व नियोजित था और इसमें सीधे तौर पर पाकिस्तान की संलिप्तता है मोदी जी को पाकिस्तान को करारा जवाब देनी चाहिए ।मैं मानती हु कि यह महज संयोग नहीं है। अभी दो दिन पहले ही पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने भड़काऊ बयान दिया था और अब यह हमला हुआ है। यह स्पष्ट रूप से एक निर्देशित ऑपरेशन था।उन्होंने हमले और हमास नेता की हाल ही में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर



(पीओके) की यात्रा के बीच संबंध का आरोप लगाया और इसे 'एक अच्छी तरह से शोध किया गया और पूर्व नियोजित हमला' कहा। उन्होंने जोर देकर कहा, 'हमारी प्रतिक्रिया इजरायल की तरह होनी चाहिए। पाकिस्तान को यह हमेशा याद रखना चाहिए। पाकिस्तानी सेना की रीढ़ तोड़ दी जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहले से ही संकट का नेतृत्व कर रहे हैं। पूर्व सांसद ने कहा, 'गृह मंत्री कल से ही स्थिति का आकलन करने के लिए मौके पर हैं। वह जल्द ही सभी एजेंसियों को निर्देश देंगे। मेरा मानना है कि भारत तैयार है।' हमले के जवाब में, जम्मू-कश्मीर के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा काफी बढ़ा दी गई है।

# पुलवामा जैसे हमलों पर अब हो निर्णायक कार्रवाई

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली । शहीदों की याद और आतंकियों की बर्बरता के खिलाफ देशभर में आक्रोश की लहर के बीच बरेली से एक भावुक अपील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजी गई है। यह अपील श्री शिरडी साईं सेवा ट्रस्ट के संरक्षक महंत पंडित सुशील कुमार पाठक द्वारा लिखी गई है, जिसमें हालिया पहलगाम जैसी आतंकी घटनाओं पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।



महंत पाठक ने प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए कहा कि देश का हर देशभक्त नागरिक इन घटनाओं से आहत और क्रोधित है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि जब निर्दोष नागरिकों को धार्मिक पहचान के आधार पर निशाना बनाया जाता है, तो यह केवल आतंकवाद नहीं बल्कि मानवता पर सीधा प्रहार होता है।पत्र में उन्होंने यह भी लिखा कि–"आज देश का खून खौल रहा है और हर भारतीय के मन में बदले की आग है। हमें अब ऐसी शक्तियों को उन्हीं की भाषा में जवाब देना होगा।"

महंत सुशील पाठक ने प्रधानमंत्री मोदी से उम्मीद जताई है कि वह आतंकियों और उनके संरक्षकों पर ऐसी सख्त कार्रवाई करेंगे जिससे भविष्य में कोई भी ऐसी कायराना हरकत करने से पहले सौ बार सोचे। उन्होंने आतंकियों को हरे-भरे मैदानों में निदोर्षों की हत्या करने वालों को "अधर्मी" कहा और उनकी नृशंसता को अक्षम्य बताया।

इस पत्र में पहलगाम में मारे गए 28 लोगों के परिवारों के दुःख, दर्द और बदले की भावना को भी दशार्या गया है। महंत पाठक ने इस घटना में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। पत्र के अंत में उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि इन आतंकियों के विरुद्ध ऐसी कार्यवाही की जाए जो इतिहास में मिसाल बने।

# शुरू हुआ गला घोटूँ व टिटेनस खिलाफ टीकाकरण अभियान

## अभियान चलाकर बच्चों को लगाया जायेगा टीडी का टीका

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली । जनपद में 24 अप्रैल से 10 मई के मध्य सभी ब्लाक एवं शहरी क्षेत्रों में स्कूल आधारित टिटेनस डिप्थीरिया(टीडी) टीकाकरण अभियान चलाया जायेगा जिसके तहत कक्षा पांच (10 साल के बच्चे) तथा कक्षा 10 (16 साल के बच्चे) के बच्चों का टीकाकरण किया जायेगा।

मुख्या चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि डिप्थीरिया जिसे गलघोंटू भी कहते हैं यह संक्रामक बीमारी है जो कि बैक्टीरिया के कारण होती है । इसलिए सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों में अभियान चलाकर बच्चों को टीका लगाया जायेगा।

इस इस सम्बन्ध में शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार सभी तैयारिया कर ली गयी हैं। इस अभियान में शिक्षा विभाग सहयोग कर रहा है इसको लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी किया जा चुका है। इसके साथ ही



आशा कार्यकर्ता और एएनएम को भी निर्देश दिए गये हैं कि शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर टीडी टीकाकरण से पहले अभिभावकों को मोबिलाइज करें। इसके अलावा टीकाकरण के बाद यदि कोई प्रतिकूल प्रतिक्रिया होती है तो उसके प्रबन्धन का इंतजाम भी टीकाकरण स्थल पर किया गया है।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.प्रशांत रंजन ने बताया कि अभियान के दौरान सभी विद्यालयों में कक्षा पांच में पढ़ने वाले बच्चों का टीडी-10 का और कक्षा 10 के बच्चों को टीडी-16 का टीका लगाया जायेगा। कुल 2,967 विद्यालय के कक्षा 5 के 46, 359 व कक्षा 10 के 50, 713 बच्चों को टीडी के टीके से आच्छादित किये जाने का लक्ष्य है। डिप्थीरिया का बैक्टीरिया नाक और गले की श्लेष्मा झिल्ली को प्रभावित करता है। संक्रमण के दो से चार दिनों के बाद ही इसके लक्षण दिखाई देने लगते हैं। यह बीमारी बच्चों को ही नहीं वयस्कों को भी प्रभावित करती है।

# अविनाश सिंह ने संभाला बरेली के जिलाधिकारी का कार्यभार, कानून व्यवस्था और जनसुनवाई पर विशेष जोर

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। नवनियुक्त जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर बरेली के नए जिलाधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के साथ ही उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि कानून एवं व्यवस्था से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बर्दाश्त की जाएगी और जीरो टॉलरेंस की नीति पर सख्ती से अमल किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की सभी कल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से लागू करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि सीएम डैशबोर्ड पर जिले की स्थिति अच्छी है, लेकिन राजस्व संबंधी कार्यों को और अधिक गति देने की आवश्यकता है।

**शासन की योजनाओं के जमीन पर उतरने पर जोर**

**जन समस्याओं के त्वरित समाधान** के उद्देश्य से उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के सभी अधिकारी प्रतिदिन सुबह 10 से 12 बजे तक अपने कार्यालयों में बैठकर जनसुनवाई करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया



जाए कि शिकायतों पर सिर्फ औपचारिकता न निभाई जाए, बल्कि समस्या के समाधान की पुष्टि भी संबंधित शिकायतकर्ता से की जाए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सप्ताह में कम से कम तीन दिन फील्ड विजिट करें, ताकि विकास योजनाएं धरातल पर उतर सकें और आम जनता को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

**महिलाओं और गरीब परिवारों को मिलेगा विशेष लाभ**

अविनाश सिंह ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे लोगों की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर सीडीओ जग प्रवेश, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष बहादुर सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला और मुख्य कोषाधिकारी शैलेश कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# प्राइवेट हॉस्पिटलों की मनमानी के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) का अभियान

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली । भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) ने प्राइवेट हॉस्पिटलों द्वारा मरीजों के शोषण के खिलाफ उत्तर प्रदेश में व्यापक अभियान शुरू किया है। इस



क्रम में आज बरेली सहित प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर जिलाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। यूनियन ने प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित इस ज्ञापन में प्राइवेट हॉस्पिटलों की मनमानी पर अंकुश लगाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि आयुष्मान कार्ड जैसी कल्याणकारी योजना के बावजूद निजी अस्पताल इसका लाभ मरीजों को नहीं दे रहे। यूनियन ने मांग की कि सभी प्राइवेट हॉस्पिटलों में आयुष्मान कार्ड अनिवार्य रूप से लागू हो और गैर-अनुपालन पर कठोर कार्रवाई हो। इसके अलावा, हेल्थ इंश्योरेंस के बावजूद अतिरिक्त शुल्क वसूलने, डॉक्टरों की फीस और अस्पताल सेवाओं के लिए सरकारी मानक तय करने, और आपात स्थिति में बिना अग्रिम भुगतान के इलाज सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। यूनियन ने निजी मेडिकल स्टोरों और जांच एजेंसियों की लूट पर रोक लगाने, साथ ही आईसीयू में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग भी की ताकि मरीजों की स्थिति पर नजर रखी जा सके।

यूनियन का मानना है कि समान और निशुल्क चिकित्सा व शिक्षा से देश में 90% भ्रष्टाचार खत्म हो सकता है। उन्होंने सरकार से इस दिशा में सख्त कानून बनाने की अपील की, ताकि मरीजों का शोषण रुके। यूनियन ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर कार्रवाई करेंगे, जिससे आंदोलन की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

# हम धर्म की रक्षा करेंगे, तो धर्म हमारी रक्षा करेगा : आचार्य श्याम बिहारी चतुर्वेदी

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली । जनकपुरी स्थित हर मिलाप शिव शक्ति मंदिर में चल रही, श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस मे, वृंदावन धाम से पधारे आचार्य श्याम बिहारी चतुर्वेदी ने, बताया की धर्मो रक्षति रक्षितः यदि हम धर्म की रक्षा करेंगे, तो धर्म हमारी रक्षा करेगा, इस कथा को सुनते हुए उन्होंने बताया की कंस के आतंक से, प्रत्येक मथुरा का वासी दुखी था, लेकिन धर्म कमजोर होने के कारण कंस का कुछ भी बिगाड़ नहीं पाते थे, एक दिन नारद जी ने, भगवान श्री कृष्ण से जाकर कहां प्रभु आप इस ब्रजमंडल में आए हैं, भक्तों की रक्षा के लिए, लेकिन कभी अपने भक्तों की सुध नहीं ली, उस कंस के आतंक से सभी मथुरा के वासी दुखी हैं, उसका आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ ही रहा है, उसके भय से पूजा नही कर पाते, और ना ही कोई अपने यहां धार्मिक आयोजन कर पाते है, इसलिए आप ही रक्षा करें, प्रभु आप उस कंस को शीघ्र मार डाले, ताकि मथुरा के वासी सुखी हो जाए, नारद जी की बात को सुनकर के भगवान ने कहा, नारद कंस ने जो पाप किये, उसका फल अवश्य मिलेगा, परसों कंस को हम मार देंगे, मथुरा के आतंक को समूल नष्ट कर देंगे, अक्रूर के साथ कृष्ण बलराम मथुरा पहुचें ,मथुरा नगरी की भ्रमण किया ग्वालों के साथ, अक्रू के साथ , मार्ग मे कपड़ा रंगने वाले उसका वध किया, इसके बाद कुवल्यापीड हाथी का वध किया, धनुष यज्ञ भंग किया,पहलवानो का वध किया, महाराज कंस को बाल पकड़ कर घसीट करके रंगशाला में पटक दिया, और भगवान तीनों लोकों का भार लेकर के कंस की छाती पर कूदे हैं, के भाव विभोर हो गये, उसके बाद रुक्मणी कृष्ण के विवाह को बड़े धूमधाम के साथ में, आचार्य जी ने अपने शब्दों के माध्यम से प्रकट करके बताया कि, भगवान श्री कृष्ण का विवाह रुक्मणी के साथ में हुआ था, भगवान का विवाह तीन प्रकार से हुआ था, एक तो राक्षस विधि जो की हरण करके ले गए थे, दूसरा



जिससे कंस का वध हो गया, कंस के मरने के बाद मथुरा के जितने भी बासी हैं ,आज कंस के आतंक से निजात पाकर के उन्होंने खुशी व्यक्त की है ,और उन्होंने भगवान को स्मरण करके नाचने गाने लगे, भावपूर्ण भजन जगदीश भाटिया ने गाया भजन,, तेरी बंदगी से पहले मुझे कौन जानता था, भजन को सुनकर गंधर्व पद्धति जो की पत्र पहले पहुंच गया, तीसरा सभी की सम्मति से शास्त्र पद्धति से हुआ , विवाह में नृत्य गायन वादन किया इस मौके पर, सुनील कुमार मिश्रा,कौस्तुभ, अमित,शिल्पा,राजेन्द्र प्रसाद, निशा,अक्षय दीक्षित,शैलेश कुमार पांडेय, मिथिलेश दीक्षित आदि ।

# भाजपा कार्यालय पर जम्मू कश्मीर (पहलगाम) मे हुई दुर्भाग्य पूर्ण घटना को लेकर की गई श्रद्धांजलि सभा

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली । भाजपा कार्यालय पर जम्मू कश्मीर (पहलगाम) मे हुई दुर्भाग्य पूर्ण घटना को लेकर बरेली जिला, महानगर जिला व आँवला जिला द्वारा संयुक्त रूप से श्रद्धांजलि सभा की गई। इस दुर्भाग्य पूर्ण घटना के लिए भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा अपने संगठन के सभी कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, वाला जिला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, महापौर डॉक्टर उमेश गौतम, परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य, गुलशन आनंद, रवि रस्तोगी,राम गोपाल मिश्रा, सभी ने अपने सम्बोधन में पहलगाम में हुई इस घटना को कायरतापूर्ण बताया। और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूरे भारत के आम जनमानस का विश्वास है। बहुत जल्द इस कृत्य



को करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। कल हुई इस घटना मे मृतको को पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया।

श्रद्धांजलि सभा में देवेन्द्र जोशी, विष्णु शर्मा, प्रभु दयाल लोधी, प्रतेश पांडे, तृप्ति गुप्ता, बंटी ठाकुर, अंकित शुक्ला, मेघनाथ सिंह कठेरिया डॉ निर्भय गुर्जर वीरपाल गंगवार राहुल साहू अंकित शुक्ला, अभय सिंह, विशाल मल्होत्रा, हरेंद्र पटेल,राजू उपाध्याय, अरविंद चौहान, अजय प्रताप सिंह, अजय प्रताप सिंह, विष्णु अग्रवाल, डॉ विमल भारद्वाज, कन्हैया राजपूत, नरेंद्र मौर्या, राजीव कश्यप, जेपीएस पाल, शिखा मल्होत्रा, पार्षद अरविंद वर्मा, हरिशंकर लोधी, विवेक पटेल, बबलू पटेल, अभिषेक बंटी,चंद्र प्रकाश, बनवारी लाल शर्मा, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रूपापुर बडेपुरा के कोल्ड स्टोर में भीषण आग, लाखों का नुकसान

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली । बुधवार जनपद बरेली के इज्जत नगर थाना क्षेत्र के ग्राम रूपापुर बडेपुरा में आज एक बड़ा हादसा सामने आया। गाँव स्थित एक कोल्ड स्टोर में शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर से ही दिखाई दे रहा था, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास में जुट गईं। इज्जत नगर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। जो स्थिति को नियंत्रित करने और आसपास के लोगों को सुरक्षित रखने में मदद कर रही है। आग लगने के कारणों का अभी तक आधिकारिक तौर पर पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शॉर्ट सर्किट को आग लगने की वजह बताया जा रहा है। आग इतनी



तेजी से फैली कि कोल्ड स्टोर में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सदर भी मौके पर पहुंच गए हैं और राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा ले रहे हैं। फायर ब्रिगेड की टीमें लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही हैं, फिलहाल, आग से किसी जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है, लेकिन कोल्ड स्टोर मालिक को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं और आग पूरी तरह से बुझने के बाद नुकसान का आकलन किया जाएगा। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है और लोग कोल्ड स्टोर मालिक के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। आगे की जानकारी के लिए बने रहिए।

# भोजूबीर - सिंधोरा मार्ग पर शव रख ग्रामीणों ने किया चक्का जाम, हत्यारोपी को फांसी देने की मांग

**तहसील से लेकर गांव तक दिखा शोक का माहौल,लोगों ने नम आंखों से दी विदाई**

**पिंडरा तहसील में जुलूस निकालकर आरोपित को फांसी देने की मांग**

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल पिंडरा।**



पिंडरा तहसील के वकीलों ने साथी के पुत्र की हत्या से काफी आक्रोशित दिखे और जुलूस निकाल कर आक्रोश जताया। वही हेमंत का शव गांव पहुचते ही लोगो ने शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया। वही श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लग गया। सैकड़ो की संख्या में जुटे ग्रामीणों में गुस्सा दिखा। पिंडरा तहसील बार एसोसिएशन की बैठक लाइब्रेरी भवन में हुई। जिसमें अधिवक्ता पुत्र की गोली मारकर हत्या करने के निंदा करते हुए आरोपितों के फांसी देने की मांग की गई। ततपश्चात बार एसोसिएशन के बैनर तले जुटे वकील जुलूस के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुचे और प्रदेश मुख्यमंत्री को सम्बोधित पत्रक में मृतक के परिजनों को एक करोड़ की मुआवजा राशि देने,आरोपितों के बचाव करने वाले दरोगा के खिलाफ कार्रवाई करने तथा आरोपितों को तत्काल फांसी देने की मांग की। हत्या के विरोध में वकील न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस दौरान बार अध्यक्ष कृपाशंकर पटेल, महामंत्री सुधीर कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष शिवपूजन सिंह, जवाहरलाल वर्मा, प्रितराज माथुर, श्याम शंकर सिंह, अंकित मिश्रा, रामभरत यादव, संजय दुबे, आशुतोष सिंह, सतीश पांडेय, अमर सिंह, नवीन सिंह, राजू सिंह, आलोक दूबे, श्याम मोहन उपाध्याय, दीपक सैनी, अजय गुप्ता, छोटेलाल, राजेश पटेल, , कृष्ण कुमार चौहान समेत अनेक अधिवक्ता रहे। वही सायँ साढ़े 5 बजे के लगभग शव के गांव पहुचते ही कोहराम मच गया। शव को ग्रामीण भोजूबीर - सिंधोरा मार्ग पर मरुई चौराहे पर रखकर चक्का जाम कर दिया। 15 मिनट तक चक्का जाम के दौरान मृतक के पिता व परिजन चक्का जाम कर रहे लोगों को समझा कर जाम समाप्त कराया। वही परिवार को रोते बिलखते देख लोगो के आंखों में आंसू आ जा रहे थे। भाई व बहन पछाड़े मारकर रो रहे थे। माता आशा देवी तो रोते रोते बेहोश हो जा रही थी। पिता गुमसुम पुत्र को निहारते रहे। जिन्हें लोग ढाढ़स बांधते दिखे। अंतिम शव यात्रा में दर्जनो अधिवक्ता, जनप्रतिनिधि और सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। अंतिम संस्कार मणिकर्णिका घाट पर हुई। मुखाग्नि पिता कैलाश वर्मा ने दी।

# पशुओं को (हीट स्ट्रोक) लू से बचाव हेतु सीधे धूप वाले स्थान पर न बांधने ,ताजा पानी छाँव में रखने का दिया निर्देश

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसीः इस भीषण गर्मी में तेज धूप व लू से बचाव हेतु पशुपालक पशुओं को टीनशेड,छप्पर, पेड़ के नीचे बांधें ।ऊपर व चारों ओर जूट के बोरे या फिर हरे परदे लटका कर रखें। इस बाबत पशुचिकित्साधिकारी हरहुआ डॉ0 आशीष कुमार वर्मा ने आयर व कुरौली गौशाला के केयरटेकर को निर्देश देते हुए कहा। साथ ही गर्मी व लू से पशुओं को बचाव हेतु पेड़ के नीचे,टीनशेड या छप्पर में बांधें ।साथ ही जूट के बोरे घेर दें ।सुबह 10 बजे से 4.30 बजे तक सूर्य के ताप से बचायें ।ताजा पानी व तरल पदार्थ पिलायें ।संतुलित आहार पशुओं को खली,चुनी,चोकर,दाना को बढ़ाकर दें। नमक और गुड़ पशुओं को देने की सलाह दी।। यदि तेज बुखार या अन्य कोई लक्षण दिखाई दे तो तुरन्त पानी ,एलेक्ट्राल, ओआरएस पिलाएं।अपने निकटतम पशुचिकित्सालय, पशुसेवा केन्द्र या टोल फ्री नं 1962 पर सूचित करें। सचिव व प्रधान के माध्यम से ब्लाक कार्यालय को भी अवगत कराएं।




# ब्लाक टास्क फोर्स बैठक में टेटनस,डिप्थीरिया (टीडी) अभियान पर सम्पन्न हुयी बैठक

***नियमित टीकाकरण के सभी सत्रो व इनकार वाले बच्चों पर हुई चर्चा।**

**समाज जागरण अनिल कुमार**




हरहुआ वाराणसी टीडी अभियान के लिए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संतोष कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी हरहुआ डॉ0 संतोष कुमार ने बताया कि 24 अप्रैल से 10 मई तक चलने वाले टेटनस और डिप्थीरिया टीकाकरण अभियान विकास खण्ड के सरकारी, गैरसरकारी 232 विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 5 के 7381 एवं कक्षा 10 के 6108 बच्चों में टीकाकरण किया जायेगा। साथ ही साथ नियमित टीकाकरण के सभी सत्रों पर गर्भवती महिलाओं की जांच पर चर्चा एवं टीकाकरण से इनकार करने वाले बच्चों के टीकाकरण करने के संबंध में विस्तार से विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी हरहुआ , स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, अपर शोध अधिकारी, आईसीडीएस से मुख्य सेविका , डब्लूएचओ के ब्लॉक मॉनिटर संतोष उपाध्याय सूरत प्रसाद प्रतिरक्षण अधिकारी ,फार्मासिस्ट राकेश कुमार,संदीप भारती, पंकज सिंह कार्यालय सहायक उपस्थित रहे।

# स्टेट क्वालिटी मॉनिटर मनरेगा ने हरहुआ ब्लाक के तीन ग्राम पंचायतों के कार्यो किया सत्यापन,नवनिर्मित भवन की कराई नापी

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी स्टेट क्वालिटी मॉनिटर मनरेगा ने विकास खंड हरहुआ के तीन ग्रामपंचयतो में मनरेगा कार्यों का निरीक्षण किया साथ ही निर्माण की जानकारी करते हुए नापी कराई। प्रदेश स्तर से आए स्टेट क्वालिटी मॉनिटर मनरेगा सीताराम मौर्य ने विकास खंड के ग्राम पंचायत सरैया, अहिरौली, एवं सुलेमापुर में मनरेगा कार्यों का सत्यापन किया । सत्यापन के दौरान सचिव ,तकनीकी सहायक व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। स्टेट क्वालिटी मॉनिटर श्री मौर्य ने सरैया एवं अहिरौली में मनरेगा से बने अन्नपूर्णा भवन एवं सुलेमापुर में पंचायत भवन का सत्यापन किया । सत्यापन में प्राकलित धनराशि एवं लागत धनराशि के अनुसार भवन की ऊंचाई, कमरे की लंबाई - चौड़ाई सहित निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का परीक्षण किया । स्टेट क्वालिटी मॉनिटर मनरेगा श्री मौर्य के अनुसार कार्यों की परीक्षण में कार्य की गुणवत्ता पर सन्तोष जताते हुए कई सकारात्मक निर्देश दिया। मनरेगा कार्य के निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा,सचिव जयप्रकाश ,अभिलाष कुमार व संजय यादव उपस्थित रहे ।मनरेगा कार्य के निरीक्षण में सरैया के प्रधान रामनरेश यादव , अहिरौली के प्रधान खरपत्तू यादव एवं सुलेमापुर के प्रधान सुनील कुमार यादव 'दिनेश' के साथ सचिव अभिलाष कुमार जयप्रकाश एवं संजय यादव सहित तकनीकी सहायक ओम प्रकाश यादव एवं हरिश्चंद्र भारती रोजगार सेवक भगवानी देवी, धनवानी देवी व हनुमान यादव भी उपस्थित रहे।

# भारत के ऋषि परम्परा का ज्ञान अद्भुत सर्वोपरि

**समाज जागरण अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी।**

एस0 आर0 प्लेटिनम इंग्लिश स्कूल बैजलपट्टी,हरहुआ में इटालियन विजिटिंग प्रोफेसर डॉ0 वेलेंटाइन जिओकामिन ने छात्रों को भारतीय मूल की वैदिक शिक्षा पर व्याख्यान देते हुए कहा कि वे भारत में ऋषियों के गुरुकुल के समय की शिक्षा एवं संस्कृति के आदान प्रदान पर अध्ययन कर रहे है ।उन्होंने कहा कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस को वैदिक शिक्षा ही चुनौती दे सकती है जो मानवीय संवेदना को सर्वोपरि मानती है ।उन्होंने कहा भगवान शिव जो नृत्य के देवता माने जाते है उनके नटराज रूप में में स्थित मूर्ति पूर्णतया विज्ञान को अध्यात्म से जोड़ता है ।भारत की ऋषि




परम्परा का ज्ञान अद्भुत व सर्वोपरि है। वर्ष 1997 में जब काशी आया तो मुलाकात शिक्षाविद डॉ0 बाबू चन्द्रमा सिंह से हुई उन्होंने भारतीय शिक्षा,ज्ञान,अध्यात्म ,वैदिक परम्पराओं की जानकारी दी,शिक्षा व सांस्कृतिक आदान -प्रदान व्यवस्था जिससे आज भी प्रभावित हूँ। विद्यालय परिवार की ओर से प्रबन्ध निदेशक कौशलेंद्र नारायण सिंह ने स्वागत व सम्मान किया ।शिक्षक वर्ग की ओर से विमल विश्वकर्मा, आशा यादव,मंजू सिंह ,स्नेहलता पांडेय व सन्तोष कुमार ने भारतीय पद्धति के अनुरूप सत्कार किया। विजेंद्र नारायण सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कार के धक्के से घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**समाज जागरण ओंकार दानगंज वाराणसी***

चोलापुर थाना क्षेत्र के इमिलिया ग्राम समीप वाराणसी-आजमगढ़ मार्ग पर सड़क पार कर रहे अधेड़ को तेज रफ्तार करने जोरदार टक्कर मार दी, इलाज के दौरान अधेड़ की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार इमिलिया ग्राम निवासी सुरेंद्र गुप्ता ( 48) मंगलवार की देर शाम किसी कार्यवश वाराणसी-आजमगढ़ मार्ग सड़क पार कर दूसरी तरफ जा रहे थे, इस दौरान चोलापुर से वाराणसी की तरफ जा रहे तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी टक्कर में सुरेंद्र का पैर फ्रैक्चर हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से सुरेंद्र को घायलावस्था में निजी चिकित्सालय भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान बुधवार को उनकी मौत हो गई। मृतक सुरेंद्र गुप्ता के दो पुत्र व एक पुत्री है। एक पुत्र और एक पुत्री का विवाह हो चुका है। एक पुत्र बाइक मैकेनिक दूसरा सब्जी बेचने का कार्य करता है।

# हार्टमन इंटर कालेज में शोक सभा का आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**



पोप फ्रांसिस के निधन तथा जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों पर आतंकवादी हमले में शहीद आत्माओं की शांति हेतु आज दिनांक 23.04.2025 को हार्टमन इंटर कॉलेज ,हार्टमनपुर, गाजीपुर में प्रार्थना स्थल पर शोक संवेदना व्यक्त किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी अध्यापक तथा छात्र-छात्राए उपस्थित रहे। शोक सभा का शुभारंभ सर्वप्रथम पोप फ्रांसिस के चित्र पर विद्यालय के सीनियर छात्र-छात्राएं एवं अध्यापको द्वारा पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात राकेश जोसेफ ,स० अ० द्वारा पोप फ्रांसिस के जीवनी एवं पुरोहिताई कार्यों पर प्रकाश डाला गया। शोक सभा का समापन फादर पी० विक्टर द्वारा पोप फ्रांसिस तथा आतंकवादी हमले में मृत पर्यटको के श्रद्धांजलि संबोधन से हुआ।

# गंगा में नहाते समय पानी में डूबने से दो किशोरो की हुई मौत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी वाराणसी।।**

शीतला धाम अदलपुरा दर्शन के लिए गए रोहनिया थाना क्षेत्र के गंगापुर पुलिस चौकी अंतर्गत बड़ीबारी सुइचक निवासी राज शर्मा उम्र 17 वर्ष तथा विशाल मौर्य उम्र लगभग 16 वर्ष की गंगा में नहाते समय गहरे पानी में



डूबने से मौत हो गई। जिसकी सूचना पाकर मिजार्पुर जिले के चुनार थाना के पुलिस के साथ पहुंचे गोताखोरों ने गंगा में तलाश शुरू कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सूईचक गांव के राज शर्मा तथा विशाल मौर्य अपने गांव के ही चार अन्य साथियों के साथ अदलपुरा स्थित शीतला धाम दर्शन के लिए गए थे जहां पर गंगा के उस पार रेती में नहाते समय अचानक गहरे पानी में डूब गए। मृतक राज शर्मा अपने माता-पिता के अकलौता पुत्र था। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में मातम पसर गया तथा परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

# पृथ्वी दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**



गाजीपुर जनपद के बाराचवर विकासखंड स्थित डालिम्स सनबीम स्कूल, गांधीनगर में पृथ्वी दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉक्टर प्रेरणा राय ने बताया कि पृथ्वी दिवस के अवसर पर हमने सबसे प्रथम इनीशिएटिव यह लिया कि बच्चों ने आज स्कूल ट्रांसपोर्ट की जगह पर साइकिल और पैदल आकर व्हीकुलर एमिशन कम करने की तरफ कदम बढ़ाया एवं शपथ भी ली की वह प्रत्येक माह में एक दिन इस तरह का प्रयास अवश्य करेंगे । विद्यालय में निदेशक हर्ष राय एवं प्रधानाचार्य डॉक्टर प्रेरणा राय ने बच्चों के संग पौधारोपण भी किया एवं बच्चों द्वारा प्लास्टिक की बोतलों को गमले बनाने में प्रयोग करके उनका सदुपयोग भी किया गया । तदोपरान्त बच्चों की एक टीम मुहम्मदाबाद तहसील पर जा करके उपजिलाधिकारी श्रीमती हर्षिता तिवारी को भी पौधे भेंट स्वरूप दिया एवं उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद ने बच्चों से पृथ्वी के संरक्षण विषय पर वातालाप भी किया और बच्चों के प्रयास की सराहना भी की । बच्चों ने एक और शानदार प्रयास पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किया जिसमें सभी बच्चों ने एक प्रण लिया और तय किया कि सायं 6 बजे से 30 मिनट तक वह किसी भी बिजली से चलने वाली वस्तु का प्रयोग नहीं करेंगे ।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन पर्यावरणविद ने वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया

**बढ़ती प्रदूषण,जल संकट, भीषण गर्मी व जलवायु परिवर्तन रोकने का चाबी है पौधा रोपण डॉ कौशल**

**समाज जागरण दीपक सरकार**



नवा बाजार के कांड के वन वृक्षों पर छतरपुर के ग्राम पंचायत डाली बाजार बेल टांड़ के वन वृक्षों पर रक्षाबंधन और कौशल नगर मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क परिसर में बारहमासी कटहल के पौधा रोपण और सिमडेगा जिले के ठेठईटांगर जामपानी मिशन स्कूल में थाईलैंड प्रजाति के आम के पौधा वितरण और रोपण व वृक्षों पर रक्षाबंधन कर दो दिवसीय आयोजित कार्यक्रम का समापन विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व बनराखी मूवमेंट के प्रनेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने पलामू में बढ़ते तापमान पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वह दिन दूर नहीं जब पलामू प्रमंडल के लोगे खुद पलामू छोड़कर भागने पर विवशे होंगे पर्यावरण धर्मगुरु डॉ कौशल ने कार्यक्रम का शुभ आरंभ कन्या पूजन कर पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधा रोपण कर उपस्थित छात्राओं को दिलाया वनों को आग से बचाने और पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मत्रों की शपथ दिलाते हुए पढाया पर्यावरण धर्म की पाठ उन्होंने कहा कि एक तो पलामू से होकर कर्क रेखा गुजरने के कारण पहले से ही ब्लैक शैडो जोन में रखा गया है। दूसरी तरफ वनों के कटने और वनों में आग लगने से पत्थर पहाड़ नंगे होने के कारण प्रचंड गर्मी अचानक बढ़ी है। जिससे पलामू की धरती और आकाश में गर्मी का सुनामी आया है। यही कारण है कि पलामू देश को नंबर वन तापमान वाले जिला की सूची में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रकृति से केवल लेना नहीं देना भी सीखें क्योंकि बढ़ती प्रदूषण जल संकट भीषण गर्मी और तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन को रोकना है तो लोग अपना धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मत्रों को अपने दिनचर्या में शामिल कर एक-एक पौधा लगाकर बच्चों की तरह बचाएं दूसरा कोई विकल्प नहीं है कार्यक्रम कि अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रिंसिपल क्रोनोलिया डुंग डुंग ने कहा कि मैंने पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर के जीवनी को हमने बच्चें लोगों को पढ़ाया है इसके पूर्व हमारे विद्यालय मे पर्यावरणविद के द्वारा लगाए गए पौधे फल फूल दे रहे हैं कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं में डाली पंचायत के पूर्व उप मुखिया अफजल अंसारी, जुबेर अंसारी, शिवनाथ राम, बाबूराम, अवधेश राम व श्याम देव सिंह ने पर्यावरण और पृथ्वी बचाने के लिए एक-एक पौधा लगाकर उसे बचाने की आग्रह की है इस कार्यक्रम में उपस्थित पर्यावरण प्रेमियों में लक्ष्मण राम, फुलवा देवी, देवंती देवी, राजपति कुंवर, संजू देवी, कमला कुमारी, सोनाली कुमारी, अनीता देवी, अमिता देवी, कलावती देवी, कुंती देवी, राजमतिया देवी, प्रियंका सोनमती, सुमित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे

# माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आरोपी लंबे अरसे से फरार चल रहे हैं विधिवत रूप से गिरफ्तार ।

**समाज जागरण सत्येंद्र चौरसिया**

पलामू (झारखंड) नौडीहा बाजार थाना कांड संख्या 52/18, GR संख्या



503 /19 के अजमानतीय वारंटी संतोष साव ग्राम झड़-वाछाड़न थाना नौडीहा बाजार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों तीन झोपड़ी में लगी आग गृहस्थी के समान सहित, तीन बकरियों की मौत

**संवाददाता विनोद कुमार सिंह।**
**दैनिक समाज जागरण**



डाला/ सोनभद्र। स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के बारी डाला प्राथमिक विद्यालय के पीछे बुधवार को लगभग दोपहर में तीन झोपड़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक आग लग गई जिसमें गृहस्थी के समान व बाइक समेत तीन बकरी जल कर राख हो गई स्थानीय रहवासियों ने इसकी सूचना पीआरबी चोपन, फायरब्रिगेड व डाला पुलिस को दी वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस व फायर ब्रिगेड ने बड़ी मस्कत के बाद आग पर काबू पाया गया बिल्ली मारकुंडी के टोला बारी निवासी छुटकी एव पिंटू ने बताया कि हमारे घर में रखा हुआ गृहस्थी का पुरा समान लग गया है जिसमें मोटरसाइकिल तीन बकरी और लगभग 35 000 हजार रुपए समेत सब कुछ जल गया हमारे पास कुछ भी नहीं बचा है अब हमलोग कैसे जीवन बिताएंगे इसकी सूचना पाकर मौके पहुंचे निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिकेत निषाद, सपा पूर्व जिलाध्यक्ष विजय यादव एक गरीब परिवार की हालत देखते हुए तत्काल ओबरा एसडीएम को अवगत करा दिया गया है इस संबंध में आशीष कुमार पटेल डाला चौकी इंचार्ज ने बताया कि तीन झोपड़ी में आग लगी है घटना की जानकारी उच्च अधिकारी को अवगत करा दिया गया है।

# महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का राष्ट्रीय कर्मयोगी जन सेवा कार्यक्रम के तहत विशेष प्रशिक्षण सत्र

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (डब्ल्यूसीडी) सीबीसी के सहयोग से राष्ट्रीय कर्मयोगी जन सेवा कार्यक्रम के तहत विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों को एक सच्चे कर्मयोगी के मूल्यों और मानसिकता से सक्षम करना है। इस परिवर्तनकारी यात्रा में अधिकारियों को कुशल प्रशिक्षक मार्गदर्शन कर रहे हैं।




# मैदान पर, मैदान के बाहर : चैंपियन तैयार करना

भारत में खिलाड़ियों के लिए कल्याणकारी और सहायता योजनाएं सरकारी योजनाएं एथलीटों को उनके करियर के हर दौर में सहायता प्रदान करती हैं। पिछला दशक भारतीय खेलों के लिए स्वर्णिम युग रहा है, जिसमें ऐतिहासिक उपलब्धियां और वैश्विक स्तर पर पहचान शामिल हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय को 3,794 करोड़ रुपए आवंटित किए गए। यह वित्त वर्ष 2024-25 के संशोधित आवंटन से 17 प्रतिशत अधिक है। प्रमुख आवंटनों में खेलो इंडिया के लिए 1,000 करोड़ रुपए, एनएसएफ के लिए 400 करोड़ रुपए और एसएआई के लिए 830 करोड़ रुपए शामिल हैं।

खेलो इंडिया और पंचायत युवा क्रीड़ा और खेल अभियान (पीवाईकेकेए) जैसी पहल ग्रामीण क्षेत्रों के एथलीटों की व्यापक भागीदारी, बुनियादी ढांचे के निर्माण और ग्रामीण एवं जमीनी स्तर पर प्रतिभा को बढ़ावा देने पर केंद्रित हैं। दिव्यांगों के लिए खेलकूद (स्पोर्ट्स एंड गेम्स) जैसी योजनाएं जमीनी स्तर पर दिव्यांग व्यक्तियों में समावेशी और सहभागी खेलों को बढ़ावा देती हैं।

पंडित दीनदयाल कोष, पेंशन योजना और आरईएसईटी कार्यक्रम जैसी योजनाएं वर्तमान और पूर्व एथलीटों को वित्तीय सहायता, चिकित्सा सहायता और करियर बदलने में सहायता प्रदान करती हैं।

राष्ट्रीय खेल पुरस्कार विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट उपलब्धियों और खेल कौशल का सम्मान करते हैं।

परिचय यह बहुत सही कहा गया है कि चैंपियन रातों-रात पैदा नहीं होते, बल्कि वे वर्षों के समर्पण, अनुशासन और उन्हें दिए गए प्रोत्साहन एवं सहारे से बनते हैं। परिवारों, प्रशिक्षकों और सरकार से मिलने वाला समर्थन देश के हर कोने से प्रतिभाओं को सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत सरकार अपनी योजनाओं और पहलों के माध्यम से एथलीटों को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। इन योजनाओं का उद्देश्य जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं की पहचान करना और उन्हें प्रोत्साहित करना, खिलाड़ियों को उनके सक्रिय करियर के दौरान और उसके बाद समर्थन देना और खेल उत्कृष्टता के लिए एक स्थायी तंत्र बनाना है।

### उपलब्धियों का एक दशक

पिछला दशक भारतीय खेल इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय रहा है, जिसमें रिकॉर्ड-तोड़ उपलब्धियाँ और बढ़ती वैश्विक पहचान शामिल हैं। ऐतिहासिक ओलंपिक और पैरालिंपिक पदकों से लेकर एथलेटिक्स, बैडमिंटन, कुश्ती और मुक्केबाजी में विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन तक, भारतीय एथलीटों ने लगातार सीमाओं को पार किया है।

# मुकेश दुबे सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत

**दैनिक समाज जागरण**

गौरेला । जीपीएम जिले के नगर पालिका परिषद्, गौरेला अध्यक्ष मुकेश दुबे



को एशिया के दूसरे सबसे बड़े जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के सलाहकार समिति में सदस्य मनोनीत किया गया है । मुकेश के सलाहकार समिति के सदस्य बनाए जाने पर लालजी यादव भाजपा जिला अध्यक्ष, राम प्रकाश सिंह, तप शर्मा ,कन्हैया राठौर ,बृजलाल राठौर, रियाज खान कुलवंत सिंह आदि ने बधाई प्रेषित की है।

# यात्री बसों की चेकिंग का चलाया जा रहा विशेष अभियान

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर ।बुधवार से पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निदेर्शानुसार यातायात पुलिस द्वारा यात्री बसों की चेकिंग का अभियान चलाया जा रहा है जिसमें बस के सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे फिटनेस ,परमिट, बीमा, प्रदूषण सर्टिफिकेट ड्राइवर , कंडक्टर का लाइसेंस चेक किए जा रहे है। बस की




गति को नियंत्रित करने हेतु इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल यूनिट एवं स्पीड गवर्नर की भी चेकिंग की जा रही है, दुर्घटना में तत्काल चिकित्सा सहायता हेतु बसों में रखा जाने वाला फर्स्ट एड बॉक्स भी चेक किया जा रहे हैं। साथ ही आगजनी को रोकने फायर एक्सटिंगेशन रखा हुआ है कि नहीं यह भी चेक किया जा रहा है। बस चालकों को सावधानी पूर्वक बस चलाने ट्रैफिक रूल्स का पालन करते हुए निर्धारित गति में बस चलाने तथा किसी भी स्थिति में शराब के नशे में बस न चलाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। यातायात पुलिस द्वारा बस स्टैंड में चेकिंग लगाई जाकर 20 बसों को चेक किया उनका डाटाबेस तैयार कर रखा जा रहा है।

# रजहा सरोवर का जल गंगा संवर्धन अभियान जनभागीदारी से रजहा धाम में सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण**

अनूपपुर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में पूरे प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है अनूपपुर जिले के विधायक बिसाहू लाल सिंह (पूर्व कैबिनेट मंत्री) विधान सभा अनूपपुर एवं कलेक्टर हर्षल पंचोली, तन्मय वशिष्ठ शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनूपपुर के मार्गदर्शन में नगरपरिषद अनूपपुर अध्यक्ष अंजुलिका शैलेन्द्र सिंह मुख्य नगरपालिका अधिकारी भूपेंद्र सिंह, ब्रजेश पांडेय (अभियंता), मुन्नी बाई कोल (वार्ड पार्षद) द्वारा जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगरपालिका परिषद अनूपपुर के वार्ड क्रमांक-10 में स्थित रजहा सरोवर को शामिल किया गया एवं जिला प्रशासन की ओर से प्रदीप कुमार मोगरे (तहसीलदार अनूपपुर) ने जिले के विभिन्न सामाजिक संगठन से श्री अशोक कुमार खरे (जिला संयोजक पर्यावरण गतिविधि), श्रीमती रश्मि खरे (जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा,आत्मा गवर्निंग बोर्ड मेंबर), चित्रा भदौरिया विधि अधिकारी ताप विद्युत गृह चचाई, सुनील सरियाम जिला अध्यक्ष आदिवासी विकास परिषद एवं प्रदेश



प्रचार सचिव पावर इंजिनियर्स एंड एम्पलाई संगठन, विजय कुमार कन्नौजिया (सुरक्षा अधिकारी ताप विद्युत गृह चचाई), दिलीप शर्मा (नगर कार्यवाह राष्ट्रीय सेवक संघ) दिलीप शर्मा (जिला मुख्य मार्ग प्रमुख राष्ट्रीय सेवक संघ) विद्यानंद शुक्ला समाजसेवी शुभम समाजसेवी संस्थान, नवांकुर संस्थान, डीएस राव प्रांतीय उपाध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन, ललन राठौ व्यवस्थापक गायत्री चेतना केंद्र अनूपपुर, सिंहवाहनी मढिया समिति, शिव मारुति युवा संगठन, बृजेश राठौर अध्यक्ष शिव मारुति संगठन अनूपपुर, उपाध्यक्ष राहुल अग्रहरी, विपुल गुप्ता, अंश गुप्ता, मनीष राठौर, राज साथ ही नगर के जनसमुदाय रजहा धाम श्री हनुमंत जन सेवा समिति के मार्गदर्शक-उपेन्द्र लाल सिंह, प्रदीप पाण्डेय , शंकर सिंह ठाकुर ,पं. विद्यानन्द शुक्ल , पवन छिब्बर, दिलीप शर्मा, लखन लाल रैकवार, कमलाकर गौतम, गया प्रसाद कहार, सुनीता यादव मंदिर संरक्षक विजय राठौर अध्यक्ष बूधर प्रसाद राठौर, सचिव लालदास राठौर , नत्थू कहार, मनोज राव ,गणेश प्रसाद राठौर,पटवारी चौधरी ,नगर परिषद अनूपपुर के निरीक्षक ब्रजेश मिश्रा, सफाई कर्मी- बसंत, दिनेश राठौर, सुभम पाण्डेय, जेसीबी ड्राइवर गोपाल राठौर द्वारा जल के संरक्षण हेतु श्रमदान कर सरोवर की स्वच्छता हेतु आसपास लगी खरपतवार को उखाड़ कर अलग कर एवं फावड़ा तगाड़ी से मिट्टी उठाव कर मेढ़ बंधान का कार्य किया गया।

खुशियों की दास्तां

# पति ने छोड़ा साथ – पार्वती ने थामा आजीविका मिशन का हाथ

**दैनिक समाज जागरण**

उमरिया ।मां के साथ ममता मिलती, बहन से मिलता हमेशा दुलार, नारी शक्ति को पूज्यनीय समझो इनसे चलता घर कारोबार और संसार। ग्राम गोरैया जनपद पंचायत पाली की पार्वती बैगा ने उक्त पंक्तियों को चरितार्थ करते हुए पति के मृत्यु उपरांत अपने परिवार को न केवल कठिनाइयों से बाहर निकालने के लिए संघर्ष किया बल्कि स्वयं भी घर की दहलीज पार कर कन्या छात्रावास में रसोइया का काम किया। तदोपरान्त पार्वती बैगा ने बताया कि पति की मृत्यु के बाद घर का संचालन करने में बड़ी कठिनाईयों का सामना करना पड रहा था। वर्ष 2017 में जुहिला स्व सहायता समूह की सदस्य बनी समूह में जुडने के बाद पार्वती ने सीसीएल से 35000 रुपए ऋण के रूप में लिया जिससे एक छोटी सी किराना दुकान खोली ।अब पार्वती माह में 12000 रुपए तक की आमदनी प्राप्त कर रही है। पार्वती ने अपनी विकास यात्रा यही खत्म नही की। उन्होने राजनीति के क्षेत्र में भी हाथ आजमाया और सफल भी हुईं और गांव की उप सरपंच के रूप में चुनी गईं। उप सरपंच होने के नाते वो गांव के महत्वपूर्ण निर्णयों में सक्रिय भूमिका निभा रही है तथा अपनी घर गृहस्थी का भी सफल संचालन कर रही हैं। पार्वती बैगा का कहना है कि आजीविका मिशन से जुडने के बाद उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव , जिला प्रशासन एवं ग्रामीण आजीविका मिशन को धन्यवाद ज्ञापित किया है

# भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी सम्मान अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रबुद्ध जन संगोष्ठी 24 अप्रैल को

**दैनिक समाज जागरण**

शहडोल। भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय प्रदेश नेतृत्व के निर्धारित कार्यक्रम के तहत भारतीय संविधान सभा के निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर जी के सम्मान अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रबुद्धजन संगोष्ठी एवं वक्फ सुधार जनजागरण अभियान की बैठक 24 अप्रैल दिन गुरुवार समय शाम 4:00 बजे शहडोल नगर के कमला नगर स्थित संभागीय मुख्यालय अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं ने वक्ता के रूप में राजेंद्र शुक्ला उप मुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री व शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री संबोधित करेंगे, साथ ही युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री वैभव पवार का मार्गदर्शन प्राप्त होगा कार्यक्रम की अध्यक्षता शहडोल भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा करेंगी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री पीतांबर टोपननी जी जिला संगठन प्रभारी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा बुधवार को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया की बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के जन्म जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय प्रबुद्धजन संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा कार्यक्रम में जिले गणमान्य नागरिक शामिल होंगे एवं बाबा साहब के संविधान के निर्धारित विषयों पर जिला स्तरीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि गण अपना उद्बोधन देंगे। मध्य प्रदेश महिला एवं वित्त विकास निगम की पूर्व अध्यक्ष एवं शहडोल भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी हमले में दिवंगत आत्माओं के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए 24 अप्रैल दिन गुरुवार को जिला भाजपा कार्यालय मे दिवंगत आत्माओं शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

# जिले के मैरिज गार्डन में कोलाहल की संस्कृति, नियमों की अनदेखी और प्रशासनिक चुप्पी

### शांति भांग करती रातें और सोता प्रशासन

**दैनिक समाज जागरण**

अनूपपुर किसी झूठ को अगर ऊँची आवाज में बार-बार बोला जाए तो वह सच नहीं हो जाता ठीक उसी तरह, तेज आवाज में बजाया गया संगीत हर बार मन को सुकून नहीं देता। आज अनूपपुर शहर के कई रिहायशी इलाकों में जो कुछ हो रहा है, वह इसी कटु सत्य की गवाही देता है ।शहर के अधिकांश मैरिज गार्डन रिहायशी क्षेत्रों में संचालित हो रहे हैं, और इन गार्डनों में देर रात तक तेज डीजे की गूंज सुनी जा सकती है। यह ध्वनि न केवल कानों को चीरती है, बल्कि शांति, नींद और मानसिक स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा रही है। इन आवाजों के पीछे छुपी संवेदनहीनता और नियमों की अनदेखी समाज के संवेदनशील वर्गों विद्यार्थियों, बुजुर्गों और हृदय रोगियों पर सीधा प्रहार कर रही है।

**स्वास्थ्य पर पड़ता घातक असर**

चिकित्सा विज्ञान स्पष्ट रूप से कहता है कि तेज ध्वनि हृदय रोगियों के लिए घातक हो सकती है। तेज आवाज से ब्लड प्रेशर बढ़ता है, नींद में गड़बड़ी आती है, चिड़चिड़ापन और तनाव जन्म लेता है। कई मामलों में यह दिल की धड़कनों को असामान्य बना सकता है और यहां तक कि हृदयघात का कारण भी बन सकता है।

**विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़**

शोर का सबसे बुरा असर उन विद्यार्थियों पर पड़ता है जो बोर्ड परीक्षाओं या प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लगे होते हैं। मानसिक एकाग्रता के लिए जरूरी शांति जब डीजे की तेज बीट्स में दब जाती है, तो इसका असर केवल उनके पढ़ाई के घंटों पर नहीं, बल्कि उनके पूरे भविष्य पर पड़ता है।

**नियमों की धज्जियां और प्रशासन की चुप्पी**

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने स्पष्ट सीमा तय की है रिहायशी क्षेत्रों में दिन के समय 65 डेसीबल और रात में 55 डेसीबल से अधिक ध्वनि नहीं होनी चाहिए। लेकिन हकीकत यह है कि शहर के डीजे 90 से 110 डेसीबल तक की तीव्रता से बज रहे हैं। कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की खुलेआम अवहेलना हो रही है। पुलिस और प्रशासन की चुप्पी इस बात को और अधिक खतरनाक बना देती है ।स्थानीय निवासियों द्वारा की गई शिकायतों पर केवल आश्वासन मिलता है, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं। शांति समिति की बैठकें केवल औपचारिकता बनकर रह गई हैं, जहां न कोई ठोस निर्णय होता है, न ही कोई प्रभावी क्रियान्वयन।

**अनुमति या अनदेखी?**

जब आयोजकों को कार्यक्रमों के लिए अनुमति दी जाती है, तो क्या यह उम्मीद नहीं की जानी चाहिए कि वह नियमों का पालन करेंगे? लेकिन जब अनुमति के बावजूद कानून की धज्जियाँ उड़ाई जाती हैं, तो यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या यह प्रक्रिया केवल भ्रष्टाचार और राजनीतिक संरक्षण की छांव में पनप रही है ?इस विकट स्थिति से निपटने के लिए केवल सख्त कानून काफी नहीं होंगे। जरूरत है ईमानदार और संवेदनशील प्रशासनिक रवैये की ।प्रशासन को चाहिए कि वह हर गार्डन पर निगरानी तंत्र स्थापित करे और रिहायशी क्षेत्रों में कार्यक्रमों पर विशेष निगरानी रखे ।स्थानीय नागरिकों की शिकायतों को प्राथमिकता पर सुना जाए और हर उल्लंघन पर त्वरित कार्रवाई हो ,उत्सव और शोरगुल में अंतर है। उत्सव वह होता है जिसमें सबका सम्मान बना रहे नींद का, स्वास्थ्य का, और जीवन का भी। शांति में ही समाज की उन्नति है। आज यह जिम्मेदारी प्रशासन, आयोजकों और नागरिकों तीनों की है कि वे इस गूंजती हुई समस्या का स्थायी समाधान तलाशें ।समाज का असली उत्सव तभी संभव है जब वह हर दिल की धड़कन के साथ चल सके बिना उसे डरा कर, दबा कर या तोड़ कर।

# संघ लोक सेवा आयोग के क्षितिज में चमके रीवा के दो सितारे

**रोमिल ने 27वीं तथा शुभम ने 116वीं रैंक के साथ यूपीएससी में पाई सफलता विन्ध्य के दो युवाओं की प्रतिभा और परिश्रम ने यूपीएससी में बिखेरी सफलता की चमक**



**समाज जागरण विजय तिवारी**
२

रीवा। संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा सर्विसेज का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया गया। इसमें विभिन्न संवर्गों में युवाओं का चयन हुआ है। रीवा के रोमिल द्विवेदी ने 27वीं रैंक तथा शुभम शुक्ला ने 116वीं रैंक के साथ यूपीएससी में सफलता पाई है। दोनों की प्रारंभिक शिक्षा रीवा में ही संपन्न हुई है। संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा के क्षितिज पर रीवा के दो सितारे चमक रहे हैं। विन्ध्य के दो युवाओं ने अपनी प्रतिभा, लगन और परिश्रम से यूपीएससी की परीक्षा में सफलता की चमक बिखेरी है। रोमिल द्विवेदी ने यूपीएससी की परीक्षा में 27वीं रैंक प्राप्त की है। रोमिल को पिछले वर्ष भी यूपीएससी में सफलता मिली थी। वर्तमान में रोमिल इंडियन रेलवे में कार्यरत हैं। रोमिल के पिता केके द्विवेदी उपायुक्त सहकारिता के पद पर वर्तमान में भोपाल में कार्यरत हैं। उनकी माता श्रीमती आशा द्विवेदी गृहणी हैं। उनके चाचा प्रकाश द्विवेदी संभागीय पेंशन कार्यालय में सहायक संचालक के पद पर कार्यरत हैं। रोमिल का परिवार मूल रूप से रीवा जिले के जवा तहसील के पुरौना गांव का निवासी है। रीवा में बोदाबाग में भी उनका पारिवारिक आवास है। रोमिल बचपन से ही प्रतिभाशाली थे। उनके चाचा प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि रोमिल की प्रारंभिक शिक्षा बाल भारती स्कूल में हुई। उन्होंने शेष स्कूली शिक्षा डीपीएस भोपाल से पूरी की। इसके बाद रोमिल ने मेनिट भोपाल से बीटेक की उपाधि प्राप्त की। उनके पिता केके द्विवेदी ने बताया कि रोमिल ने किसी कोचिंग संस्थान से प्रशिक्षण नहीं लिया। उन्होंने स्वयं ही यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी की। शुभम शुक्ला ने यूपीएससी में 116वीं रैंक के साथ सफलता प्राप्त की है। शुभम वर्तमान में भारतीय खेल विकास प्राधिकरण में सहायक संचालक के पद पर कार्यरत हैं। शुभम का परिवार रीवा में उर्रहट मोहल्ले में निवासरत है। शुभम के पिता अजय शुक्ला व्यवसायी हैं तथा उनकी माता श्रीमती संगीता शुक्ला गृहणी हैं। शुभम की भी प्रारंभिक शिक्षा बाल भारती स्कूल रीवा से हुई है। इसके बाद उन्होंने आईईटी डीएव्हीव्ही इंदौर से सिविल इंजीनियरिंग में बीई की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी की। उनके पिता अजय शुक्ला ने बताया कि शुभम स्कूली शिक्षा के दौरान भी टापर रहे। उनके दादा उसे सिविल इंजीनियर बनाना चाहते थे। शुभम की शुरू से ही रूचि सिविल सर्विसेज में थी। शुभम की बहन शिवानी ने बताया कि शुभम ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान ही यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी थी। उसके मित्र हर्षवर्धन सिंह का बहुत सहयोग रहा। शुभम की सफलता से पूरा परिवार बहुत खुश है। उनके मित्र तथा वर्तमान में उमरिया में जनसंपर्क अधिकारी अरूणेन्द्र सिंह ने बताया कि शुभम शुक्ला ने यूपीएससी की मुख्य परीक्षा में चार बार सफलता प्राप्त की। उन्हें तीन बार साक्षात्कार में भी सफलता मिली। अपने अंतिम प्रयास में उनका 116वीं रैंक के साथ चयन हुआ है। शुभम अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और दीदी शिवानी शुक्ला को दिया है। यूपीएससी की तैयारी में शुभम को सबसे अधिक सहायता और सहयोग हर्षवर्धन सिंह से मिला। हर्षवर्धन का दो वर्ष पूर्व भारतीय पुलिस सेवा में चयन हुआ। उनके पिता रीवा में संयुक्त कलेक्टर थे। हर्षवर्धन अपना विभागीय प्रशिक्षण पूरा करने के बाद कर्नाटक में पदस्थापना स्थल में नवीन पदभार ग्रहण करने जा रहे थे। दुर्भाग्य से सड़क दुर्घटना में उनकी दुखद मौत हो गई थी। अरूणेन्द्र सिंह ने बताया कि शुभम शुरू से ही प्रशासनिक अधिकारी बनने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प से प्रयास कर रहे थे। उनके संकल्प को अंततरू सफलता मिल गई है। श्री सिंह ने इस सफलता के लिए शुभम को बधाई दी है।

# भदावर में बिना स्वीकृति डोलोमाइट का हो रहा अवैध उत्खनन

**समाज जागरण**

कटनी । प्राप्त जानकारी के अनुसार कटनी जिले में रेत और डोलोमाइट जैसे खनिज खनन कारोबारियों के लिए कुबेर का खजाना साबित हो रहे हैं। यहां वैसे तो वैध खदानें भी हैं लेकिन खनन कारोबारियों का जोर अवैध उत्खनन पर अधिक रहता है। बड़वारा तहसील के अंतर्गत मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड झरेला में अवैध भंडारण एवं भदावर आदिवासी की जमीन पर अवैध उत्खनन का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा है कि बड़वारा तहसील के ही भदावर में भूमि प्रवेश अनुमति के बिना ही एक कंपनी में हैवी मशीनों से डोलोमाइट का खनन शुरू कर दिया। खनिज विभाग के उप संचालक ने भी स्वीकार किया कि उक्त कंपनी को खनन की स्वीकृति नहीं दी है इसके बाद भी अवैध उत्खनन रोक पाने में खनिजविभाग पूरी तरह लाचार दिख रहा है। खनिज विभाग के मैदान अमले की स्थिति उन तीन बंदरों जैसी है जो यह शपथ ले चुके हैं, कि अवैध उत्खनन ना देखेंगे-सुनेंगे और ना ही रोकने के लिए बोलेंगे।

**लीज स्वीकृत, खनन की अनुमति नहीं**

जानकारी के अनुसार बड़वारातहसील के ग्राम भदावर में खसरा नंबर 659 में करीब 10 एकड़ में डोलोमाइट खनन के लिए दिल्ली की एक कंपनी को लीज स्वीकृत हुई है। खनन के पहले कंपनी को भूमि प्रवेश की अनुमति खनिज विभाग से लेना चाहिए लेकिन यहां कंपनी बिना अनुमति ही हैवी मशीनों से डोलोमाइट का खनन शुरू कर दिया। ग्रामीणों की शिकायतों कोदरकिनार कर अधिकारी कम्पनी को अवैध संरक्षण दे रहे हैं।

**विस्फोटक सामग्री का उपयोग**

बताया जाता है कि उक्त कंपनी द्वारा भदावर के प्रस्तावित स्थल में बड़ी-बड़ी मशीनों से ड्रिल करते हुए विस्फोटक सामग्री का उपयोग कर विस्फोट किया जा रहा है। भारी विस्फोट से लोगों के सिर पर मौत का खतरा मंडराता रहता है। ज्ञात हो कि विस्फोटक सामग्री के उपयोग के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय से लायसेंस लेना आवश्यक है पर कंपनी ने इसकी भी आवश्यकता नहीं समझी। बताया जाता है कि बड़वारा और बरही क्षेत्र में गौण खनिज का खनन करने वाले कई ठेकेदारों द्वारा खदानों में विस्फोटक सामग्री का उपयोग किया जाता है लेकिन उसके भंडारण एवं उपयोग का लायसेंस नहीं लिया गया है। ऐसा भी नहीं है कि यहखनिज विभाग के भ्रष्टाचार का कोई ताजा मामला हो। इससे पहले भी अवैध उत्खनन की शिकायतों पर विभाग मौन साधे बैठा रहता है।

**तीन दिन बाद भी जांच शुरू नहीं**

खनिज विभाग के डिप्टी डायरेक्टर रत्नेश दीक्षित ने भी स्वीकार किया था कि भदावर में दिल्ली की कंपनी को डोलोमाइट के खनन के लिए लीज स्वीकृत है पर कंपनी ने खनन के लिए स्वीकृति नहीं ली है, उन्होने जांच कराने का दावा किया था पर तीन दिन बीतने के बाद भी खनिज विभाग ने जांच शुरू नहीं की। ज्ञात हो कि यह वही भदावर गांव है जहां अल्ट्राटेक ने एक आदिवासी की जमीन से 14 करोड़ का डोलोमाइट निकाल लिया और खनिज विभाग ने शिकायतों के बाद भी कार्यवाही तो दूर जांच कराने की आवश्यकता भी नहीं समझी।

# अनूपपुर जिले में IPL सट्टे का जहर: नौजवानों की जेब खाली, घरों की खुशियां छिनी, बदरा कॉलरी बनी जुए का गढ़!

**दैनिक समाज जागरण**
**जितेंद्र शर्मा**

अनूपपुर जिला इन दिनों IPL के रोमांच में नहीं, बल्कि सट्टे के काले कारोबार के जाल में फंसता जा रहा है। कोतमा, रामनगर ,राजनगर राजेंद्र ग्राम ,अमलाई, भालूमाडा, बिजुरी और अनूपपुर के गली-मोहल्लों में सट्टे का यह जहर इस कदर फैल चुका है कि नौजवानों की जेबें खाली हो रही हैं और परिवारों का भविष्य अंधेरे में डूब रहा है। इस गंदे धंधे ने न जाने कितने घरों की रौनक छीन ली है। कोतमा में एक युवक की जान भी इसी सट्टे की भेंट चढ़ चुकी है। अब जनता सवाल कर रही है—कब तक ये जुआ चलता रहेगा और कब जागेगा प्रशासन? बदरा कॉलरी: सट्टे का हेडक्वार्टर स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, कोतमा की बदरा कॉलरी सट्टा कारोबार का सबसे बड़ा केंद्र बन चुकी है। यहां से दो भाइयों की जोड़ी ने पूरे जिले में फ्रेंचाइजी मॉडल के तहत नेटवर्क फैला रखा है। कोतमा, जमुना, भालूमाडा, बिजुरी, और अमलाई में एजेंट बैठाए गए हैं, जो युवाओं को लालच देकर इस दलदल में घसीट रहे हैं। सट्टा अब सिर्फ फोन और मोबाइल ऐप्स तक सीमित नहीं रहा। WhatsApp ग्रुप, Parimatch, 1xBet और Battery Bet जैसे प्लेटफॉर्म पर हर ओवर, रन, विकेट पर लाखों का सट्टा लग रहा है। चिंता की बात यह है कि इस अवैध धंधे को कुछ कथित राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है, जिससे पुलिस भी मूकदर्शक बनी हुई है। युवाओं की बबार्दी, परिवारों की बेबसी सबसे बड़ी मार युवा पीढ़ी पर पड़ी है। स्कूल-कॉलेज छोड़कर मोबाइल में डूबे लड़कों के माता-पिता बेसुध हैं। कोतमा में दो साल पहले एक युवक ने कर्ज के बोझ से आत्महत्या कर ली थी, लेकिन आज तक उसका परिवार न्याय की बाट जोह रहा है। कई नौजवानों ने अपनी जमीन-जायदाद तक गिरवी रख दी है। सट्टा माफिया गली-गली में किराए के लड़कों को लगाकर रकम इकट्ठा करवा रहे हैं, जिसे अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर किया जाता है। पुलिस के लिए यह नेटवर्क तोड़ना आसान नहीं, लेकिन नामुमकिन भी नहीं—अगर कार्रवाई की जाए। प्रशासन की चुप्पी, सत्ता का साया? जहां देश के कई राज्यों जैसे आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में इस सट्टे के खिलाफ छापेमारी कर करोड़ों की नकदी जब्त की गई है, वहीं अनूपपुर में ये कारोबार बिना किसी डर के फल-फूल रहा है। सवाल उठ रहे हैं—क्या सट्टा माफिया को कोई राजनीतिक सरंक्षण प्राप्त है? जनता की आवाज और रढ से उम्मीद कोतमा, भालूमाडा, बिजुरी और अमलाई की जनता अब आक्रोशित है। लोग पूछ रहे हैं—क्या नौजवानों का भविष्य ऐसे ही सट्टे की आग में जलता रहेगा? अब जनता की आखिरी उम्मीद अनूपपुर के एसपी साहब से है। लोग चाहते हैं कि वह तत्परता दिखाएं और सट्टा माफियाओं पर सख्त कार्रवाई करें।

# पहलगाम में आतंकियों द्वारा 26 हत्याओं से मोदी का आज कानपुर दौरा भी रद्द

**- सऊदी अरब से लौट के बाद पीएम को आज कानपुर में करना था मेट्रो स्टेशन, पावर प्लांट का उद्घाटन और करोड़ों की परियोजनाओं का भी लोकार्पण**

**- पहलगाम आतंकी हमले में कानपुर के शुभम द्विवेदी ने भी गवाई है जान ,दो माह पहले ही हुई थी शिवम की शादी ,परिवार में मातम**

*** समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। जम्मू कश्मीर में पहलगाम के आतंकी हमले में 26 लोगों की



जान गवाने की घटना के बाद सऊदी अरब दौरा रद्द करके स्वदेश लौटे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 24 अप्रैल को अपना कानपुर का दौरा भी रद्द कर दिया है। उन्हें आज ही कानपुर में मेट्रो के नए अंडरग्राउंड स्टेशनों नेवली और पनकी पावर प्लांट के उद्घाटन के साथ ही अरबों की योजनाओं का भी लोकार्पण करना था। साथ ही प्रधानमंत्री को यहां के सीएसए के विशाल मैदान में जनसभा को भी संबोधित करना था ,जिसके लिए सारी आवश्यक तैयारी को भी पुलिस प्रशासन द्वारा अंतिम रूप दिया जा चुका था। इसके लिए आसपास के कई जिलों का फोर्स भी कानपुर पहुंच चुका था, जिसकी अब वापसी भी सुनिश्चित की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कानपुर दौरा रदद होने की पुष्टि आतंकी हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी की है। याद रहे की पहलगाम की आतंकी हमले में यहां महाराजपुर थाना क्षेत्र में रहने वाले शुभम द्विवेदी भी हत्या का शिकार हुए हैं ,जिससे उनके परिजनों का रो रो का बुरा हाल है। वह पहलगाम से शिवम के शव को अपने घर कानपुर लाने के लिए भी जम्मू कश्मीर गये हैं। वहीं सैकड़ों लोग परिवार को सांत्वना देने के लिए भी उनके घर पहुंच रहे हैं। सीमेंट का कारोबार करने वाले व्यवसाय शुभम द्विवेदी अपनी पत्नी के साथ छुट्टियां मनाने पहलगाम गए थे ,जहां हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों में कानपुर के सीमेंट व्यवसाई महाराजपुर थाना क्षेत्र के हाथी गांव निवासी 31 साल के शिवम द्विवेदी का भी नाम शामिल है। उनकी शादी 2 मां पहले ही हुई थी और वह अपनी पत्नी और परिवार के 11 सदस्यों के साथ कश्मीर ट्रिप पर गए थे। आतंकवादियों ने पत्नी के सामने ही उनकी गोली मार कर हत्या कर दी। इस घटना से कानपुर में भी जबरदस्त रोष है। और लोग इस घटना को अंजाम देने वाले आतंकियों का समूल नाश करने की मांग भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की है।

# पहलगाम के आतंकी हमले में मृतकों को लोक कल्याण परिषद ने दी श्रद्धांजलि..........

*** समाज जागरण**
*** विजय तिवारी**

* अनूपपुर पहलगाम में हुए हृदयविदारक आतंकी घटना में मारे गए निर्दोष लोगों को बिजुरी में लोक कल्याण परिषद के कार्यकताओं ने गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गयी । समाजसेवी अजय शुक्ला ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि भारत आतंक के आगे ना कभी झुका है ना कभी झुकेगा। इस नृशंस आंतकी हमले के दोषियों को बक्शा नहीं जायेगा और भारत शीघ्र से शीघ्र इस घटना का मुंहतोड़ जवाब देगा। रवि शुक्ला ने श्रदांजलि देते हुए अपनी भावना व्यक्त की और कहा कि देश




के लिए यह बहुत बड़ी दुःखद घटना है और आतंकियों की कड़ी निंदा करते हुए पीड़ियों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की कहा कि अब हमे उचित जवाब देने की जरूरत है भारत की सेना इसका मुंह तोड़ जवाब देगी। श्रदांजलि में नगर के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# जेआईएच के अध्यक्ष सैयद सदातुल्लाह हुसैनी ने दक्षिण कश्मीर में हुए घातक आतंकी हमले की कड़ी निंदा की, त्वरित न्याय की मांग की

**मुख्य संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

नई दिल्लीः जमात-ए-इस्लामी हिंद (जेआईएच) के अध्यक्ष सैयद सदातुल्लाह हुसैनी ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है, जिसमें विदेशी पर्यटकों सहित कई निर्दोष लोगों की जान चली गई। मीडिया को जारी एक बयान में जेआईएच के अध्यक्ष ने इस दुखद घटना पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त किया और तत्काल न्याय की मांग की।

सैयद सदातुल्लाह हुसैनी ने कहा, "हम मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हैं। विदेशी पर्यटकों सहित निर्दोष लोगों की जान जाना बेहद दुखद है। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और उनके शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। इस तरह के बर्बर कृत्य को किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता। यह पूरी तरह से अमानवीय है और इसकी पूरी तरह से निंदा की जानी चाहिए। जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए।"

जेआईएच अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि कोई भी कारण - राजनीतिक, वैचारिक या अन्य - कभी भी इस तरह की बर्बर हिंसा को उचित नहीं ठहरा सकता। उन्होंने कहा, "यह एक अमानवीय कृत्य था जो हर नैतिक और नैतिक संहिता को चुनौती देता है।"

जमात-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष ने राज्य और केंद्रीय अधिकारियों से पीड़ितों के लिए न्याय सुनिश्चित करने, सुरक्षा उपायों को मजबूत करने और कमजोर समुदायों की सुरक्षा के लिए निर्णायक और पारदर्शी कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने नागरिक समाज, धार्मिक नेताओं और मीडिया से जिम्मेदारी से काम करने और ऐसी कहानियों से बचने का आह्वान किया जो तनाव को और बढ़ा सकती हैं या निर्दोष समूहों को निशाना बना सकती हैं।

# रेखा गुप्ता एवं वीरेन्द्र सचदेवा ने आज दिल्ली हवाई अड्डे पर पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गये भारतीयों को भावपूर्ण श्रद्धांजली अर्पित की

**मुख्य संवाददाता/ सुषमा रानी**
**दैनिक समाज जागरण**

नई दिल्ली 23 अप्रैल : कल जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 27 भारतीयों की निर्मम हत्या से सारे देश में दुख, शोक एवं रोष का माहौल है। दिल्ली में भी लोगों में भारी रोष है, लोग गमगीन हैं और दिल्ली भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता भी देशवासियों के साथ शोक में सम्मिलित हैं। मृतक जनों के सम्मान में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज 23 एवं कल 24 अप्रैल के दिल्ली भाजपा के सभी पूर्व निश्चित राजनीतिक कार्यक्रम रद्द करने की घोषणा की और कहा 27 निर्दोष लोगों की हत्या का बदला हर भारतीय लेने को संकल्पित है। पहलगाम में जिन भारतीयों की हत्या की गई उनमे से कुछ के पार्थिव शरीर उनके गृह नगर ले जाने की यात्रा के बीच



आज दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचे जहां दिल्ली सरकार एवं दिल्ली भाजपा की ओर से श्रद्धांजली अर्पित की गई। दिल्ली की मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता एवं दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज दिल्ली हवाई अड्डे पर पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गये भारतीयों को भावपूर्ण श्रद्धांजली अर्पित की और उनके उपस्थित परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।

दिल्ली की मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता ने पहलगाम में मृत भारतियों के परिजनों को विश्वास दिलाया की भारत सरकार इस संकट की घड़ी में उनके साथ खड़ी है और सरकार मृतकों के परिजनों का जीवन फिर शुरू करने में हर सम्भव साथ देगी।

# शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट धामी ने पहलगाम में हुए हमले के पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की

**रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो, 23 अप्रैल : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट



हरजिंदर सिंह धामी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। एडवोकेट धामी ने कहा कि इस अमानवीय और क्रूर कृत्य ने सामाजिक मूल्यों को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि मानवीय सरोकार यह नहीं सिखाते, बल्कि सभी को भाईचारे और सद्भाव का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए भगवान से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दें और परिवारों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# ब्रह्मापुरा ने कनाडा में गोली लगने से छात्रा हरसिमरत कौर रंधावा का शव भारत लाने की जानकारी दी

## ब्रह्मपुरा ने परिजनों से विदेश मंत्रालय से मिली जानकारी साझा की

**रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ**

जैतो, 23 अप्रैलः ; शिरोमणि अकाली दल के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रविंदर सिंह ब्रह्मपुरा ने आज गांव धूंदा निवासी हरसिमरत कौर रंधावा के परिजनों से गहरा दुख साझा किया, जिनकी कुछ दिन पहले कनाडा में गोली लगने से दुखद मौत हो गई थी। इस अवसर पर उन्होंने मृतका हरसिमरत कौर रंधावा के दादा पूर्व सरपंच सुखविंदर सिंह जागीरदार और पिता बिक्रम सिंह जागीरदार को भी भारतीय विदेश मंत्रालय से मिली जानकारी के बारे में जानकारी दी। ब्रह्मपुरा ने कहा कि हलके के गांव धूंदा की होनहार बेटी हरसिमरत कौर रंधावा कनाडा के ओंटारियो में मेडिकल की पढ़ाई करने गई थी, जहां दुर्भाग्य से दो पक्षों के बीच झगड़े में गोली लगने से उसकी असामयिक मौत हो गई। इस असहनीय और दुखद घटना से पूरे खडूर साहिब क्षेत्र में शोक की गहरी लहर है। ब्रह्मपुरा ने आगे कहा कि परिवार की तत्काल मांग पर कार्रवाई करते हुए उन्होंने भारत के विदेश मंत्री श्री एस जयशंकर को व्यक्तिगत रूप से पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि वह हरसिमरत कौर रंधावा के पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत वापस लाने में हस्तक्षेप करें, ताकि परिवार उनके पैतृक गांव धुंदा में उनका अंतिम संस्कार कर सके। उन्होंने इस संवेदनशील मामले में कनाडा सरकार से भी न्याय की मांग की है। ब्रह्मपुरा ने शोक संतप्त परिवार को बताया कि उनके निरंतर प्रयासों से टोरंटो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने इस मामले में बहुत सक्रिय प्रतिक्रिया दी है और उनके द्वारा जारी ई-मेल में



स्पष्ट रूप से कहा गया है कि कनाडा में रहने वाले हरसिमरत कौर रंधावा के परिवार के सदस्यों को पार्थिव शरीर भारत भेजने के लिए हर संभव सहायता तुरंत प्रदान की जा रही है। कनाडाई अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने की संभावना है, जिसके बाद भारतीय वाणिज्य दूतावास उसी दिन सभी आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कर लेगा और शनिवार तक शव भारत भेज दिया जाएगा। श्री ब्रह्मपुरा ने दुख की इस घड़ी में परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि वे इस मुश्किल घड़ी में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं तथा हलके के सेवक होने के नाते परिवार की हर संभव मदद करना उनका मुख्य कर्तव्य है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि वे जानते हैं कि इस असहनीय दुख को शब्दों में बयां करना बहुत कठिन है, लेकिन फिर भी इस दुख में शामिल होने तथा थोड़ी हिम्मत देने का एक विनम्र प्रयास तो किया ही जा सकता है। उन्होंने अपने पिता स्वर्गीय जत्थेदार रणजीत सिंह ब्रह्मपुरा को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा लोगों को खुद की सेवा करने के लिए प्रेरित किया तथा उनकी उच्च शिक्षाओं पर चलते हुए वे आज हलके के लोगों की सेवा में उपस्थित हैं। इस अवसर पर पूर्व सरपंच सुखविंदर सिंह, पूर्व सरपंच जगतार सिंह धूंदा, पूर्व सरपंच कुलदीप सिंह लाहौरिया, करनैल सिंह प्रधान, पंचायत सदस्य बलकार सिंह, कुंदन सिंह फौजी, अमर सिंह धूंदा, हरभजन सिंह राठौर, पंचायत सदस्य वरिंदर ज्योति, बिकर सिंह, जय सिंह, अमरजीत सिंह जत्थेदार गज्जन सिंह व अन्य गणमान्य भी मौजूद थे, जिन्होंने परिवार के साथ दुख साझा किया। पूर्व विधायक रविंदर सिंह ब्रह्मपुरा गांव ढुंडा में हरसिमरत कौर रंधावा के परिवार के सदस्यों के साथ दुख साझा करते हुए।

# राष्ट्रीय शोक के कारण इलेक्ट्रिक बसों की लॉन्चिंग रुकी नई तारीख अभी घोषित नहीं

**मुख्य संवाददाता/ सुषमा रानी**
**दैनिक समाज जागरण**

नई दिल्ली 23 मार्चः दिल्ली में होने वाली इलेक्ट्रिक बसों की लॉन्चिंग राष्ट्रीय शोक के कारण रोक दी गई है फिलहाल अभी कोई तारीख घोषित नहीं की गई है।दिल्ली के दूरदराज के उन इलाकों में जहां फिलहाल डीटीसी बसों की सुविधा नहीं है, सरकार ने जल्द ही इलेक्ट्रिक बसें चलाने की तैयारी कर ली है। इस योजना को 'डेल्ही इलेक्ट्रिक व्हीकल इंटरकनेक्टर' (देवी) नाम दिया गया है। पहले इसकी लॉन्चिंग मंगलवार, 22 अप्रैल को होनी थी, लेकिन राष्ट्रीय शोक के कारण इसे स्थगित कर दिया गया। दिल्ली सरकार के मंत्री पंकज सिंह ने बताया कि ये इलेक्ट्रिक बसें दिल्लीवासियों के लिए कई तरह से लाभकारी होंगी। उन्होंने कहा कि ये बसें उन इलाकों में पहुंचेंगी, जहां अभी बस सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं, जिससे कनेक्टिविटी बढ़ेगी। साथ ही, प्रदूषण कम करने में भी ये बसें अहम भूमिका निभाएंगी। सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के सपने को साकार करना है और ये बसें दिल्ली की जनता को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए हैं।



उन्होंने बताया कि वाहनों से होने वाला प्रदूषण एक बड़ी समस्या है, और इलेक्ट्रिक बसें इस समस्या को कम करने में मदद करेंगी। सरकार का लक्ष्य धीरे-धीरे सभी बसों को इलेक्ट्रिक बसों में बदलना है। यह योजना अभी शुरूआती चरण में है, लेकिन हर महीने या 15 दिन में अधिक से अधिक बसों को इलेक्ट्रिक बसों में बदला जाएगा। जैसे-जैसे सीएनजी बसों का समय खत्म होगा, इलेक्ट्रिक बसें उनकी जगह लेंगी।

उन्होंने कहा कि यह योजना दिल्ली में स्वच्छ और टिकाऊ परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इलेक्ट्रिक बसों के जरिए सरकार न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना चाहती है, बल्कि दिल्ली की जनता को सस्ती और सुविधाजनक सार्वजनिक परिवहन सेवा भी प्रदान करना चाहती है। 'देवी' योजना के तहत नौ मीटर की इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर उतारने की योजना है, लेकिन पोप फ्रांसिस के निधन के कारण इसे स्थगित कर दिया गया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि भारत सरकार द्वारा घोषित राष्ट्रीय शोक के कारण 'देवी' योजना की इलेक्ट्रिक बसों की लॉन्चिंग को टाल दिया गया है। नई तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी।

# पेयजल सप्लाई बाधित होने से शहरवासीयों की बढ़ी मुशकिलें

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) गर्मी ने दस्तक दे दी है। दिन प्रति तापमान



बढ़ता जा रहा है' गर्मी मे पेयजल की स्थिति भी गंभीर बनी हुई है' कालांवली शहर में पेयजल का संकट लगातार मंडराता जा रहा है और शहरवासियों को पीने का पानी भी मोल खरीदने के लिए मजबूर है' स्नान करना, कपड़े धोना आदि रोजमर्रा के कार्य भी पानी के बिना नही हो पा रहे हैं। विभाग आंखे मूंद कर सौया हुआ है। शहरवासियों ने इस बारे मे विभाग को स्थिति से अवगत करवाया हुआ है' लेकिन पेयजल का समाधान नही हो रहा है' शहरवासी पानी की एक एक बूंद के लिए तरस रहे है। इस कारण आमजन में अधिकारियों के प्रति नाराजगी बढ़ रही है। इस बारे मे जब अधिकारीयों से समस्या के बारे कहा जाता है' तो केवल और केवल आश्वासन मिल रहा है। जल्द ही समाधान कर दिया जाऐगा '

# कालांवाली मे सीएम फ्लाइंग ने की छापामारी

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) शहर में गेहू के अवैध भंडारण पर बीते दिन सीएम फ्लाइंग ने दस्तक दी। जिसमें अवैध भंडारण पकड़ा गया। अवैध



भंडारण पर दो फर्मो को करीब तीन लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया। सीएम फ्लाइंग के एसआई राजेश कुमार ने बताया कि कालांवाली में लगातार मिल रही शिकायतों पर कारवाई करते हुऐ दो फर्मो पर चैकिंग की गई। जिंसमे बांसल ब्रदर्स पर 2 हजार किवंटल गेंहू का अवैध भंडारण पकड़ा गया और नितिन ट्रेडिंग कम्पनी पर 100 किवंटल गेहू का अवैध भंडारण पकड़ा गया। उन्होने बताया कि बंसल ब्रदर्स पर 2 लाख 91 हजार 600 रुपये और नितिन ट्रेडिंग कम्पनी पर 14 हजार 500 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। ईस मौके पर एचसी जितेंद्र व मार्कीट कमेटीई सचिव विकास कुमार मौजूद रहे।

# फिरोजपुर रेल मंडल में 21 मई तक समर विशेष टिकट चैकिंग अभियान रहेगा जारी :संजय साहू

**रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो,23 अप्रैल : फिरोजपुर रेल मंडल के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि मुख्यालय विशेष टिकट चेकिंग अभियान के निदेर्शानुसार, मंडल रेल प्रबंधक श्री संजय साहू के मार्गदर्शन में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य परमदीप सिंह सैनी के अगुआई में फिरोजपुर मंडल में टिकट रहित और अनियमित यात्रा करने वालो पर अंकुश लगाने के लिए एक माह के लिए समर स्पेशल टिकट चेकिंग ड्राइव चलाया जा रहा है। इस ड्राइव के दौरान फिरोजपुर मंडल में संचालित ट्रेनों में अनधिकृत एवं बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ भीड़-भाड़ को रोकने के लिए 22 अप्रैल से 21 मई, 2025 तक समर विशेष टिकट चेकिंग अभियान जारी रहेगा। यह विशेष टिकट चेकिंग अभियान के दौरान प्रतिदिन विभिन्न अधिकारियों / पर्यवेक्षकों के अगुआई में टीम बनाकर आकस्मिक जाँच किया जाएगा। इस दौरान, टिकट किस कोटे से और कैसे बनाया गया, तत्काल एजेंट से टिकट



कैसे बनाया, सीनियर सिटीजन कोटा, वीआईपी कोटे से जिनका टिकट कन्फर्म हुआ उनसे भी पूछताछ कर जाँच की जाएगी। टिकट चेकिंग मेन लाइनों में किया जा रहा है । फिरोजपुर मंडल के जालंधर-अमृतसर, फिरोजपुर-बठिंडा, लुधियाना-पठानकोट कैंट, लुधियाना-जालंधर कैंट, फिरोजपुर-लुधियाना आदि सेक्शनों पर गहन टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में, 22.04.2025 को विशेष जाँच अभियान में बिना टिकट और अनियमित यात्रा करते हुए 1283 रेल यात्रियों से लगभग 8.72 लाख रूपए जुमार्ना किया गय ।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी ने रेलयात्रियों से अपील किया कि वे सदैव वैध टिकट लेकर सम्बन्धित श्रेणी के कोच में ही यात्रा करें जिससे अन्य यात्रियों को परेशानी न हो।

# निर्दोष लोगों की बेरहमी से हत्याएं अमानवीय की पराकाष्ठा : भाजपा नेता सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवल

**रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

लुधियाना,23 अप्रैल (रघुनंदन पराशर ):भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल ने पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले पर कड़ा और स्पष्ट बयान जारी किया है। इस जघन्य हमले में 30 से अधिक लोगों के मारे जाने की आशंका है, जिनमें विदेशी नागरिक भी शामिल हैं, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं ।ग्रेवाल ने इस हमले की कड़े से कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए इसे ह्लन केवल मासूम नागरिकों पर, बल्कि भारत की आत्मा और संप्रभुता पर भीषण हमलाह्व बताया। उन्होंने गहरी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यटकों से नाम और धर्म पूछकर उन्हें बेरहमी से गोली मारी गई, यह अमानवीयता की पराकाष्ठा है।

उन्होंने कहा, ह्लयह कोई साधारण आतंकी हमला नहीं है, बल्कि मानवता के दुश्मनों द्वारा अंजाम दी गई शुद्ध बर्बरता है। हमारे लोगों का खून जिस क्रूरता से बहाया गया है, उसका न्यायिक बदला जरूर लिया जाएगा।

ग्रेवाल ने केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह द्वारा लिए गए त्वरित निर्णयों की सराहना की, जो हालात का जायजा लेने श्रीनगर पहुँचे हैं, जहाँ उन्होंने उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठकें कीं और घायलों से मिलने अस्पताल भी



जाएंगे। उन्होंने गृह मंत्रालय, खुफिया ब्यूरो और गृह सचिव के बीच तेज और प्रभावी समन्वय की भी प्रशंसा की और एनआईए को जांच सौंपे जाने के निर्णय का स्वागत किया ।ग्रेवाल ने दो टूक शब्दों में कहा, ह्लयह हमला आई.एस.आई. प्रायोजित आतंकी संगठनों की ओर से भारत की शांति, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता पर सीधा हमला है। उन्हें स्पष्ट संदेश है—हम न डरते हैं, न झुकते हैं। हम उनकी चुनौती स्वीकार करते हैं। निर्दोष खून की हर बूंद का हिसाब होगा ।ह्वउन्होंने आगे कहा, ह्लजो कायर बंदूक के पीछे छिपकर निहत्थे नागरिकों को मारते हैं, वे समझ लें कि उन्होंने एक अरब भारतीयों की फौलादी इच्छा-शक्ति को जगा दिया है। तुमने निर्दोष खून बहाया है—अब तुम्हें ऐसा सबक सिखाया जाएगा जो तुम कभी भूल नहीं पाओगे।

ग्रेवाल ने देशवासियों से इस दुखद घड़ी में एकजुटता, आक्रोश और संकल्प के साथ खड़े होने की अपील की और भरोसा दिलाया कि भारतीय जनता पार्टी पीड़ितों, उनके परिवारों और बहादुर सुरक्षाबलों के साथ चट्टान की तरह खड़ी है, जो दोषियों को न्याय के कठघरे तक पहुँचाएंगे ।ग्रेवाल ने स्पष्ट किया कि इस रक्तपात का माकूल जवाब दिया जाएगा। भारत लोहा भी देगा, हौसला भी और न्याय भी।

# जम्मू कश्मीर पहलगाम में 26 पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा हत्या के विरोध में, भाजयुमो ने दुद्धी में फूंका पुतला

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। दुद्धी तहसील तिराहे पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मंडल



अध्यक्ष अजय कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को 26 पर्यटकों के ऊपर आतंकवादियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग कर हत्या के विरोध में आतंकवाद का पुतला फूंका गया। भाजपा जिला मंत्री दिलीप पांडेय, जिला सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक रामेश्वर प्रसाद राय ने कहा कि आतंकवादियों की कायराना हरकत से देश में आक्रोश चरम पर है हिंदू सम्प्रदाय के व्यक्तियों की पूछ कर गोली मारे जाने से यह कहना कि आतंकवाद का कोई मजहब नहीं होता यह भ्रामक व तथ्यविहीन हैं। संकट की घड़ी में अमेरिका, रूस, इसराइल, यूक्रेन संयुक्त अरब अमीरात, संयुक्त राष्ट्र संघ सहित सभी राजनीतिक पार्टियों सभी जाति धर्म संप्रदाय के लोग एकता का परिचय देते हुए देश प्रदेश के कोने कोने में धरना प्रदर्शन शोक सभा एवं आतंकवाद का पुतला फूंक रहे हैं । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विदेश यात्रा रद्द कर संकट की घड़ी में कई कार्यक्रम रद्द कर स्वदेश वापस लौट आए इससे उनके राष्ट्र के प्रति अगाध प्रेम परिलक्षित होता है। एक अरब 40 करोड़ का पूरा देश संकट की घड़ी में प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री व भारत की सेवा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। हाथों में आतंकवाद मुदार्बाद की तख्ती लिए नगर पंचायत दुद्धी चेयरमैन कमलेश मोहन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रमुख रविंद्र जायसवाल, जिला समरसता प्रमुख अरुणोदय जौहरी एडवोकेट,भाजपा पदाधिकारीयों भाजपा मंडल पूर्व अध्यक्ष मनोज सिंह, नगर पंचायत स्वच्छता मिशन ब्रांड एंबेसडर जितेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी, जय बजरंग अखाड़ा समिति पर अध्यक्ष कन्हैयालाल अग्रहरि, अपना दल एस के विधानसभा अध्यक्ष निरंजन जायसवाल भाजपा मंडल महामंत्री मनीष कुमार जायसवाल, विकास कुमार मद्धेशिया मंडल उपाध्यक्ष, आईटी सेल पियूष कसेरा, विश्व हिंदू परिषद संदीप कुमार गुप्ता, सोनू जायसवाल, पीयूष अग्रहरि एडवोकेट, पीसी गुप्ता एडवोकेट, दिनेश कुमार आढती, अजीत सिंह, पवन सिंह, सुरेश कुमार अग्रहरी, दिनेश कुमार अग्रहरी, उमेश कुमार गुप्ता एडवोकेट, धीरज कुमार जायसवाल सभासद, बूथ अध्यक्ष राजन अग्रहरी आदि सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता व व्यापार मंडल एवं नगर के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

# शिक्षा क्रांति अभियान के तहत सरकारी स्कूलों की हर तरह की जरूरतें पूरी की जा रही हैं- विधायक अमोलक सिंह

## शिक्षा क्रांति अभियान के तहत जैतो हलके के 4 स्कूलों में विकास कार्यों का उद्घाटन

**रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो 23 अप्रैल मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा शुरू की गई शिक्षा क्रांति का ही नतीजा है कि पिछले कुछ समय में सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के दाखिले में बढ़ोतरी हुई है। यह बात विधायक जैतो स. अमोलक सिंह ने हलके के विभिन्न स्कूलों में विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए कही।इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक जैतो स. अमोलक सिंह ने कहा कि शिक्षा क्रांति अभियान के तहत सरकारी स्कूलों की हर तरह की जरूरतें पूरी की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे किसी भी देश का भविष्य होते हैं, इसलिए सरकारी स्कूलों में अगर कोई कमी या जरूरत है तो उसे पूरा किया जा रहा है ताकि हर बच्चे को सरकारी स्कूलों में दाखिला मिले। उन्होंने कहा कि अब सरकारी स्कूलों में बच्चों को आधुनिक सुविधाओं के साथ शिक्षा प्रदान की जा रही है ताकि वे पूरी दुनिया में अपने राज्य का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। स. अमोलक ने बताया कि आज सरकारी प्राइमरी स्कूल जैतो के वार्ड नंबर 1 में 7.51 लाख की लागत से आधुनिक कमरों, सरकारी प्राइमरी स्कूल लड़के जैतो में 7.48 लाख की लागत से चारदीवारी और सरकारी प्राइमरी स्कूल लड़कियां जैतो में 7.51 लाख की लागत से आधुनिक कमरों का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उनके साथ जैतो शिक्षा कोऑर्डिनेटर एडवोकेट हरसिमरन मल्होत्रा, चेयरमैन मार्केट कमेटी जैतो डॉ. लक्ष्मण भगतुआना, डॉ. हरीश अध्यक्ष नगर कौंसिल जैतो, गुरभेज बराड़ संयुक्त सचिव पंजाब आम आदमी पार्टी नरिंदरपाल रामेआना वरिष्ठ उपाध्यक्ष नगर कौंसिल,सतपाल डोड, सरबजीत माही ब्लॉक अध्यक्ष , बलकरण सरावां, लक्ष्मण बिसननदी, निदेशक पीएडीबी। धरमिंदर सिंह लंबरदार, कुलदीप सिंह पी.ए. विधायक जैतो। बलराज बिसननदी आदि मौजूद थे।

# बीमार पशुओं के निशुल्क ईलाज के लिए जीवन दायनी बनी मोबाईल वेटेरनरी वैन

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) प्रदेश सरकार हरियाणा वासीयो के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाऐं दिन-प्रतिदिन चलाई जा रही है उन्हीं मे से एक योजना है जिसमे बिमार पशुओं का निशुल्क उपचार किया जाता है' केवल 1962 पर एक फोन करें और कुछ समय के बाद पशु चिकित्सक मोबाईल वेटेरनरी वैन आपके घर पर पहुंचे गई और बीमार पशुओं के प्राथमिक उपचार किया जाऐगा। सरकार के द्वारा किया गया यह कदम बहुत ही सराहनीय है' बीमार पशुओं का ईलाज करने से मोबाईल वेटेरनरी वैन के सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। पशुपालकों को अपने पशुओं के लिए बेहतर इलाज मिल रहा है। वहीं एक कॉल पर वैन पहुंच रही है। सिरसा में अभी तक कुल 5 मोबाइल वेटेरनरी वैन तैनात की जा चुकी है। पिछले वर्ष की फरवरी माह से इनकी सेवाएं चालू है। जिला में सिरसा, रानिया, चौटाला, ऐलनाबाद और ओढ़ां खंड में वैन को तैनात किया गया है। प्रदेशभर में कुल 70 मोबाइल वेटेरनरी वैन अलॉट हुई है। इन मोबाइल वेटेरनरी वैन से समन्वय हेतु हिसार में कॉल सेंटर स्थापित किया गया है। जीपीएस युक्त मोबाइल वेटेरनरी वैन द्वारा पशुपालकों को निशुल्क पशुचिकित्सा सेवा व परामर्श सुविधा प्रदान की जा रही है।




अब कोई भी अपने पशु के इलाज के लिए टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल कर सकता है जिस पर पशु के बीमार होने या या अन्य किसी मेडिकल सहायता की सूचना दर्ज सिरसा। मोबाइल वेटेरिनरी वैन के साथ डॉ. सुखदीपक सिंह, कर्मचारी वेटेरनरी सर्जन सहित तीन कर्मचारी किए नियुक्त किए गऐ

डॉ. सुखदीपक सिंह ने बताया कि इस वैन में वेटेरनरी एक सर्जन, एक वीएलडीए और 1 ड्राइवर कम अटेंडेंट जानी कुल 3 कर्मचारी होते हैं। इसके साथ प्राथमिक उपचार की सभी जरूरत दवाइयां भी उपलब्ध रहेगी। हरियाणा के सभी पशुपालक इस योजना के तहत पशु बीमार होने पर 1962 पर कॉल करने पर उपलब्ध मोबाइल वेटेरनरी वैन कुछ ही समय में बताए गए स्थान पर पहुंच जाएगी। इस वैन के कर्मचारी गांवों में जा करके लोगों को इस वैन के बारे में जागरूक कर रहे हैं। ताकि लोग जरूरत पड़ने पर 1962 टोल फ्री नंबर डायल करके अपने पशुओं का उपचार निशुल्क करवा सके। करवाई जा सकती है। इसके तुरंत बाद आपके नजदीकी तैनात मोबाइल वैन पशुपालक के घर पहुंच जाऐगी

# पटना में शौर्य दिवस पर वायु सैनिकों का जलवा

### आसमान में बनाया तिरंगा तथा दिल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती पर मनाए जा रहे शौर्य दिवस के दौरान पटना का आसमान देशभक्ति से भर गया। फुलवारीशरीफ से लेकर अनीसाबाद कंकड़बाग, पटना सिटी, बायपास, जककनपुर, रामकृष्ण नगर खेमनी चक जगनपुरा परसा बाजार पुनपुन सम्पत चक और राजा बाजार जगदेव पथ खगॉल दानापुर जानीपुर तक लोग खुद-ब-खुद अपनी जगह रुक गए। कोई बस स्टैंड पर था, कोई चाय की दुकान पर, तो कोई घर की छत पर। जैसे ही आसमान में एयर शो शुरू हुआ, सबकी निगाहें ऊपर टिक गईं। इस दौरान जब फाइटर प्लेन ने आसमान में तिरंगे का रंग छोड़ा, तो लोगों की आंखें चमक उठीं। उसके बाद जब नीले आसमान में गोलाकार सर्किल बनाया इसके बाद तिरंगे के बीच दिल बनाया और उसमे एक फाइटर जेट ने तीर मारा, तो लोग चिल्ला उठे- देखो-देखो जवानों ने क्या बनाया !ह्व। आसमान में करतब दिखा रहे जवानों की वीरता को लोग एक टक निहारत रहे। लोगों ने कहा भाई आज जो देखा ऐसा जीवन भर याद रहेगा पहली बार हम लोगों ने पटना में आसमान में ऐसा नजारा दिखा। बच्चे हों या बुजुर्ग, सबकी जुबां पर एक ही बात थीझ्र ऐसा नजारा पहले कभी नहीं देखा। लोग वीडियो बना रहे थे, तालियां बजा रहे थे, और हर नजारे को अपनी यादों में कैद कर रहे थे। एयर शो का ऐसा नजारा देख लोग कड़ी धूप भूल गए।शहर के हर कोने से एक ही आवाज आ रही थी- वीर कुंवर सिंह अमर रहे भारत माता की जय करतब दिखा रहे जवानों को लोगों ने सेल्यूट किया उनके साहस सशौर्य को सलाम किया।कुछ लोग तो अपने घरों की छतों और बालकनी पर खड़े होकर पूरा नजारा देख रहे थे। कई लोगों ने इस मौके की वीडियो भी बनाई और सोशल मीडिया पर शेयर किया।एयर शो परेड के दौरान भारत माता की जय और जय जवान के नारों से माहौल गूंज उठा। लोगों ने कहा कि देशभक्ति का ऐसा जज्बा देखकर दिल खुश हो गया।कुछ इलाकों में तो छतों पर खडे होकर बच्चों ने भी हाथों में तिरंगा लेकर सैनिकों को सलामी दी। स्थानीय दुकानों और चाय की दुकानों पर लोग शौर्य दिवस की बात करते दिखे और आसमान में फाइटर जेट से करतब दिखा रहे जवानों के सम्मान में तालियां बजाते रहे। लोग छतों पर, बालकनी में और सड़क किनारे खड़े होकर वीरता का नजारा देख रहे थे।एयर शो के दौरान छतों से लोगों ने एक टक आसमान में फाइटर जेट के करतब को देखा। इस दौरान कड़ी धूप की तपिश को भी लोग भूल गए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर कोई आसमान में गूंजते रफ्तार के शोर में खो गया। जब तेज गति से उड़ते जेट अचानक आकाश में गोते खाते तो लोगों की तालियों की गूंज गूंज उठती। कई लोग अपने मोबाइल कैमरों से इन पलों को कैद करने में लगे थे, तो कुछ आंखों ही आंखों में इन नजारों को अपनी यादों में बसाने में मशगूल थे। हर उड़ान के साथ उत्साह की लहर दौड़ जाती और देशभक्ति से सराबोर माहौल बन जाता।

# पटना के नौबतपुर में थाना से कुछ ही दूरी पर स्वर्ण व्यवसाई से लूट

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ नौबतपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम एक बड़ी लूट की घटना सामने आई है। स्वर्ण व्यवसायी जितेंद्र कुमार को बाइक सवार अपराधियों ने उस वक्त निशाना बनाया, जब वे अपनी दुकान से घर लौट रहे थे। यह घटना और भी चौंकाने वाली इसलिए है क्योंकि यह वारदात थाना से महज 200 मीटर की दूरी पर हुई। घटना के बारे में बताया गया कि स्वर्ण व्यापारी जितेंद्र कुमार अपनी दुकान, जो परमेश्वर मार्केट में स्थित है, से देर शाम मोपेड पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे। मोपेड की डिक्की में उन्होंने एक लाख रुपये नगद के साथ-साथ सोने और चांदी के कीमती जेवरात भी रखे थे। सोने के जेवरात में झुमका, टीका, नथिया, ढोलना और मंगलसूत्र जैसे गहने शामिल थे, वहीं चांदी की पायलें भी डिक्की में रखी गई थीं। घर के पास स्थित एक मोड़ पर जब जितेंद्र किसी परिचित व्यक्ति से बात कर रहे थे, तभी अचानक दो युवक बाइक पर सवार होकर वहां पहुंचे। इससे पहले कि जितेंद्र कुछ समझ पाते, उन युवकों ने डिक्की खोलकर उसमें रखे नगद और गहने निकाल लिए और मौके से फरार हो गए। यह सब कुछ कुछ ही पलों में हो गया और व्यापारी कुछ कर नहीं सके। घटना के बाद पीड़ित व्यापारी ने तत्काल नौबतपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी रजनीश कुमार केसरी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि लूट की जगह और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। लूट की यह घटना इसलिए भी गंभीर मानी जा रही है क्योंकि यह थाना से बिल्कुल नजदीक घटी। इससे स्थानीय लोगों में कानून-व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है। इलाके के व्यापारियों और आम नागरिकों में भय का माहौल है और वे पुलिस से सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। थाना प्रभारी ने भरोसा दिलाया है कि अपराधियों की पहचान कर उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस आसपास के इलाके में लगे कैमरों की मदद से अपराधियों के भागने के रूट का पता लगा रही है। इसके अलावा स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। इस घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों में गुस्सा है। उनका कहना है कि थाना के पास जब ऐसी वारदात हो सकती है, तो आम आदमी कैसे सुरक्षित महसूस करे। व्यापारिक संगठनों ने भी प्रशासन से इलाके में गश्ती बढ़ाने और रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है। नौबतपुर में हुई यह लूट की घटना एक बार फिर यह दिखाती है कि अपराधी अब पुलिस के डर से बेखौफ होते जा रहे हैं। हालांकि, पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही अपराधी पकड़े जाएंगे। लेकिन इससे पहले यह जरूरी है कि सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता किया जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

# पटना स्थित एक्सिस बैंक की शाखा ने लगी आग

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ किदवईपुरी स्थित एक्सिस बैंक की शाखा में मंगलवार की सुबह अचानक आग लगने की घटना ने इलाके में हलचल मचा दी। हालांकि, फायर ब्रिगेड की तत्परता और स्थानीय लोगों की मदद से स्थिति पर जल्द ही नियंत्रण पा लिया गया और एक बड़ी दुर्घटना टल गई। यह घटना सुबह लगभग 6 बजे की बताई जा रही है। बैंक के अंदर अचानक धुआं उठता देखा गया, जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी जानकारी अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही लोदीपुर फायर स्टेशन से फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां घटनास्थल के लिए रवाना की गईं। अग्निशमन विभाग की प्राथमिक जांच के अनुसार, आग लगने का कारण बैंक के एयर कंडीशनर (एसी) का ओवरहीट होना बताया गया है। अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि सुबह के समय जब बैंक बंद था, तभी एसी में तकनीकी खराबी के कारण आग लगी। आग धीरे-धीरे फैलने लगी जिससे पूरे बैंक में धुआं भर गया। जब फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, तब बैंक के अंदर घना धुआं फैला हुआ था। आग पर काबू पाना आसान नहीं था, क्योंकि बैंक की खिड़कियां बंद थीं और अंदर घुसना भी एक चुनौती बन गया था। फायर ब्रिगेड की टीम ने खास मशीनों और पाइपों की मदद से सबसे पहले धुएं को बाहर निकाला, उसके बाद आग बुझाने की प्रक्रिया शुरू की गई। लगभग 30 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। इस पूरी घटना में राहत की बात यह रही कि कोई भी व्यक्ति झुलसा नहीं और बैंक के जरूरी दस्तावेज या कंप्यूटर आदि को भी कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचा। चूंकि घटना सुबह के वक्त हुई, जब बैंक बंद था, इसलिए कर्मचारी भी मौजूद नहीं थे। बैंक मैनेजर को जब आग लगने की जानकारी मिली तो वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। आग लगने की खबर फैलते ही आस-पास के लोग भी घटनास्थल पर जमा हो गए। कई लोग फायर ब्रिगेड कर्मियों की सहायता में भी जुट गए, जिससे राहत कार्यों में तेजी आई। भीड़ को नियंत्रित करने और यातायात बाधित न हो इसके लिए कोतवाली पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। इस घटना ने बैंक में आग से निपटने की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बैंक में फायर अलार्म या ऑटोमैटिक फायर सेफ्टी सिस्टम सक्रिय नहीं था, जिससे आग को शुरूआती स्तर पर नहीं रोका जा सका। हालांकि, फायर ब्रिगेड की तत्परता से बड़ा नुकसान टाल दिया गया। यह घटना एक बार फिर से इस बात की याद दिलाती है कि सार्वजनिक और निजी संस्थानों को अपने परिसरों में अग्निशमन उपकरणों और सुरक्षा उपायों को अपडेट रखना चाहिए, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में जान-माल का नुकसान न हो। बैंक प्रबंधन को भी तकनीकी उपकरणों की समय-समय पर जांच करवाने की आवश्यकता है। इस तरह, एक गंभीर हादसा होते-होते टल गया, लेकिन यह निश्चित रूप से सभी के लिए एक चेतावनी बनकर सामने आया है।

# आर्मी जवान के घर पर हुई गोलीबारी में पत्नी घायल, रेफर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार के जहानाबाद जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें अपराधियों ने एक आर्मी जवान के घर पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस घटना में जवान की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई है। यह घटना नगर थाना क्षेत्र के पूर्वी उठा मोहल्ले की है, जहां आर्मी जवान शिव शंकर कुमार अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहते हैं। बुधवार की सुबह जब शिव शंकर कुमार और उनकी पत्नी पुष्पा देवी अपने कमरे में सो रहे थे, तभी अज्ञात अपराधियों ने उनके घर की खिड़की से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान एक गोली पुष्पा देवी को जा लगी। गोली की आवाज से आसपास के लोग जाग गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मकान मालकिन रिंकी बालकर ने बताया कि फायरिंग की आवाज सुनकर सभी लोग चौंक गए। कुछ ही देर बाद शिव शंकर चिल्लाते हुए कहने लगे कि उनकी पत्नी को गोली लग गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल पुष्पा देवी को तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (पीएमसीएच) रेफर कर दिया। फिलहाल पुष्पा देवी की हालत नाजुक बनी हुई है और उनका इलाज चल रहा है। घटनास्थल की जांच के दौरान पुलिस को एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। एसडीपीओ संजीव कुमार ने बताया कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है। एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची है और सबूत इकट्ठा कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पति-पत्नी के बीच कभी-कभी घरेलू विवाद होता था, लेकिन इस बार शिव शंकर छुट्टी पर आए थे और किसी से कोई विवाद नहीं हुआ था। पुलिस हर एंगल से मामले की छानबीन कर रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि इस फायरिंग के पीछे असली वजह क्या थी।इस फायरिंग की घटना के बाद से पूरे मोहल्ले में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है। लोग डरे हुए हैं और किसी अनहोनी की आशंका से सहमे हुए हैं। पुलिस की टीम लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही है और मामले को जल्द सुलझाने की कोशिश में जुटी हुई है।

# पटना में बाइक चोरी को लेकर हुए विवाद में गोलीबारी के दौरान एक युवक घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ पटना के फतुहा इलाके से एक बेहद चिंताजनक घटना सामने आई है, जिसमें बाइक चोरी के मामले को लेकर हुए विवाद में गोली चल गई। इस गोलीबारी में एक युवक घायल हो गया है, जिसे इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। यह घटना फतुहा के नदी थाना क्षेत्र के सम्मसपुर मोहल्ले की है, जहां बुधवार को यह तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हुई। जानकारी के अनुसार, घायल युवक का नाम सोनू कुमार है, जिसे गोली उसके जांघ में लगी है। शुरूआत एक बाइक चोरी की घटना से हुई, जिसके तार पटना सिटी से जुड़े हैं। बताया जा रहा है कि प्रमोद कुमार के घर में एक महिला किरायेदार के रूप में रहती है, जो पटना सिटी में किन्नरों के साथ काम करती है। उस महिला को मोबाइल पर एक बाइक की तस्वीर भेजी गई, जिसमें बाइक बेचने की बात कही गई थी। तस्वीर देखते ही उसने पहचान लिया कि यह वही बाइक है, जो उसकी एक मित्र की हाल ही में चोरी हुई थी। महिला ने अपने मित्र को यह जानकारी दी और कथित रूप से 500 रुपये की मांग की। इसके बाद बुधवार की सुबह सोनू कुमार अपने कुछ साथियों के साथ महिला के घर पहुंचा और उनसे अपनी बाइक लौटाने की मांग करने लगा। इसी बीच दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी, जो धीरे-धीरे मारपीट में बदल गई। विवाद इतना बढ़ गया कि अचानक गोली चल गई और सोनू कुमार को गोली लग गई। गोली लगने के बाद उसे फौरन फतुहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही नदी थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई। थाना अध्यक्ष राजू कुमार ने जानकारी दी कि एक व्यक्ति, प्रमोद कुमार को हिरासत में लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि गोली किसने चलाई और गोली चलने की असली वजह क्या थी। फिलहाल क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है, लेकिन स्थिति पर पुलिस नजर बनाए हुए है। इस पूरी घटना ने एक बार फिर पटना में कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं और साथ ही यह भी दिखाया है कि छोटी-छोटी बातों में किस तरह हिंसा तक की नौबत आ सकती है।

# पटना में मोबाइल चलाने के दौरान ट्रेन से गिरी दो छात्रा, स्थिति गम्भीर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ पटना रेल मंडल में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहाँ चलती ट्रेन से दो छात्राएं गिर गईं। यह दुर्घटना दानापुर रेल मंडल के अंतर्गत बरहपुर हॉल्ट के पास हुई। बताया जा रहा है कि दोनों छात्राएं लखीसराय की रहने वाली हैं और स्नातक पार्ट-3 की परीक्षा देकर पटना से वापस अपने घर लौट रही थीं। वे पटना-झाझा मेमो ट्रेन में यात्रा कर रही थीं, जब यह हादसा हुआ। घायल छात्रा के भाई सुमित कुमार के अनुसार, ट्रेन में भारी भीड़ थी और छात्राएं गेट के पास खड़ी थीं। इसी दौरान वे मोबाइल चला रही थीं और संतुलन बिगड़ने के कारण चलती ट्रेन से नीचे गिर गईं। यह हादसा मोबाइल चलाने और सावधानी नहीं बरतने की वजह से हुआ। ट्रेन की रफ्तार तेज थी, जिस कारण छात्राएं दूर जा गिरीं और उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी के सब इंस्पेक्टर गंगे राघव और आरपीएफ मोकामा के एएसआई विवेक कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना देरी किए दोनों छात्राओं को इलाज के लिए मोकामा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में डॉक्टर वैद्यनाथ कुमार ने जांच के बाद एक छात्रा की स्थिति को गंभीर बताया। चूंकि एक छात्रा की हालत बेहद गंभीर थी, उसे बेहतर इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (पीएमसीएच)



रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों का कहना है कि उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं और उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। हादसे के बाद पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है। स्थानीय लोगों और परिजनों का कहना है कि ट्रेन में भीड़ की स्थिति आम बात हो गई है, और रेलवे प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए। साथ ही यह घटना युवाओं के बीच मोबाइल के अत्यधिक उपयोग और असावधानी का जीता-जागता उदाहरण बन गई है। इस घटना ने एक बार फिर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रेलवे की जिम्मेदारी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि ट्रेनों में भीड़ नियंत्रित करने और गेट के पास खड़े होने से रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाने चाहिए। इसके अलावा यात्रियों को भी यात्रा के दौरान सतर्कता बरतनी चाहिए ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। यह हादसा न सिर्फ एक चेतावनी है बल्कि एक बड़ी सीख भी है कि थोड़ी सी लापरवाही कितनी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। उम्मीद की जा रही है कि घायल छात्रा जल्द स्वस्थ होगी और रेलवे प्रशासन ऐसे हादसों को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाएगा।

# पटना के पालीगंज में मनाया गया शौर्य का 167 वां वर्ष

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पालीगंज स्थित आर्य समाज पुस्तकालय भवन में बुधवार को बाबू कुंवर सिंह का 167 वां विजयोत्सव को शौर्य का 167 वां वर्ष के रूप में मनाया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार को पालीगंज स्थित आर्य समाज मन्दिर के पुस्तकालय सभागार में बाबु वीर कुंवर सिंह का 167 वां विजयोत्सव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य समाज विकास एवं निगरानी समिति के पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. राज किशोर सिंह तथा संचालन समिति के सचिव डॉ. ज्ञान प्रकाश गुप्त ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रफीगंज के पूर्व विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष औरंगाबाद अशोक सिंह तथा जदयू किसान प्रकोष्ठ के वरिष्ठ नेता नन्द किशोर कुशवाहा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि भाजपा के पूर्व विधायक राम जन्म शर्मा एवं वरिष्ठ नेता रविन्द्र रंजन ने स्वतंत्रता आंदोलन में शहीदों के वंशजों कमलेश शर्मा, रमाशंकर सिंह एवं डा. ज्ञान प्रकाश गुप्त को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सभा को संबोधित करते हुए समिति के लेखा निरीक्षक महेन्द्र पासवान ने बाबु वीर कुंवर सिंह के शौर्य तथा पराक्रम को नमन करते हुए पटना के मेरिन ड्राइव पर आयोजित एयर शो के सफल कार्यक्रम आयोजित करने के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार को बधाई दी। शिक्षक लैलून कुमार ने वीर कुंवर सिंह की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। आर्य समाज विकास एवं निगरानी समिति के अध्यक्ष सतीश चन्द्र ने वर्तमान समय में आर्य समाज मन्दिर पर छाए समस्याओं के बादल से लोगों को अवगत कराया। सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्षीय भाषण में डा. राज किशोर सिंह ने आर्य समाज मन्दिर को अतिक्रमण कारियों से डट कर मुकाबला करने के लिए सभी आगंतुकों से सहयोग की अपेक्षा की। समिति के उप सचिव जितेन्द्र कुमार राम ने सभी अतिथियों को माला पहना कर स्वागत किया तथा वीर कुंवर सिंह के रास्ते पर चलने की अपील भी किया। सभा को दिलीप कुमार खत्री, डा. उदय सिंह, संजय पासवान, सूर्यदेव सिंह, मोहन चौधरी, अनिल आजाद, अखिलेश सिंह, प्रो. उदय सिंह, सुदर्शन पासवान, सिंटू सिंह, विमल प्रकाश साहु, दुर्गेश नारायण, इंद्रजीत सिंह, भीम सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। अन्त में महेन्द्र पासवान ने सभी आगंतुक अतिथियों, वक्ताओं तथा श्रोताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पटना स्थित गर्ल होस्टल में लगी भीषण आग

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र में स्थित चकारम इलाके के पंखुड़ी गर्ल्स हॉस्टल में एक भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। इस आग ने न केवल हॉस्टल की इमारत को प्रभावित किया, बल्कि वहां रह रही छात्राओं को भी खतरे में डाल दिया। यह घटना उस समय हुई जब अधिकतर लड़कियां अपने कमरों में आराम कर रही थीं।घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जिला अग्निशमन पदाधिकारी मनोज नट अपनी टीम के साथ समय पर मौके पर पहुंचे और राहत कार्यों का नेतृत्व किया। बताया गया कि जिस बिल्डिंग में यह हॉस्टल चल रहा था, वह तीन मंजिला (G+3) थी और आग हॉस्टल वाले फ्लोर पर लगी थी। रिपोर्ट के अनुसार, हॉस्टल के एक कमरे में एक लड़की ने दिया जलाकर छोड़ दिया था, जिसके कारण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि लकड़ी से बने केबिन और उसमें रखे सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गए। रूम में बनाए गए केबिन लकड़ी से बनाए गए थे, जिसमें छात्राएं रह रही थीं। जैसे ही आग फैली, वहां अफरा-तफरी मच गई। उस वक्त रूम में कुल 15 लड़कियां मौजूद थीं, जिनमें से 13 को अग्निशमन कर्मियों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बाकी दो लड़कियां भी खुद सुरक्षित बाहर आ गईं। हॉस्टल की एक छात्रा नेहा कुमारी ने बताया कि दिया जलाकर छोड़ने के कारण ही यह दुर्घटना हुई। सौभाग्य से किसी की जान नहीं गई और सभी छात्राएं सुरक्षित हैं, लेकिन उनके जरूरी सामान जैसे किताबें, बिस्तर आदि पूरी तरह जल गए। फायर ब्रिगेड की ओर से छह बड़ी गाड़ियों और हाइड्रोलिक उपकरणों की मदद से आग बुझाने का काम किया गया। वहीं, स्थानीय थाना प्रभारी सदानंद शाह ने बताया कि थाने को जैसे ही घटना की जानकारी मिली, तुरंत फायर कंट्रोल रूम को सूचित किया गया और राहत कार्य तेजी से शुरू कर दिए गए। इस घटना ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया है कि हॉस्टल जैसे स्थानों पर आग से बचाव के पुख्ता इंतजाम होना अत्यंत जरूरी है। छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन और हॉस्टल प्रबंधन को मिलकर गंभीरता से कदम उठाने की जरूरत है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# विधान पार्षद को नबीनगर को अनुमंडल बनाने से संबंधित ज्ञापन सौंपा

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर को अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष संतन सिंह के नेतृत्व मे एक शिष्टमंडल औरंगाबाद के विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह से मिलकर मुख्यमंत्री को अनुमंडल बनाने से संबंधित सौंपे गए ज्ञापन की प्रति सौंपी गई।अध्यक्ष ने बताया कि ज्ञापन में नबीनगर को अनुमंडल बनाने से संबंधित सभी अवयवों को दशार्या गया है।साथ ही ज्ञापन में मुख्यमंत्री द्वारा पुर्व में नबीनगर आगमन पर नबीनगर को अनुमंडल का दर्जा देने की घोषणा का भी याद दिलाया गया है।अध्यक्ष ने कहा कि विधान पार्षद ने आश्वासन दिया कि नबीनगर को अनुमंडल बनाने के लिए उनके द्वारा हर संभव मदद किया जाएगा।विधान पार्षद ने यह भी आश्वासन दिया कि जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलने का समय निर्धारित किया जाएगा और संघर्ष समिति के सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री से मिलकर इसे कार्यान्वयन कराने का पुरजोर प्रयास किया जायेगा।शिष्टमंडल में संघर्ष समिति के सचिव शंकर प्रसाद,कार्यकारिणी के सदस्य, सत्येंद्र कुमार सिंह, श्यामबिहारी सिंह,सुरेंद्र सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह,सुजीत कुमार मौजूद थे।

# ईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने राजमहल परियोजना के खननक्षेत्र का किया निरीक्षण

**समाज जागरण मनोज कुमार साह गोड्डा**



ईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निर्देशक सतीश झा ने बुधवार को ईसीएल राजमहल परियोजना के खदान क्षेत्र तालझारी भी पॉइंट एवं लोहनं ड़िया भी पॉइंट पहाड़पुर मोजा में एमपीएल कंपनी एवं ूँस्त्र सेलो पॉइंट का भी निरीक्षण किया तथा वर्कशॉप में दो वॉटर टैंकर का भी उद्घाटन किया तथा एजेंट कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक भी किया गया वही राजमहल परियोजना के महाप्रबंधक प्रभारी अरुपानंद नायक ऊर्जा नगर स्थित राजमहल हाउस में सीएमडी को बुके देकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया सीएमडी सतीश झा ने राजमहल परियोजना में कोयले का उत्पादन को देखकरकाफी खुश नजर आए उन्होंने परियोजना के प्रगति पर ले जाने के लिए महाप्रबंधक प्रभारी अरुपानंद नायक के कार्यों की सराहना की सीएमडी सतीश झा ने कहां की ईसीएल राजमहल परियोजना पुराने सारे रिकॉर्ड को तोड़ते हुए वर्ष 2024-25 में 18 मिलियन टनकोयले का उत्पादन किया जो सबसे सर्वाधिक कोयले का उत्पादन है यह राजमहलपरियोजना एक कीर्तिमान स्थापित किया है

# फरार अभियुक्त के घर चिपकाए गए इस्तीहार, नौडीहा बाजार थाना।

**समाज जागरण सत्येंद्र चौरसिया**



पलामू पुलिस अधीक्षक रेशमा रमेशन के निदेर्शानुसार नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी के अध्यक्षता में नौडीहा बाजार थाना कांड संख्या- 65/24 दिनाक- 13/10/2024 धारा- 70(2) BNS & 4/6 Posco Act के अप्राथमिकी अभियुक्त 1) टिमन भुइंया पिता- वृक्ष भूइयां पता- नावाडीह थाना नौडीहा बाजार जिला पलामू के घर पर एस आई आशीष कुमार ने अपने पुलिस दलबल के साथ स्थानीय ग्रामीणों के उपस्थिति में ढोल नगाड़ों के साथ विधिवत रूप से माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत इसतिहार को चिपकाया गया

# मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत ब्रायलर चूजों का किया गया वितरण

**पंकज कुमार पाठक,संवाददाता पदमा, दैनिक समाज जागरण**



पदमा-पशु चिकित्सालय पदमा में 23 अप्रैल को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत सतरह लाभुको के बीच प्रखंड प्रमुख बीना देवी पदमा, प्रखंड विकास पदाधिकारी निधि रजवार, बीस सूत्री अध्यक्ष संजय यादव,जिला परिषद सदस्य बसंत नारायण मेहता एवं प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी नकुल मोदी,जिला पशुपालन विभाग से महेश कुमार तथा पशुपालन कर्मी ललन कुमार ,छोटन कुमार व परमेश्वर मेहता की उपस्थिति में आपूर्ति कर्ता झारखंड पशु विकास फार्म रामगढ़ के द्वारा ब्रॉयलर चूजों का वितरण किया गया।प्रत्येक लाभुको को पाँच सौ चूजों के साथ प्रत्येक पचास किलोग्राम के बारह-बारह बैग दाने के साथ अन्यान्य सामग्री का वितरण किया गया।मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी नकुल मोदी ने लाभुको को मुगीर्पालन करने के बारे में जानकारी एवं पालन करने की विधि बताकर बीमारी तथा रोकथाम के उपाय के बारे में बताया।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसका लाभ लेकर मुगीर्पालक रोजगार को बढ़ाकर आत्मनिर्भर बन पाएंगे।इस योजना का लाभ लेने वाले लाभुकों में कुसुम सिंह,कुसुम देवी, शंकुतला कुमारी,पानवा मसोमात ,नुनिया मसोमात,संजू कुमारी,श्रवण कुमार,रूबी देवी,बेबी देवी,संजीव गिरी,विपिन कुमार,सुभाष कुमार,मुंदरी देवी,सुनीता देवी,परवा मसोमात, रिंकू देवी व बसंती देवी है।

# पीएम श्री मध्य विद्यालय में मनाया गया पृथ्वी दिवस ,बच्चों को किया गया जागरूक

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव : बड़कागांव के पीएम श्री मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक अशोक कुमार की अध्यक्षता में पृथ्वी दिवस बुधवार को मनाया गया । संचालन दीपक राणा ने किया। मौके पर पर्यावरण को लेकर बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई व पेड़ पौधे लगाने एवं संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने कहा कि दिन प्रतिदिन तेजी से जंगलों एवं आसपास में पेड़ पौधों का कटाव हो रहा है। इस पर नियंत्रण करना होगा। तभी पर्यावरण का बचाव होगा, पृथ्वी बचेगी। प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ लगाने चाहिए। शिक्षक राजू कुमार ने कहा कि पेड़ लगाने के साथ-साथ उसकी देखभाल बहुत ही आवश्यक है । पेड़ पौधे को देखभाल करने से ही पेड़ पौधे बचेंगे। मौके पर चेतलाल राम, विनोद रजक, हेमेंद्र कुमार, नीलू कुमारी ,दीपक राणा, निगार सुल्ताना, निधि कुमारी, मुनेश कुमार राम,रामवृक्ष राम, कमलेश श्रीवास्तव, कार्तिक सोनी, संजय सागर , चंद्रामती वर्मा, राजू कुमार ,देवेंद्र कुमार ,तुलसी कुमार, संतोषी कुमारी, पुष्पा कुमारी ,रजनी कुमारी, बसंती कुमारी ,देवनाथ कुमार, जमशेद अंसारी, नकुल महतो व शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# पहलगाम आतंकी हमले में हिंदुओं की हत्या के विरोध में भाजपा का आक्रोश मार्च

**पहलगाम की घटना सिर्फ आतंक नहीं, इंसानियत पर हमला है : प्रदीप प्रसाद**

**आतंकियों की पहचान कर की गई हत्याएं बर्बरता की पराकाष्ठा हैं : विवेकानंद सिंह**



**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा हिंदू समुदाय के सदस्यों की लक्षित हत्याओं के विरोध में, भारतीय जनता पार्टी ,हजारीबाग जिला इकाई द्वारा तीखी प्रतिक्रिया करते हुए जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह के नेतृत्व में आक्रोश मार्च आयोजित किया गया। जिसमें सदर विधायक प्रदीप प्रसाद भी मुख्यरूप से शामिल हुए. इस जघन्य कृत्य के विरोध में ,हजारीबाग जिले में, भाजपा के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ नेताओं तथा कार्यकताओं द्वारा बुढ़वा महादेव से आनंद चौक होते हुए, झंडा चौक तक आक्रोषपूर्ण मसाल जुलूस निकालकर विरोध प्रकट किया गया। झंडा चौक पर वक्ताओं ने कहा की इंटेलिजेंस एजेंसी द्वारा जारी रिपोर्ट के आधार पर पहलगाम हमले का ,आतंकी संगठन का मास्टरमाइंड सैफुल्लाह खालिद ,पाकिस्तान में बैठा है ।जहां पाकिस्तानी सेना फूल बरसा कर, उस आतंकी सरगना का स्वागत करती है। पहलगाम के आतंकी हमले में 28 हिंदू की हत्या कर दी गई है और 20 से ज्यादा हिंदू घायल है। आतंकियों ने नाम और धर्म पूछ कर हिंदुओं क चुन-चुन कर हत्या की गई है ।हमले की जिम्मेवारी भी टी आर एफ की आतंकी संगठन ने ली है। जो पाकिस्तान में शरण लिए हुए हैं। वक्ताओं ने केंद्र सरकार से मांग की है कि पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों का शीघ्र खत्म हो । दहशतगर्दियों को केंद्र सरकार मुंह तोड़ जवाब दे एवं पहलगाम हमले में आतंकियों को संरक्षण देने वाली पाकिस्तानी सेना को भी सरकार सबक सिखाएं। मौके पर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की यह हमला सिर्फ कुछ लोगों पर नहीं, बल्कि पूरे भारत के साम्प्रदायिक सौहार्द और लोकतांत्रिक मूल्यों पर किया गया है। ऐसे समय में पूरे देश को एकजुट होकर आतंकवाद के विरुद्ध खड़ा होना होगा। जिन्होंने मासूमों के खून से धरती को लाल किया है, उन्हें बख्शा नहीं जाना चाहिए। आतंक का यह चेहरा एक बार फिर सामने आया है, जिसने धर्म के नाम पर इंसानियत को शर्मसार किया है। जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा कि पहलगाम में निर्दोष हिंदू नागरिकों की पहचान कर जिस तरह से हत्या की गई है, वह मानवता को झकझोर देने वाला कृत्य है। यह साफ है कि आतंकवादी संगठन भारत की आंतरिक एकता को तोड़ने का षड्यंत्र रच रहे हैं, लेकिन वे अपने मंसूबों में कभी सफल नहीं हो सकते। आक्रोश पूर्ण मसाल रैली में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, सुदेश चंद्रवंशी ,अभिमन्यु प्रसाद, आनंद देव ,रेणुका साहू ,जय नारायण प्रसाद ,रणधीर पांडे ,राजकरण पांडे ,इंद्र नारायण कुशवाहा ,प्रकाश कुशवाहा, विवेक बैरियार, अविनाश कुमार ,रामजी गुप्ता, नरेश शाह ,अविनाश दुबे , अविनाश कुमार, भारत भूषण शर्मा ,राज किशोर सामंत, रतन सिंहा ,लीलावती देवी, प्रकाश शाह, कुंवर मनोज सिंह,चंदन सिंह, मुरारी सिंह, ऋषि शर्मा, अनूप कुमार शर्मा ,रानी कश्यप, सविता कुमारी ,सरस्वती देवी, कुलदीप कृष्णा ,विजय वर्मा ,सुबोध सिंह, कुलदीप सिंह ,राजेश चंद्रवंशी ,बिंदु शर्मा, धनंजय सिंह ,प्रकाश प्रसाद, फुलवा देवी ,गुड़िया कुमारी ,श्याम कुमारी ,सुमन कुमारी, सोनी छेत्री कृष्णा, नारायण साहू ,आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिला उद्योग केंद्र हजारीबाग में उद्यम रजिस्ट्रेशन-कम-जागरूकता शिविर का आयोजन।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**




जिला उद्योग केंद्र, हजारीबाग के द्वारा बुधवार को जिला उद्योग केंद्र में उद्यम रजिस्ट्रेशन कम-जागरूकता शिविर का आयोजन आज बुधवार को किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम के पंजीकरण को बढ़ावा देना और उद्यमिता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक शंभु शरण बैठा ,जिला अग्रणी प्रबन्धक राकेश आजाद, ईओडीबी मैनेजर श्याम कुमार गुप्ता,चैंबर ऑफ कॉमर्स हजारीबाग के अध्यक्ष शंभु नाथ अग्रवाल एवं प्रतिनिधि तारिक राजा,आर सेटी के साथ-साथ विभिन्न जगहों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। मौके पर श्याम कुमार गुप्ता जिला उद्योग केंद्र द्वारा क्रियान्वित योजनाओं और उद्यमिता को बढ़ावा देने वाली पहल पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि उद्यम रजिस्ट्रेशन, पीएमइजीपी, पीएम एफ एम ई और माइक्रो इंटरप्राइजेज डेवलपमेंट जैसी योजनाएं छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को उद्यम रजिस्ट्रेशन , प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत फॉर्म भरने में भी उद्यमियों को सहयोग दिया जाएगा। महाप्रबंधक ने लोगों को छोटे-छोटे उद्योगों से जुड़कर रोजगार करने की अपील की। जिला अग्रणी प्रबन्धक बैंक से संबंधित सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं विभिन्न प्रकार के योजनाओं के विषय में विस्तार से बताया और कहा कि लोग घर पर ही रहकर के स्वरोजगार कर सकते हैं। चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ने हजारीबाग में उद्योग से संबंधित संभावनाओं को बताया शिविर के दौरान उद्यमियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया,वित्तीय सहायता और सरकारी योजनाओं के लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम में स्थानीय लोगों से कहा गया कि उद्यमियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। जिससे वे अपने व्यवसाय को औपचारिक रूप से पंजीकृत कर सरकारी लाभ प्राप्त कर सकते हैं। डीआईसी के महाप्रबंधक ने सभी इच्छुक उद्यमियों से अपील किया कि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने व्यवसाय को सशक्त बनाएं। इस कार्यक्रम में कुल 50 लोगों को ऑन द स्पॉट उद्यम रजिस्ट्रेशन किया गया और 50 लोगों को उद्यम रजिस्ट्रेशन के लिए दस्तावेज लिए गए। कार्यक्रम में लगभग 140 लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम में रजिस्ट्रेशन निशुल्क किया गया।

# श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी द्वारा कटकमसांडी के कंडसार में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**बुनियादी उपचार जरूरतमंदों को निशुल्क उपलब्ध कराना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना मुख्य उद्देश्य है - डॉ प्रवीण श्रीनिवास**



**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग**

श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी द्वारा कटकमसांडी प्रखण्ड स्थित कंडसार में बुधवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइसेंस एंड होस्पिटल, संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल एवं श्रीनिवास डायग्नोस्टिक के संयुक्त तत्वावधान में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। सामान्य स्वास्थ्य, दांत, नेत्र, सुगर, क्लोस्ट्रोल एवं रक्त का जांच जरूरतमंदों को मुफ्त प्रदान की गई। कई जरूरतमंद मरीजों ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि बुनियादी उपचार जरूरतमंदों को निशुल्क उपलब्ध कराना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना मुख्य उद्देश्य है। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉ प्रसून, रेशमी कुमारी, अजरा निगार, संगम कुमार, शयूम अंसारी, रजनी कुमारी एवं रंजीता कुमारी सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना योगदान दिया।

# ब्लॉक मोड एवं दैनिक बाजार में जल मीनार खराब, लोग परेशान

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**



बड़कागांव मुख्यालय से सटा ब्लॉक मोड़ के पास विगत एक माह से तथा बड़कागांव दैनिक बाजार में 15 दिनों से जल मीनार खराब पड़ा है ।जिसके कारण ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जुझना पड़ रहा है। ब्लॉक मोड़ के पास स्कूल ,कॉलेज ब्लॉक व अन्य आवागमन कर रहे राहगीरों के लिए व दैनिक बाजार में सैकड़ो लोग सब्जी खरीदने एवं कारोबार करने वालों के लिए पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। भीषण गर्मी को देखते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञानेश्वर शर्मा ने प्रशासन से प्रखंड में बंद पड़े जल मीनारो को मरम्मत करवा कर पानी चालू करवाने की मांग की है।मामले को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पीएचडी विभाग से बात कर बनाने का प्रयास किया जाएगा।

# मोमबत्ती जलाने का नहीं, एक्शन का समय है: टोनी जैन

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**



कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। निर्दोष पर्यटकों पर की गई इस बर्बर घटना को लेकर जन आक्रोश चरम पर है। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष टोनी जैन ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता के खिलाफ सबसे घिनौनी हरकत करार दिया है। टोनी जैन ने कहा, ह्लयह वक्त मोमबत्ती जलाने का नहीं, एक्शन लेने का है। जिस तरह धर्म पूछकर मासूम पर्यटकों को उनके परिवार के सामने मौत के घाट उतारा गया, वह कायरता की पराकाष्ठा है। पूरे भारतवर्ष का हिंदू समाज आज मर्माहत है, क्रोधित है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से अपील की है कि अब वक्त आ गया है कि भारत के दुश्मनों को उनके घर में घुसकर मुंहतोड़ जवाब दिया जाए। उन्होंने कहा, जिस नवविवाहिता के सामने उसके पति को बेरहमी से मारा गया, उसका कसूर क्या था? आज भारत की हर बेटी, हर मां सरकार की तरफ उम्मीद से देख रही है। टोनी जैन ने मांग की कि इस हमले का जवाब ऐसा हो जो पूरी दुनिया के लिए मिसाल बने। 27 निदोर्षों की बलि का बदला 27 हजार आतंकियों को जहन्नुम भेजकर लिया जाए ताकि भविष्य में कोई भारत की ओर आंख उठाने से पहले सौ बार सोचे। उन्होंने सरकार से अपील की कि अब शब्दों का नहीं, कार्यवाही का समय है। जिहादियों को उनकी ही भाषा में जवाब देना होगा, तभी शहीदों की आत्मा को शांति मिलेगी और भारतवासियों का विश्वास सशक्त होगा।

# प्रेस क्लब, हजारीबाग ने की पहलगाम हमले की घोर निंदा आतंकियों की कार्रवाई को बताया कायरतापूर्ण

**केंद्र सरकार से पाकिस्तान की आतंकी गतिविधियों पर लगाम कसने की मांग मारे गए पर्यटकों के परिजनों को उचित मुआवजा और पीड़ित परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी दें सरकार**




**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरणहजारीबाग ।**

प्रेस क्लब, हजारीबाग ने कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हमले की घोर निंदा की है। साथ ही आतंकवादियों की इस गतिविधि को कायरतापूर्ण करार दिया है। प्रेस क्लब हजारीबाग और इससे जुड़े जिलेभर के पत्रकारों ने आतंकी हमले में प्राण गंवानेवाले पर्यटकों के प्रति गहरी संवेदना जताई है। प्रेस क्लब हजारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप ने केंद्र सरकार से पाकिस्तान से जारी आतंकी गतिविधियों पर शीघ्र लगाम कसने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ पहलगाम पर नहीं, हमारी मातृभूमि संपूर्ण हिन्दुस्तान पर हमला है। उन्होंने आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को उचित मुआवजा और पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। प्रेस क्लब हजारीबाग के सचिव मिथिलेश मिश्र ने बयान जारी करते हुए कहा कि पहलगाम हमला बर्दाश्त के लायक नहीं है। गृहमंत्री को इस पर कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है। इसका मुंहतोड़ जवाब आतंकवादियों को मिलना ही चाहिए। साथ ही पर्यटन स्थलों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की आवश्यकता है। इस संबंध में केंद्र सरकार को पत्राचार भी किया जाएगा। प्रेस क्लब हजारीबाग के सभी साथियों ने इस दुःख की घड़ी में सांत्वना के स्वर दिए हैं।

# कांडतरी पंचायत में लगे स्ट्रीट लाईट शोभा की वस्तु बनकर रह गई है

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत कांडतरी पंचायत में लगाई गई दर्जनों स्ट्रीट लाइट खराब पड़े हैं। जिसके कारण रात्रि में राहगीरों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है । कांडतरी पंचायत स्थित महुदी आंगनबाड़ी केंद्र सहित कई पोल खुट्टा में लगे स्ट्रीट लाईट खराब हो जाने से स्ट्रीट लाइट मात्र शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। उक्त स्थानो पर विभाग की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। रिपेयरिंग भी नहीं हो रहा है, ना ही नई



स्ट्रीट लाईट लगाई जा रही है। जिसके कारण रहागीरों को रात्रि के समय आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।लोगों ने मांग की है कि या तो जल्द से जल्द पंचायत में खराब पड़े स्ट्रीट लाईट की रिपेयरिंग की जाए या बदलकर नए लाईट लगाए जाएं। ग्रामीणों ने बताया कि यह स्ट्रीट लाईट कई कंपनी के साथ-साथ वन विभाग के द्वारा भी लगाई गई थी। स्ट्रीट लाईट लगने से जहां एक ओर पंचायत की एक-एक गांव , टोला मोहल्ला की सड़के , चौक चौराहा जगमगा उठा था। जिससे लोगों को रात्रि के समय में आवागमन करने में काफी सुविधा हो रही थी।और लोग दुर्घटनाओं से बच रहे थे। परंतु स्ट्रीट लाइट खराब होने के कारण हमें अब आवागमन में असुविधा हो रही है।

# जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले की विधायक रोशनलाल चौधरी ने घोर निंदा की

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसारन घाटी में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले में 28 निर्दोष लोगों की जान चली गई। इस दुखद घटना पर बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंन प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यह आतंकी घटना अक्षम्य व घोर निंदनीय हैं। जिन लोगों ने इस दुःखद घटना में अपनों को खोया है उनके परिजनों के प्रति अपनी शोक संवेदनाएँ व्यक्त करता हूँ । प्रभु श्री राम से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें। एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करे। इस बर्बर हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से अपील की है कि हमले के दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए ,ताकि देश में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# वीरता और बलिदान की गूंजः हजारीबाग में वीर कुंवर सिंह विजय उत्सव का भव्य आयोजन

**कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने श्रद्धासुमन किया अर्पित, युवाओं से देशभक्ति का किया आह्वान**

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

1857 की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की स्मृति में बुधवार को हजारीबाग के सर्किट हाउस के समीप वीर कुंवर सिंह विजय उत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह ऐतिहासिक अवसर वीरता, राष्ट्रप्रेम और त्याग की भावनाओं से ओतप्रोत रहा। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित*किए । उन्होंने वीरता के इस अप्रतिम प्रतीक को शत-शत नमन करते हुए कहा, बाबू वीर कुंवर सिंह न केवल स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे, बल्कि वे भारतीय स्वाभिमान और अद्वितीय साहस के प्रतीक हैं। उनके बलिदान ने अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी थी। मुन्ना सिंह ने युवाओं से भी विशेष रूप से राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भागीदारी की अपील करते



हुए कहा कि आज का दिन हमें उन गुमनाम नायकों की याद दिलाता है, जिनकी कुर्बानियों से आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले पा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी सदैव ऐसे महान क्रांतिकारियों के सिद्धांतों और मूल्यों को प्रणाम करती रही है और उनके दिखाए रास्ते पर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीतों, और वीर कुंवर सिंह के जीवन पर आधारित वक्तव्यों ने समूचे वातावरण को भावविभोर कर दिया। हर तरफ जयघोष गूंजता रहा जय हिन्द, जय वीर कुंवर सिंह। मुख्य रूप से उपस्थित। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो दिनेश कुमार सिंह,आनंद देव , बंटी देव , भगवान सिंह राजू सिंह (पिंडी), बबलू सिंह,रविन्द्र सिंह ,शत्रुघ्न सिंह ,मुन्ना सिंह ,प्रदीप सिंह , मिथिलेश सिंह, पंकज सिंह ,मिथिलेश सिंह, आशीष सिंह ,संजय सिंह , परमानंद सिंह , पंकज सिंह ,डॉ मनोज कुमार सिंह , बबलु सिंह ,राज कुमार सिंह ,रवि रंजन सिंह ,डॉ संजीव सिंह,

# प्रखंड विकास पदाधिकारी, विष्णुगढ़ ने दर्ज कराई प्राथमिकी।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।।**

ग्राम पंचायत अलपीटो विष्णुगढ़ प्रखंड में 15वें वित्त योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की गई थी। एमआईएस रिपोर्ट के आधार पर क्रियान्वित की गई सभी 16 योजनाओं यथा पेवर्स ब्लॉक पथ निर्माण, पुलिया निर्माण,श्मशान घाट निर्माण, चापानल की मरम्मती, जल नल कनेक्शन आदि में विभागीय दिशा निर्देशों की अवहेलना करते हुए 23लाख 80 हजार रुपए का अवैध रूप से भुगतान कर गबन करने का मामला संज्ञान में आने पर विष्णुगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार के द्वारा जांच क्रम में इस कार्य में संलग्न अलपीटो मुखिया सुमिता देवी, मुखिया पति धनेश्वर यादव नारायण यादव मुखिया का संबधी तथा तत्कालीन पंचायत सचिव सरयू पासवान की संलिप्तता पाई गई है। उक्त सभी योजनाओं का भुगतान अलग-अलग लाभुक समिति के नाम से होना था। प्रखंड विकास पदाधिकारी, विष्णुगढ़ ने इस पर कार्रवाई करते हुए अवैधकताओं द्वारा सरकारी राशि का गबन एवं दुरुपयोग, वित्तीय अनियमित तथा सरकारी नियम परिनियम की अवहेलना,पद का दुरुपयोग करना, साक्ष्य मिटाना एवं अन्य अनियमितताओं के संदर्भ में भारतीय न्याय संहिता के सुसंगत धाराओं के तहत विष्णुगढ़ थाना में अभियुक्तों पर प्राथमिकी की दर्ज कराई गई है। इन योजनाओं के भुगतान में हुई गड़बड़ी। बीडीओ का कहना कि योजना के तहत करवाए गए निर्माण कार्यों का भुगतान अलग-अलग लाभुक समिति के नाम होनी चाहिए थी। ऐसी 16 योजनाओ को चिह्नित किया गया। इसका भुगतान मार्गनिर्देशिका के विपरीत किया गया है। इसमें हेठली बोदरा में रामदेव यादव के घर से बालेश्वर यादव के घर तक फेवर्स ब्लांग पथ -60 हजार, हेठली बोदरा में पीसीसी पथ से प्रसादी यादव के घर तक फेवर्स ब्लाग पथ एक लाख 90 हजार, चौथा में महावीर यादव के घर से छोटे यादव के घर तक फेवर्स ब्लाग पथ-एक लाख 90 हजार, गुंडरो में मनोज ठाकुर के घर से प्रकाश ठाकुर के घर तक फेवर्स ब्लाग पथ-एक लाख 90 हजार रुपए, गुंडरो में पारटांड मंदिर से डेगलाल सिंह के घर तक फेवर्स ब्लाग पथ-एक लाख 2 हजार रुपए, गुंडरो में मनोज सिंह के घर से महेंद्र सिंह के घर तक फेवर्स ब्लाग पथ-एक लाख, अलपीटो में छतरटांड मंदिर से देवकी यादव के घर तक पेवर्श ब्लाग पथ एक लाख, हेठली बोदरा के मुकेश यादव के घर से पास पुलिया निर्माण -90 हजार, चौथा में बाराघाट में श्माशान घाट निर्माण, 50 हजार रुपए, अलकोपी में चापाकल मरम्मत एक लाख 90 हजार रुपए, उपरैली बोदरा में जलनल कनेक्शन एक लाख 90 हजार, चौथा में 20 घरों में जल नल पाइप कनेक्शन एक लाख 90 हजार, अलपीटो में पंडित टोला में 10 घरों में जल नल कनेक्शन- एक लाख 90 हजार, हेठलीबोदरा में पाठक टोला में जल नल कनेक्शन एक लाख 50 हजार अलपीटो में घटाटांड में जल नल पाइप कनेक्शन, -एक लाख 90 हजार, हेठली बोदरा में सिंह टोला में जलनल पाइप कनेक्शन एक लाख 90 हजार रुपए का भुगतान किया गया है। इन योजनाओ का अभिलेख एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज से संबंधित साक्ष्य मिटाने के लिए अलपीटो पंचायत में चोरी की घटना घटी, जो जांच का विषय है। इस संबंध में थाने में मामला दर्ज किया गया है।

# डॉ. घनश्याम राय की अध्यक्षता में यूआर कॉलेज में मनाया गया 167वां शौर्य दिवस

**बाबू कुंवर सिंह को दी गई श्रद्धांजलि, छात्रों ने किया पौधरोपण**



**दैनिक समाज जागरण रोसड़ा ।** स्थानीय यूआर कॉलेज में बुधवार को कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय की अध्यक्षता में 167वां शौर्य दिवस पूरे गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिवार ने 1857 की क्रांति के महान सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरूआत बाबू कुंवर सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। अपने संबोधन में डॉ. राय ने कहा कि 23 अप्रैल 1858 को जगदीशपुर में ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना को करारी शिकस्त देने के बाद वहां से अंग्रेजी झंडा यूनियन जैक उतार दिया गया था। यह दिन भारतीय इतिहास में वीरता, आत्मबलिदान और स्वाधीनता संग्राम की प्रेरणास्त्रोत घटना के रूप में दर्ज है, और इसी स्मृति में शौर्य दिवस मनाया जाता है। प्राध्यापक डॉ. उमाशंकर प्रसाद ने कहा कि बाबू कुंवर सिंह ने जाति और धर्म से ऊपर उठकर पूरे समाज को संगठित किया और अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती दी। वे स्वतंत्रता संग्राम के एक ऐसे नायक थे, जिन्होंने जन-जन में देशभक्ति की भावना जगाई। इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. विनय कुमार, डॉ. जाकिर हुसैन, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. अमरेश कुमार सिंह, शिक्षकेत्तर कर्मचारी हेमकांत ठाकुर, प्रदीप कुमार राय, अभिषेक, कुमारी राज, उपेंद्र प्रसाद, सुनील, जीतू, विकास, उपेंद्र राम सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर छात्रों ने कॉलेज परिसर में फूलों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया। पौधरोपण के इस कार्य ने न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि वीर कुंवर सिंह के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

# बाल विवाह पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर आयोग, जिलाधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**डॉ. अमरदीप ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में स्पष्ट किया—कानून का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को नहीं मिलेगी छूट**



**दैनिक समाज जागरण पटना ।**

अक्षय तृतीया जैसे अवसरों पर बाल विवाह के मामलों में संभावित वृद्धि को देखते हुए बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों को कानून के सख्त अनुपालन के लिए स्पष्ट और निदेर्शात्मक आदेश जारी किए हैं। आयोग के अध्यक्ष डॉ. अमरदीप की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक में बाल विवाह के विरुद्ध कार्रवाई के लिए प्रशासनिक और न्यायिक स्तर पर कठोर दृष्टिकोण अपनाने की बात कही गई। डॉ. अमरदीप ने दो टूक शब्दों में कहा, "बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है, और इसे सामाजिक परंपरा की आड़ में किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।" उन्होंने कहा कि जिलाधिकारियों को ऐसे सभी तत्वों पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं जो विवाह आयोजनों में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से संलिप्त होते हैं—चाहे वे पंडित हों, मौलाना, टेंट संचालक, हॉल मालिक या खानपान प्रदाता। प्रशासनिक सख्ती के निर्देश विशेष निगरानी दलों का गठन कर सामूहिक विवाह स्थलों की अचानक जांच सुनिश्चित की जाए। प्रेसवार्ता आयोजित कर जनमानस को चेतावनी दी जाए कि बाल विवाह कराने या उसमें भाग लेने वाले सभी व्यक्ति कानूनी कार्रवाई के दायरे में आएंगे। विद्यालयों से ड्रॉपआउट छात्रों की समीक्षा कर उन्हें बाल विवाह के संदिग्ध मामलों से जोड़कर कार्रवाई की जाए। ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक लगातार जागरूकता और निगरानी अभियान चलाया जाए। आयोग ने यह भी निर्देशित किया है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति, बाल विकास परियोजना अधिकारी, और पुलिस प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित कर बाल विवाह के हर संकेत पर त्वरित कार्रवाई हो। डॉ. अमरदीप ने कहा कि यह केवल सामाजिक सुधार का विषय नहीं, बल्कि कानूनी दायित्व है। जिन जिलों में लापरवाही पाई जाएगी, वहां संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि "अब केवल जागरूकता से काम नहीं चलेगा, अब वक्त है कानून की शक्ति दिखाने का।" इस दिशा में आयोग द्वारा जारी यह निर्देश न केवल संवेदनशील प्रशासनिक दृष्टिकोण को दशार्ता है, बल्कि बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए राज्य की सख्त प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है।

# आईएमए के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. मंटू ठाकुर: सेवा, सादगी और समर्पण की मिसाल

**फारबिसगंज से लेकर सचिवालय तक, चिकित्सकीय प्रतिष्ठा के प्रतीक रहे डॉ. महेश्वरानंद ठाकुर को अंतिम विदाई**



**दैनिक समाज जागरण अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा।**

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) फारबिसगंज शाखा के पूर्व जिलाध्यक्ष और प्रख्यात चिकित्सक डॉ. महेश्वरानंद ठाकुर उर्फ मंटू ठाकुर के निधन पर बुधवार को आयोजित शोकसभा में चिकित्सा समुदाय ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। लायंस चिल्ड्रेन पार्क, फारबिसगंज में आयोजित इस सभा में जिले भर से आए चिकित्सकों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण और मौन श्रद्धांजलि अर्पित की। पटना सचिवालय से फारबिसगंज तक का समर्पित सफर डॉ. ठाकुर ने अपने करियर की शुरूआत उस दौर में की, जब चिकित्सा जगत तकनीक से नहीं, क्लिनिकल अनुभव और मानवीय दृष्टिकोण से संचालित होता था। वे पूर्व मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह के निजी चिकित्सक रहे, लेकिन राजधानी की प्रतिष्ठा छोड़ सीमावर्ती फारबिसगंज को अपनी सेवा-भूमि बनाया। यह फैसला आज भी चिकित्सा बिरादरी के लिए समर्पण और संवेदनशीलता की मिसाल बना हुआ है। बिना जांच के सटीक निदानः एक दुर्लभ प्रतिभा जहां तकनीकी जांच की सुविधा सीमित थी, वहां डॉ. ठाकुर ने टीबी और जटिल रोगों के सफल इलाज से अपनी पहचान बनाई। वे कहते थे–"डॉक्टर की सबसे बड़ी मशीन उसकी आँख और अनुभव है।" उनके निदान की सटीकता ने उन्हें नेपाल और सीमांचल क्षेत्र तक एक भरोसेमंद नाम बना दिया। चिकित्सकों के स्वाभिमान के सजग प्रहरी आईएमए के दो दशकों तक सक्रिय नेतृत्व में रहते हुए, डॉ. ठाकुर ने चिकित्सकों के हक, प्रतिष्ठा और संरक्षा के लिए कई ठोस पहल की। वे प्रशासन और चिकित्सा समुदाय के बीच संवाद सेतु बनकर उभरे। संघर्ष और संतुलन की नीति उनका मूल मंत्र था। शोकसभा में उमड़ा चिकित्सा जगत शोकसभा में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे–डॉ. सीताराम साह, डॉ. अतहर, डॉ. बीके ठाकुर, डॉ. रेशमा रजा, डॉ. तरुण कुमार सिंह, डॉ. पीके केसरी, डॉ. सैकत तरफदार, डॉ. एमके अली, डॉ. केएन झा, डॉ. दिलीप कुमार झा, डॉ. संजीव कुमार सिंह, डॉ. सुमित केसरी सहित दर्जनों वरिष्ठ और युवा चिकित्सक। सभी ने कहा–"हमने एक शिक्षक, मार्गदर्शक और पिता तुल्य साथी को खोया है।"डॉ. मंटू ठाकुरः एक युग, जो अब स्मृतियों में जीवित रहेगा उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि एक डॉक्टर सिर्फ दवाएं नहीं देता, भरोसा भी देता है। डॉ. मंटू ठाकुर ने जो बीज बोए, वे आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देते रहेंगे। उनकी सेवा और सादगी एक जीवित विरासत बन चुकी है।

# अररिया में महिला संवाद का व्यापक असर–18 संवाद रथों ने खोली कल्याणकारी योजनाओं की राह

**सरकारी योजनाओं की जमीनी पहुंच सुनिश्चित करने के साथ महिलाओं की जनहितकारी मांगें बनीं केंद्र बिंदु**



**दैनिक समाज जागरण अररिया ।** बिहार सरकार द्वारा चलाया जा रहा ह्यमहिला संवाद अभियान अररिया जिले में आठवें दिन भी पूरी सक्रियता के साथ जारी है। जिले भर में 18 संवाद रथ प्रतिदिन दो पालियों में दर्जनों पंचायतों में पहुंचकर कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, सामाजिक सरोकारों पर संवाद और महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। 18 अप्रैल से शुरू हुआ यह राज्यव्यापी कार्यक्रम दो माह तक चलेगा। पूर्वनिर्धारित रूट मैप के तहत संवाद रथ ग्रामीण इलाकों में जाकर वीडियो फिल्म और सीधी संवाद प्रणाली के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

**तकनीक और सहभागिता का अनोखा मेल**

संवाद रथों में लगे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम के जरिए राज्य व जिला स्तर के अधिकारी ग्रामीणों से सीधे जुड़ रहे हैं। यह प्रणाली प्रशासनिक स्तर पर नीति को जमीन से जोड़ने और आम नागरिकों की आवाज को नीति निर्धारण की मुख्यधारा में शामिल करने की दिशा में एक अभिनव प्रयोग है।

**जनता की भागीदारी से नीतिगत दिशा तय**

संवाद में भाग लेने वाली महिलाओं ने शासन को नीति-संशोधन योग्य सुझाव दिए हैं, जो समाज के बुनियादी ढांचे और जरूरतों को उजागर करते हैं: पंचायत व प्रखंड स्तर पर नशा मुक्ति केंद्रों की स्थापना–नशे के बढ़ते प्रकोप पर सामुदायिक जवाबदेही तय करने की मांग। सार्वजनिक विवाह भवनों का निर्माण–गरीब वर्ग की बेटियों की शादी में सहयोग और सामाजिक समरसता की पहल। पंचायत स्तर पर कम्प्यूटर शिक्षा केंद्र–तकनीकी सशक्तिकरण द्वारा ग्रामीण युवाओं को प्रतिस्पर्धी मंच से जोड़ने का सुझाव। महिला संवादः एकतरफा प्रचार नहीं, दोतरफा समावेशी विमर्श इस कार्यक्रम को केवल योजनाओं के प्रचार के रूप में नहीं, बल्कि एक सहभागी लोकतांत्रिक मंच के रूप में देखा जा रहा है, जहाँ सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद, फीडबैक और नीतिगत सुधार की संभावनाएं निहित हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस अभियान से प्राप्त सुझावों को संकलित कर संबंधित विभागों तक भेजा जाएगा ताकि नीति निर्माण में जमीनी सच्चाइयों की झलक परिलक्षित हो सके। महिला संवाद ने यह साबित कर दिया है कि जब प्रशासन तकनीक, संवेदना और सहभागिता को साथ लेकर चलता है, तो योजनाएं केवल कागज पर नहीं रहतीं–वो ज़िंदगी बदलने का जरिया बन जाती हैं।

# "जिस नाम से कांपते थे अपराधी, अब वही नाम राजनीति में मचाएगा भूचाल"

**पूर्व आईपीएस शिवदीप लांडे ने 'हिंद सेना' के साथ किया सियासी आगाज, अररिया से उठी जनशक्ति की गूंज**



**दैनिक समाज जागरण अररिया/ डा. रूद्र किंकर वर्मा।**

कभी अपराधियों के लिए खौफ और आम जनता के लिए उम्मीद की पहचान रहे पूर्व आईपीएस शिवदीप वामन राव लांडे अब वर्दी छोड़ सियासत के मैदान में उतर आए हैं। उन्होंने हाल ही में सरकारी सेवा से इस्तीफा देकर अपनी नई राजनीतिक पार्टी हिंद सेना की औपचारिक घोषणा की है, और इसी क्रम में वे मंगलवार को अपने सीमांचल दौरे के तहत अररिया पहुंचे। जैसे ही उनका काफिला अररिया की सरजमीं पर उतरा, युवाओं और समर्थकों का हुजूम उमड़ पड़ा। हिंद सेना ज़िंदाबादह्व और शिवदीप लांडे आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ हैं जैसे नारों से सड़कों का माहौल जोशीला हो गया। अब वर्दी नहीं, जनशक्ति से होगा बदलाव – लांडे पत्रकारों से बातचीत में शिवदीप लांडे ने कहा, मैंने वर्दी में रहते हुए कानून के तहत लड़ाई लड़ी। अब राजनीति के मंच से वही लड़ाई जनता के सहयोग से लड़ूंगा। हिंद सेना न किसी जाति की है, न किसी धर्म की - ये जनता की सेना है, जनता के न्याय के लिए। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन का वक्त आ गया है। उनके मुताबिक हिंद सेना का विजन है – न्याय आधारित शासन व्यवस्था युवाओं को रोजगार और नेतृत्व में भागीदारी महिलाओं को सुरक्षा और सम्मान भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति जनसंवाद से जनआंदोलन की ओर श्री लांडे ने जानकारी दी कि हिंद सेना आने वाले दिनों में बिहार के हर जिले में जनसंवाद यात्रा निकालेगी। इसका उद्देश्य है जनता से सीधा संवाद और उनकी समस्याओं को समझते हुए पार्टी की नीति और एजेंडा को जनआधार देना। अररिया में दिखी राजनीतिक भूचाल की झलक अररिया में शिवदीप लांडे का जोरदार स्वागत किसी राजनीतिक लहर का संकेत माना जा रहा है। युवाओं में उन्हें लेकर खासा जोश देखा गया। विश्लेषकों का मानना है कि सीमांचल जैसे संवेदनशील क्षेत्र में लांडे की छवि कठोर प्रशासक और बेदाग अफसर की रही है, जिसका असर सियासी जमीन पर भी दिख सकता है। शिवदीप लांडे अब एक आंदोलन के नाम पर मैदान में हैं। सवाल है – क्या उनका यह अवतार बिहार की राजनीति में नई दिशा देगा, या पुरानी सियासत की दीवारें लांघने के लिए उन्हें और जनबल जुटाना होगा? लेकिन इतना तय है कि उनकी उपस्थिति अब सिर्फ पुलिस डायरी तक सीमित नहीं रहने वाली।

# बीएनएमयू मनोविज्ञान विभाग में कार्यस्थल पर यौन हिंसा पर जागरूकता अभियान

**यौन उत्पीड़न केवल कानून का प्रश्न नहीं, यह संस्थागत और मनोवैज्ञानिक संरचनाओं की परीक्षा है – प्रो. एम.आई. रहमान**



**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा ।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग द्वारा बुधवार को कार्यस्थल पर महिलाओं के विरुद्ध यौन हिंसा विषय पर एक जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हाइब्रिड मोड में आयोजित हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के शोधार्थियों, छात्र-छात्राओं के साथ-साथ बिहार के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों से मनोविज्ञान विषय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता की। उद्घाटनः प्रो. रहमान ने कहा - यह केवल अपराध नहीं, चेतना और संस्कृति का विषय है कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. एम.आई. रहमान ने यौन हिंसा को महज एक दंडनीय अपराध नहीं, बल्कि एक गंभीर सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और संस्थागत संकट बताया। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएचओ की परिभाषा के अनुसार यौन हिंसा केवल शारीरिक आक्रमण नहीं है, बल्कि इसमें वह हर कृत्य शामिल है जो व्यक्ति की इच्छा के विरुद्ध उसकी कामुकता को प्रभावित करता हो – जैसे अश्लील टिप्पणियाँ, अशुभ संकेत, दबावयुक्त प्रस्ताव, मौखिक या शारीरिक उत्पीड़न आदि। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न का असर केवल पीड़िता तक सीमित नहीं रहता। यह संस्थागत माहौल को विषाक्त बनाता है, उत्पादकता को प्रभावित करता है और कर्मचारियों में असुरक्षा की भावना पैदा करता है। विशेषज्ञों का विमर्शः नीतियों से अधिक जरूरी है व्यवहार और संस्कृति में बदलाव मुख्य वक्ताओं में प्रो. दिनेश कुमार (पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय), श्री अमृत कुमार झा (एलएनएमयू, दरभंगा) और डॉ. कुमारी रंजीता (पूर्णिया महिला महाविद्यालय) ने ऑनलाइन माध्यम से अपने विचार साझा किए। प्रो. दिनेश कुमार ने इस बात पर बल दिया कि यौन उत्पीड़न के मामलों में पीड़ित की चुप्पी और संस्था की निष्क्रियता दो सबसे घातक कारक हैं। उन्होंने कहा कि जब तक संस्थाएँ सुरक्षित और सहानुभूति-प्रधान वातावरण तैयार नहीं करेंगी, तब तक नीतियाँ प्रभावहीन रहेंगी। श्री अमृत कुमार झा ने संगठन की कार्य-संस्कृति पर सवाल उठाते हुए कहा, कई संस्थान अपने टॉप परफॉर्मर को बचाने के लिए शिकायतों को नजरअंदाज करते हैं। यह एक अंतर्निहित विफलता है। उन्होंने 2013 के यौन उत्पीड़न निषेध अधिनियम की व्यावहारिक सीमाओं और आंतरिक शिकायत समितियों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। डॉ. रंजीता ने कहा कि "जिन कंपनियों ने दशकों से ट्रेनिंग दी है, वे भी असफल रही हैं। अब जरूरत है नए दृष्टिकोण की – जिसमें संवाद, मानसिक समर्थन और सामूहिक जिम्मेदारी को केंद्रीय स्थान दिया जाए। स्थानीय सहभागिता और शोधार्थियों की गंभीर भागीदारी विभागीय शिक्षकों डॉ. बासुकीनाथ, डॉ. कुसुम कुमारी, शोधार्थियों नीतिझा भूषण और रिचा चौधरी ने विषय के विभिन्न मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि यौन उत्पीड़न का प्रभाव PTSD (पोस्ट ट्रॉमैटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर), एंग्जायटी, डिप्रेशन और आत्मग्लानि के रूप में वर्षों तक बना रहता है। इस अवसर पर छात्राओं – सोनल कुमारी, काजल कुमारी, आस्था सोनी, वंदना कुमारी, पायल रानी और कीर्ति झा – ने विषय पर खुलकर विचार रखते हुए यह मांग की कि विश्वविद्यालय स्तर पर भी यौन उत्पीड़न निषेध समितियों को सक्रिय और जवाबदेह बनाया जाए। कार्यस्थल को सुरक्षित बनाना प्रशासनिक नहीं, नैतिक दायित्व है – प्रो. रहमान समापन सत्र में प्रो. रहमान ने सभी वक्ताओं और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, ह्ययह आयोजन केवल सूचना नहीं, चेतना और सहभागिता का मंच है। जब तक हम कार्यस्थल को भयमुक्त, गरिमामय और समावेशी नहीं बनाएंगे, तब तक कोई भी कानून या नीति पर्याप्त नहीं होगी। यह कार्यक्रम केवल एक जागरूकता अभियान नहीं, बल्कि एक संवाद का प्रयास था – उस मौन को तोड़ने के लिए, जो वर्षों से उत्पीड़न के विरुद्ध आवाज को दबाए बैठा है। इस विमर्श ने यह संदेश स्पष्ट रूप से दिया कि यौन उत्पीड़न के विरुद्ध संघर्ष केवल कानूनी या महिला केंद्रित नहीं, बल्कि संस्थागत, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पुनर्गठन की मांग है।

# एन आई टी मैदान को पुनः रनिंग अभ्यास हेतु खुलवाने के लिए एन आई टी संस्थान के निदेशक कार्यालय में सौंपा गया ज्ञापन

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड)23 अप्रैल 2025:- दिनांक 23/04/25 को एन आई टी मैदान को पुनः रनिंग अभ्यास हेतु खुलवाने के लिए मानवाधिकार सहायता संघ जिला सरायकेला खरसावां सचिव बिट्टू ऊर्फ सत्य प्रकाश राय के नेतृत्व में रनर्स समुह के सैकड़ों युवा भाई के साथ एन आई टी संस्थान के निदेशक कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें मुख्य रूप से मानवाधिकार सहायता संघ आर आई टी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह उर्फ भोला सिंह, समाजसेवी अजय सिंह, चंन्द्र कुमार, सन्नी सिंह, मिथलेश कुमार,अनुप यादव,गुलशन झा,अलोक चौधरी, नितिश कुमार, रितिक झा, सुमित कुमार,प्रिंस यादव,दिपक शर्मा, एस के सिंह, नितिन कुमार सिंह,शिवम् कुमार,अभिनव कुमार, राकेश कुमार सिंह,धीरज झा, अजित शर्मा,श्वेतंक कुमार,असीम सोय,प्रिंस कुमार,अजित कुमार, दिवाकर कुमार, अभिजित कुमार, आकाश झा पवन चौबे, सचिन राय,गोलु सिंह, संतोष कुमार, हिमांशु सिंह, राहुल सिंह,अजय यादव, नितिश कुमार,विजय कुमार, सोरेन मुर्मु,हरिओम मुंडा, दिवाकर हेम्ब्रम ,विवेक कुमार,आशीष बान्डा,अनिश शर्मा,मनिष कुमार, विशाल वर्मा,दिपक हांसदा,गोल्डी कुमार, दुर्गेश सिंह,शिवम शर्मा, अमन कुमार,छोटु कुमार,सोनु शर्मा,अंशु शुक्ला एवं अन्य युवा भाई उपस्थित थे।

# विनोद तिर्की बने आदित्यपुर के नए थाना प्रभारी

**दैनिक समाज जागरण**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 23 अप्रैल 2025:-सरायकेला जिला पुलिस मुख्यालय में पदस्थापित पुलिस निरीक्षक (2012 बैच) विनोद तिर्की को आदित्यपुर थाना का नया प्रभारी बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश निर्गत करते हुए बुधवार दोपहर इन्हें तत्काल थाना में योगदान देने का आदेश दिया गया है। गौरतलब है कि पूर्व थाना प्रभारी राजीव सिंह का तबादला होने एवं विरमित होने के बाद तकरीबन 10 दिनों से भी अधिक समय तक थाना प्रभारी की नियुक्ति नहीं की गई थी। इसके बाद विनोद तिर्की को प्रभारी के रूप में प्रस्थापित किया गया है।



# सदर अस्पताल के नशा मुक्ति वार्ड में लगी आग

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



सदर अस्पताल के नशामुक्ति वार्ड में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। अस्पताल प्रबंधक और कर्मियों की सूझबूझ की वजह से उन्होंने घटना के प्रारंभिक समय में ही आग पर काबू पा लिया। घटना के दौरान लगभग 20 मिनट बाद आग विभाग की टीम अस्पताल पहुंची, लेकिन तब तक आग को बुझा लिया गया था। आगजनी में 6 बेट जल कर राख हो गए हैं। हालांकि, एक मरीज घायल हो गया। जिसका इलाज सदर अस्पताल में जारी है। अस्पताल प्रबंधन ने तुरंत स्थिति को संभाला और सभी आवश्यक सावधानियां बरतीं, जिससे अन्य मरीजों और कर्मचारियों को कोई नुकसान नहीं हुआ। इस घटना की जांच की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आग लगने का कारण क्या था। घटना बुधवार शाम करीब 6 बजे की है। नशा मुक्ति वार्ड में आग लगने की जानकारी तब मिली जब खिड़की के बाहर आग का धुआं देखा गया। सदर अस्पताल के विभिन्न वार्ड में धुंआ फैलने लगा। सदर अस्पताल मैनेजर जुले असरफ ने बताया कि आग लगने की जानकारी मिलते ही अग्निशमन विभाग को सूचना दिया गया। अस्पताल कर्मियों के सहयोग से अग्निशमन विभाग ने आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि आग लगने की घटना के प्रारंभिक समय में ही आग पर काबू पा लिया। अस्पताल में किसी मरीज या अन्य किसी को आग से कोई नुकसान नही पहुंचा है। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग, दमकल कर्मी, दमकल वाहन सहित सदर अस्पताल पहुंचे। लेकिन दमकल कर्मियों के पहुंचने से पहले आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया था।
सदर अस्पताल भवन के दूसरे मंजिल पर आग लगने की घटना पर अस्पताल प्रबंधन एवं कर्मियों के सूझबूझ से आग पर काबू पाया गया। बड़ी घटना घट सकती थी। जिस वार्ड में आग लगी थी उसमें 5 वेड लगा हुआ था। वार्ड में कोई मरीज भर्ती नही था।

# पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर आतंकी हमला और विनय सिंह की हत्या - दोनों मानवता के खिलाफ अपराध हैं - भरत सिंह

**दैनिक समाज जागरण 23.04.2025 जिला संवाददाता चांद कुमार लायेक पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री भरत सिंह ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए कायराना आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। श्री भरत सिंह ने कहा, आतंकवादियों द्वारा आम नागरिकों को निशाना बनाना कायरता की पराकाष्ठा है। यह न सिर्फ हमारे देश की अखंडता पर हमला है, बल्कि शांति और लोकतंत्र के मूल्यों पर भी प्रहार है। इस नृशंस कृत्य को अंजाम देने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाना चाहिए। श्री सिंह ने शोक-संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि देश का हर नागरिक इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है। साथ ही केंद्र सरकार से अपील की कि ऐसे कृत्यों के दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर न्याय के कठघरे में लाया जाए। विगत दिनों जमशेदपुर के करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सिंह की अज्ञात हमलावरों द्वारा गोली मारकर की गई। इस निर्मम हत्या पर भी गहरा दुख प्रकट करते हुए श्री सिंह ने इसे झारखंड की कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न बताते हुए कहा, एक जनप्रतिनिधि की खुलेआम हत्या राज्य सरकार की नाकामी को दषार्ता है। मैं प्रशासन से मांग करता हूँ कि विनय सिंह जी के हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार कर उन्हें कठोरतम सजा दी जाए। श्री भरत सिंह ने दोहराया कि भारतीय जनता पार्टी आतंकवाद, हिंसा और अराजकता की किसी भी विचारधारा के सख्त खिलाफ है। भारत की एकता, अखंडता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए पार्टी हर संभव कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। देश इस तरह की हिंसात्मक घटनाओं को कभी स्वीकार नहीं करेगा।

# पोटका विधायक संजीव सरदार का बयान

**पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं, यह हमला कायरता की चरम सीमा, देश एकजुट होकर देगा जवाब - संजीव सरदार**

**दैनिक समाज जागरण 23.04.2025 जिला संवाददाता चांद कुमार लायेक पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

आतंकियों के खिलाफ केंद्र सरकार को सख्त और निर्णायक कार्रवाई करनी चाहिए पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे देश की एकता और शांति पर हमला बताया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस नृशंस हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। विधायक श्री सरदार ने कहा, "इस तरह की घटनाएं देश की अखंडता को कमजोर करने का विफल प्रयास हैं । पूरा देश एकजुट है, और ऐसे वक्त में हम सभी को एकता का परिचय देना चाहिए।" उन्होंने केंद्र सरकार से दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि, "देशवासियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। केंद्र सरकार को चाहिए कि आतंकियों और उन्हें पनाह देने वालों के खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई करे ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।" संजीव सरदार ने जम्मू-कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना और अन्य सुरक्षा बलों को उनकी बहादुरी के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि देश को अपनी सुरक्षाबलों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि इस समय राजनीतिक मतभेद भुलाकर हम सभी को एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ खड़ा होना होगा। "भारत कभी झुका नहीं है और न कभी झुकेगा। आतंक के खिलाफ हमारी लड़ाई निर्णायक होगी"



# क्या वजन घटाने के लिए आप भी करते हैं ये गलतियां? हो जाएं सावधान



अक्सर वजन घटाने के चक्कर में हम कई ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जो कभी नहीं करनी चाहिए. अगर बिना किसी एक्सपर्ट की सलाह या न्यूट्रिशनिस्ट की सलाह से हम वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं या फिर ऐसे नुस्खों का अनुसरण कर रहे हैं, जो बेहद सामान्य हैं, जिन्हें किसी के मुंह से भी सुनकर लोग फॉलो करने लगते हैं, तो सावधान होने की जरूरत है, क्योंकि ऐसी स्थिति में पछताना पड़ सकता है. अगर आपका वजन ज्यादा है और आप वेट लॉस (ह्वीं३ छ्ङ्ग२२) करने की सोच रहे हैं, तो सबसे पहले किसी अच्छे न्यूट्रिशनिस्ट से मिलें और उसके द्वारा बताई गई डाइट प्लान ही फॉलो करें. ध्यान रहे कि खुद से अपनी डाइट प्लान न बनाएं या फिर इंटरनेट पर देखकर वजन घटाने के नुस्खों या टिप्स का अनुसरण न करें. पोषक विशेषज्ञ के दिशा-निर्देश में ही बनाई गई डाइट प्लान, का अनुसरण करें और खुद डॉक्टर न बनें. अक्सर देखा गया है कि लोग वजन घटाने के लिए खुद ही डॉक्टर की भूमिका में आ जाते हैं और जिसका खामियाजा उनको बाद में भुगतना पड़ता है. न्यूट्रिशनिस्ट तान्या वालिया मालगुड़ी का कहना है कि वजन घटाने के लिए प्रतिदिन डाइट प्लान का अनुसरण करना बेहद जरूरी है. इससे आपको पता लगता है कि आप कितना अतिरिक्त खाना खाते हैं.अभी तक कितनी कैलोरी ले रहे थे और वास्तव में कितनी कैलोरी लेने की जरूरत है. उनका कहना है कि वजन कम करने के लिए कभी भी प्रोटीन लेना नहीं छोड़ना चाहिए.

एकदम से खाना भी नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से ब्लड शुगर लेवल कम हो जाता है और थकान महसूस होने लगती है. कई बार ऐसी स्थिति में तनाव भी हो सकता है. वजन घटाने के चक्कर में ज्यादा एक्सरसाइज भी न करें, एकदम से ऐसा करने से मांसपेशियों में दर्द हो सकता है. कभी भी वजन घटाने के लिए गलत फूड का कॉम्बिनेशन न लें. अपने भोजन में 50 फीसदी सब्जियां जिनमें सलाद भी शामिल हो, 25 फीसदी प्रोटीन, 25 फीसदी कार्बोहाइड्रेट लें. आप छाछ या दही के तौर पर 5 फीसदी प्रोबायोटिक जरूर लें. उचित अनुपात में उचित भोजन संयोजन करने का प्रयास करें. दरअसल, मोटापे की समस्या तेजी से युवाओं को चपेट में ले रही है. अनियमित लाइफस्टाइल की वजह से यह बीमारी कॉमन हो गई है. लेकिन अगर सही से डाइट प्लान फॉलो किया जाए तो बढ़ते वजन पर काबू पाया जा सकता है. कई बीमारियों के कारण भी वजन बढ़ने लगता है ऐसी स्थिति में डॉक्टर को जरूर दिखाएं और परामर्श लें.

# अगर है हाई ब्लड शुगर? सुबह की इन 5 आदतों से ऐसे हो सकता है नियंत्रित

अगर मनुष्य अपनी जीवनशैली में सुधार कर ले तो कई बीमारियों से बच सकता है. लाइफस्टाइल की अनियमितता के कारण कई सारी बीमारियां इंसान को घेर लेती हैं, और धीरे-धीरे ये रोग घातक होते जाते हैं. अगर आप बीमारियों की सूची सर्च मारेंगे, तो कई ऐसी होंगी जिनकी मुख्य वजह डिस्टर्ब और अनबैलेंस लाइफस्टाइल होगी. हाई ब्लड शुगर भी ऐसा ही एक रोग है, जो जीवनशैली से जुड़ा हुआ है. इस बीमारी में व्यक्ति का ब्लड शुगर का स्तर जरूरत से अधिक बढ़ जाता है, जिससे दिक्कतें शुरू हो जाती हैं. इस बीमारी के आम संकेत वजन का अचानक कम होना, ज्यादा प्यास लगना, अचानक भूख बढ़ जाना, पेशाब से महक आना, धुंधला दिखाई देना और हमेशा थकान रहना है. लेकिन जीवनशैली में सुधार करके इसे कंट्रोल किया जा सकता है.



पानी

हाइड्रेशन सबसे पहली और सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है. तभी कहा भी जाता है कि हमेशा हाइड्रेड रहें. पानी रक्त शर्करा (ब्लँ इ'ङ्क्ष्ग र्४१ ) के स्तर को कम करने और संतुलन बनाए रखने में मदद करता है. यह रक्त प्रवाह में शर्करा के स्तर को पतला करता है. पर्याप्त पानी न पीने से कई समस्याएं हो सकती हैं. इसलिए सुबह उठते ही जमकर पानी पिएं और दिनभर शरीर में पानी की मात्रा को बरकरार रखें.

प्रोटीन नाश्ता

प्रोटीन एक और पोषक तत्व है जो रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में मदद करने के लिए जाना जाता है. इसलिए अपने ब्रेकफास्ट में प्रोटीन को शामिल करें. ऐसा करने से आप पूरे दिन ऊजार्वान रहेंगे. सुबह का नाश्ता जरूर करें और उसे छोड़े ना. अक्सर हमारी आदत सुबह का नाश्ता नहीं करने की होती है.

एक्स्ट्रा कैफीन से बचें

कॉफी आपके ब्लड शुगर लेवल को बढ़ा सकती है. इसलिए सीमित मात्रा में कॉफी का सेवन करें. कॉफी में कैफीन होता है और इससे ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता है. सुबह उठते ही बार-बार कॉफी न पिएं.

सुबह व्यायाम जरूर करें

सुबह उठते ही व्यायाम जरूर करें और टहलें. जब हम व्यायाम करते हैं, तो हमारा रक्त शर्करा का लेवल मेन्टेंन रहता है.

तनाव को बाई-बाई कह दें

तनाव एक ऐसी चीज है जो हमें कई सारी बीमारियां दे जाती है. इसलिए बिल्कुल भी तनाव न लें. अगर आप सुबह उठते ही तनाव लेने लगते हैं तो ऐसा करने से आपको कई सारी बीमारियां घेर सकती हैं और आपका ब्लड शुगर लेवल भी बढ़ जाता है. अपने दिन की शुरूआत शांति और धैर्य से करें. उठते ही घूमें, व्यायाम करें और योग करें.

# डायबिटीज-आंखों के लिए बहुत लाभकारी है गाजर का जूस, बस एक महीने में पा सकते हैं ऐसे गजब के फायदे

शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की आसानी से पूर्ति के लिए फलों-सब्जियों के सेवन की आदत बनाना काफी लाभकारी माना जाता है। हर मौसम की कुछ खास सब्जियां-फल होते हैं जो शरीर को कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकते हैं। इस मौसम में गाजर बहुतायत में उपलब्ध होते हैं, इसे सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं गाजर के जूस का सेवन करना कई तरह की बीमारियों के जोखिम को कम करके आपको बेहतर स्वास्थ्य प्राप्त करने में सहायक है। अध्ययनों में इसे डायबिटीज से लेकर हृदय रोग और आंखों की सेहत को ठीक रखने में भी फायदेमंद पाया गया है।

डॉक्टर्स कहते हैं, बस एक महीने नियमित रूप से गाजर के जूस का सेवन करके आप शरीर में कई प्रकार के सकारात्मक बदलाव महसूस कर सकते हैं। गाजर में फाइबर, विटामिन-ए, विटामिन सी और के, पोटैशियम जैसे अति महत्तपूर्ण पोषक तत्व पाए जाते हैं जो शरीर के अंगों को स्वस्थ रखने और गंभीर क्रोनिक बीमारियों के जोखिम से बचाने में आपकी मदद कर सकते हैं।

गाजर का रस कैरोटीनॉयड पिगमेंट ल्यूटिन और जेक्सैन्थिन भी प्रदान करता है, जो शरीर में एंटीऑक्सिडेंट के रूप में कार्य करते हैं। एंटीऑक्सिडेंट्स का सेवन कई गंभीर रोगों के विकास को कम करने में सहायक है। आइए गाजर के जूस से होने वाले फायदों के बारे में जानते हैं।

आंखों के लिए फायदेमंद है गाजर का जूस

गाजर के जूस में लगभग वे सभी पोषक तत्व होते हैं जो आपकी आंखों के लिए बहुत आवश्यक माने जाते हैं। 200 ग्राम गाजर के जूस से दैनिक विटामिन-ए की



आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकता है। आंखों को स्वस्थ रखने के लिए विटामिन-ए महत्वपूर्ण है। अध्ययनों में पाया गया है कि विटामिन-ए वाली चीजों का सेवन करना अंधेपन और उम्र से संबंधित नेत्र रोगों के जोखिम से सुरक्षित रखने में आपके लिए विशेष लाभकारी हो सकता है।

इम्युनिटी बूस्टर है यह जूसडायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद है गाजर


गाजर का जूस पीने से रक्त शर्करा के स्तर को भी कम करने में मदद मिल सकती है। टाइप-2 डायबिटीज वाले चूहों पर किए गए अध्ययन से पता चलता है कि गाजर का रस रक्त शर्करा को कम करने और इससे संबंधित अन्य मार्करों में भी आपके लिए मददगार है। किण्वित जूस में प्रोबायोटिक्स होते हैं, जो आंत के गुड बैक्टीरिया के लिए अच्छे माने जाते हैं। गाजर एंटी-इंफ्लामेटरी गुण के लिए भी जाना जाता है, इसके कारण भी इसे डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद पाया गया है।

गाजर का जूस आपके इम्यून सिस्टम को बूस्ट कर सकता है। इसमें पाए जाने वाले विटामिन-ए और सी, दोनों ही एंटीऑक्सिडेंट के रूप में कार्य करते हैं और प्रतिरक्षा कोशिकाओं को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। इसके अतिरिक्त, यह जूस विटामिन-बी 6 का भी समृद्ध स्रोत है। प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को बेहतर रखने के लिए विटामिन-बी 6 वाली चीजों को आहार में जरूर शामिल करें। गाजर के जूस का सेवन आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकता है।

# जहरीली हवा से कैसे रहे सुरक्षित,स्वामी रामदेव से जानिए योग और आयुर्वेदिक उपचार

दिल्ली-एनसीआर में पटाखे जलाने का दिखने लगा असर। दिल्ली के कई इलाकों में 10 गुना ज्यादा प्रदूषित हुई हवा। दिल्ली और आस-पास के जिलों में अदकलेवल 300 के पार। दिल्ली-एनसीआर के आसमान में धुंध और धुएं का गुबार। बढ़ते प्रदूषण की वजह से लोगों को सांस लेने में हो रही दिक्कत। फिर वही कहानी एकबार फिर दिल्ली-ठउफ की हवा और भी ज्यादा जहरीली होने लगी है। सड़कों पर चल रही करोड़ों गाड़ियां, कंसंट्रक्शन वर्क और पराली के धुएं के बाद दिवाली के पटाखों ने रही सही कसर पूरी कर दी है। दुख तो इस बात का है कि ऐसी नौबत हर साल आती है। सर्दी गिरते ही पराली के धुएं का डर सताने लगता है फिर पटाखे जलाने को लेकर डिबेट शुरू होती है। देखते-देखते ना सिर्फ दिल्ली-ठउफ खराब हवा से पूरे उत्तर भारत का दम घुटने लगता है।

ऐसे में जरूरी है एक उस फिल्टर की जो प्रदूषित हवा के हमले को रोककर वातावरण को साफ कर दे। कुछ वैसे ही जैसे इंद्र देव के क्रोध से बचाने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठा लिया था। जिसके नीचे आकर लोगों ने अपनी जान बचाई थी। पॉल्यूशन से बचने के लिए गोवर्धन पर्वत उठाने जैसे चमत्कार की ही जरूरत है। क्योंकि एयर पॉल्यूशन बढ़ते ही सांस से जुड़ी परेशानियां बढ़ने लगती हैं। उडढऊ



ब्रोंकाइटिस, टीबी, अस्थमा जैसी बीमारिया ट्रिगर हो जाती हैं। इतना ही नहीं जो लोग हेल्दी हैं वो भी थकान,सिरदर्द,स्ट्रेस, आंख-नाक और गले में जलन की शिकायत करने लगते हैं। खराब हवा का असर न्यूरो सिस्टम और कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम पर भी दिखाई देता है। सांस लेने के लिए कुदरत हमें जो साफ हवा देती है उसे हम सब मिलकर जहरीली बनाते है और फिर खामियाजा भी भुगतते हैं अब ऐसे में किसी एक की कोशिश से उसे ठीक भी नहीं किया जा सकता। पॉल्यूशन से बचने के लिए हर किसी को अपने हिस्से की हवा साफ करनी होगी। ये सब होगा ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर। गाड़ियों का इस्तेमाल कम करके पराली और इंडस्ट्रियल पॉल्यूशन को कंट्रोल करने का सही सॉल्यूशन ढूंढकर। जिस तरह रातों-रात हवा बद से बदतर हो जा रही है। वो चुटकी बजाते ही साफ तो नहीं हो सकती। ऐसे में सांसों पर लगने वाली इमरजेंसी से बस योगिक फिल्टर ही बचा सकता है तो बेहतर है योग के चमत्कार को समझिए और अन्नकूट और गोवर्धन पूजा के इस मौके पर योग कीजिए।

# गले में कुछ फंस जाए तो फौरन करें ये 4 काम

खाने के दौरान कभी-कभी खाने का गले में फंसना सामान्य बात नहीं है। खाना निगलना एक जटिल प्रक्रिया है। जब भी हम कुछ खाते हैं तो खाने को मुंह से पेट तक पहुंचने में लगभग 50 से ज्यादा मांसपेशियां और कई नर्व्स मिलकर काम करती हैं। जब आप भोजन करते हैं, तो आपके मुंह से आपके पेट तक भोजन को स्थानांतरित करने के लिए लगभग 50 जोड़ी मांसपेशियां और कई तंत्रिकाएं मिलकर काम करती हैं। इस प्रक्रिया के दौरान खाना गले में फंसना कोई असामान्य बात नहीं है।

जब आप सॉलिड फूड खाते हैं तो तीन चरणों वाली प्रक्रिया शुरू होती है। आप भोजन को चबाकर निगलने के लिए तैयार करते हैं। यह प्रक्रिया भोजन को लार के साथ मिक्स करती है जिससे फूड नम प्यूरी में बदल जाता है। जब आपकी जीभ भोजन को आपके गले के पीछे धकेलती है तो आपके निगलने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। इस दौरान आपकी श्वसन नली कसकर बंद हो जाती है और आपकी सांस रुक जाती है।

यह प्रक्रिया भोजन को गलत पाइप में जाने से रोकती है। इस प्रक्रिया के दौरान भोजन आपकी खाने की नली में प्रवेश करता है और आपके पेट में जाता है। कई बार खाते समय प्रक्रिया में कुछ गड़बड़ी हो जाती है और खाना फूड पाइप में फंस जाता है। इस दौरान आपके सांस लेने पर कोई असर नहीं पड़ता क्योंकि खाने ने आपकी सांस की पाइप को पहले ही साफ कर दिया है।

फूड पाइप में खाना फंसते ही उसके लक्षण दिखने लगते हैं। सीने में दर्द होना, लार का ज्यादा अनुभव होना, लगातार खांसी आना, चेहरे का रंग खांसते-खांसते पीला



पड़ना कुछ मामलों में बेहोशी भी हो सकती है। अगर खाना गले में फंस गया है और गंभीर लक्षण नहीं दिख रहे तो आप घर में ही गले में फंसे खाने को आसानी से निगल सकते हैं।

स्थिति कब गंभीर हो सकती हैः

जब खाना फंसने की वजह से बात नहीं कर पा रहा है

सांस लेने में कठिनाई हो रही है

सांस जोर जोर से ले रहा है

सांस लेते समय कर्कश आवाज आ रही है

खांसी या कमजोर होने पर

चेहरा लाल या पीला या नीला पड़ जाने पर

बेहोश हो जाने पर स्थिति गंभीर हो सकती है।

गले में फंसा खाना निकालने के उपाय

कई शोध से पता चलता है कि कोक या अन्य कार्बोनेटेड ड्रिंक का सेवन करने से फूड पाइप में फंसे भोजन को हटाने में मदद मिल सकती है। डॉक्टर और इमर्जेंसी वर्कर अक्सर भोजन को तोड़ने के लिए इस सरल तकनीक का उपयोग करते हैं।

गैस के दर्द का इलाज करने की दवाएं फूड पाइप में फंसे भोजन को हटाने में मदद कर सकती हैं। यह दवाएं फूड पाइप में दबाव बढ़ाती है और भोजन को ढीला कर सकती है।

पानी ज्यादा पीएं। पानी के कुछ बड़े घूंट आपके फूड पाइप में फंसे भोजन को नीचे करने में मदद करते हैं। यदि आपने खाना ठीक से चबाया नहीं है तो यह बहुत अधिक सूखा हो सकता है। पानी के बार-बार घूंट से अटका हुआ भोजन गीला हो सकता है और आसानी से नीचे चला जाता है। कभी-कभी फूड पाइप को अतिरिक्त ग्रीस की आवश्यकता होती है ऐसे में एक चम्मच मक्खन खाने से मदद मिल सकती है। एक चम्मच मक्खन फूड पाइप को नम करने में मदद करता है और अटके हुए भोजन को आपके पेट में नीचे ले जाना आसान बनाता है।

# सर्दी में इन दो विटामिन की कमी आपको बना सकती है बीमार, इन फूड्स से करें कमी को पूरा

सर्दी का मौसम आ चुका है और ठंडी हवाएं कुछ ही दिनों में अपनी रफ्तार पकड़ सकती है। इस मौसम में सेहत का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। इस मौसम में कुछ मौसमी बीमारियां जैसे सर्दी जुकाम, बंद नाक, छींके आना, सिरदर्द होना, शरीर में दर्द होना, खांसी जैसी परेशानियां बेहद परेशान करती हैं। इस मौसम में इम्युनिटी कमजोर हो जाती है और बॉडी के बीमार होने के आसार ज्यादा होते हैं। सर्दी में हेल्दी रहने के लिए डाइट का ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

डाइट में कुछ खास विटामिन का सेवन करने से इम्युनिटी स्ट्रॉन्ग रहती है और बॉडी हेल्दी रहती है। इस मौसम में मौसमी बीमारियों से बचने के लिए कुछ विटामिन का सेवन बेहद फायदेमंद होता है। सर्दी में विटामिन उ और ऊकी कमी आपको बीमार बना सकती है। आइए जानते हैं कि कैसे ये विटामिन बॉडी को हेल्दी रखते हैं और इनकी कमी को कैसे पूरा करें।

विटामिन सी की कमी बीमार बना सकती हैः

विटामिन सी की कमी आपको बीमार बना सकती है। सर्दी में सर्दी-खांसी, फ्लू, साइनस और संक्रमण का खतरा अधिक होता हैं। इस मौसम में इम्युनिटी को स्ट्रॉन्ग बनाने के लिए डाइट में विटामिन सी वाले फूड्स का सेवन करें। विटामिन सी की



कमी को पूरा करने के लिए आप संतरे, स्ट्रॉबेरी, ब्लैककरंट, लाल मिर्च, ब्रोकोली और ब्रसेल्स स्प्राउट्स का सेवन बेहद फायदेमंद होता है। नींबू और आंवला का सेवन भी विटामिन सी की कमी को पूरा करता है। इन फूड्स का सेवन करने से इम्युनिटी स्ट्रॉन्ग होती है। भोजन में एंटीआक्सीडेंट तत्व जैसे मशरूम, पालक, टमाटर, कढ़ी पत्ता का सेवन भी इस मौसम में फायदा पहुंचाता है।

विटामिन डी की कमी बीमार बना सकती हैः

सर्दी में विटामिन डी का सेवन सेहत को फायदा पहुंचा सकता है। सर्दी में बॉडी को धूप कम मिलती है तो ऐसे में बॉडी में विटामिन डी की कमी होने लगती है। विटामिन डी ना सिर्फ हड्डियों को मजबूत करता है बल्कि बॉडी को हेल्दी भी रखता है। विटामिन डी का सेवन हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है और दिल के रोगों से बचाव करता है। विटामिन डी बॉडी को तब मिलता है जब स्किन पर सूरज की किरणें पड़ती हैं। ये शरीर को कैल्शियम और फॉस्फेट पचाने में मदद करता है जो हड्डियों, दांतों और मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। बॉडी में विटामिन डी की कमी को पूरा करने के लिए डाइट में दूध, दही, मशरूम,बादाम, ब्रोकली, अंडा, दूध, पनीर, सोया उत्पाद, मछली, मक्खन, दलिया और संतरे के जूस का सेवन करें।

# काली मिर्च खाने से सेहत को मिलते हैं ये 6 फायदे, जानें नुकसान भी

अधिकतर भारतीय घरों में काली मिर्च का उपयोग मसाले के तौर पर किया जाता है। वहीं कुछ लोग काली मिर्च का काढ़ा बनाकर भी पीते हैं। काली मिर्च औषधीय गुणों से भरपूर होती है। इसमें एंटीबैक्टीरियल, एंटीमाइक्रोबियल, एंटीओबेसिटी और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। ये सभी गुण कई स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने में मददगार हो सकते हैं।

1. पाचन बेहतर बनाए

काली मिर्च पाचन संबंधी समस्याओं को ठीक करने में मदद कर सकता है। काली मिच में पाइपरिन होता है, जो पाचन क्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकता है। साथ ही पाचन प्रक्रिया को भी बेहतर बनाता है। इससे पाचन से जुड़ी समस्याएं जैसे गैस, कब्ज और अपच से छुटकारा मिल सकता है।

2. सर्दी-जुकाम से राहत दिलाए

काली मिर्च में मौजूद पाइपरिन सर्दी, जुकाम और खांसी की समस्या से भी छुटकारा दिला सकता है। काली मिर्च शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है। जब इम्यूनिटी तेज होती है, तो शरीर को बैक्टीरियल और वायरस से लड़ने में मदद मिलती है। अगर आपको खांसी या जुकाम है, तो काली मिर्च का सेवन जरूर करें।

3. ओरल हेल्थ के लिए लाभकारी

काली मिर्च में एंटीमाइक्रोबियल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। ये सभी मुंह में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया को मारते हैं। साथ ही सूजन आदि से भी राहत मिल सकती है। काली मिर्च खाने से दांत भी सुरक्षित रहते हैं। काली मिर्च ओरल हाइजीन को मेंटेन रखने में मदद कर सकता है।

4. वेट लॉस में सहायक

अगर आप वजन घटाना चाहते हैं, तो काली मिर्च का सेवन करना शुरू कर सकते हैं। काली मिर्च में पाइपरिन और एंटीओबेसिटी प्रभाव होते हैं, जो वेट लॉस करने में मदद कर सकते हैं। आप काली मिर्च को खाने में शामिल कर सकते हैं या फिर इसका काढ़ा बनाकर भी पी सकते हैं।




5. जोड़ों के दर्द से राहत दिलाए

काली मिर्च जोड़ों के दर्द को कम करने में भी सहायक हो सकता है। काली मिर्च में एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटीआर्थराइटिस प्रभाव पाया जाता है। ये गुण गठिया की वजह से होने वाले दर्द और सूजन को कम करने में असरदार साबित हो सकते हैं।

6. इंफेक्शन से बचाव

इंफेक्शन से बचने के लिए भी आप काली मिर्च का सेवन कर सकते हैं। काली मिर्च बैक्टीरिया से लड़ने में मदद कर सकता है। काली मिर्च में एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। ये गुण लोगों को बैक्टीरिया से लड़ने में मदद करते हैं।

काली मिर्च के नुकसान

एक तरफ जहां काली मिर्च सेहत के लिए काफी फायदेमंद होती है, वहीं इसके कुछ नुकसान भी देखने को मिल सकते हैं।

काली मिर्च की तासीर बेहद गर्म होती है। इसलिए पित्त प्रकृति के लोगों को काली मिर्च का सेवन करने से बचना चाहिए।

छोटे बच्चों को अधिक मात्रा में काली मिर्च खिलाने से बचना चाहिए।

गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को काली मिर्च का सेवन डॉक्टर की सलाह पर ही करना चाहिए।

काली मिर्च औषधीय गुणों से भरपूर होता है। आप भी काली मिर्च का सेवन कर सकते हैं। लेकिन काली मिर्च की तासीर गर्म होती है, इसलिए इनका सेवन कम मात्रा में ही करना चाहिए। बहुत अधिक मात्रा में काली मिर्च का सेवन करने से बचना चाहिए।

डिसकलेमरः

इस जानकारी की सटीकता, समयबद्धता और वास्तविकता सुनिश्चित करने का हर सम्भव प्रयास किया गया है हालांकि इसकी नैतिक जिम्मेदारी ओन्लीमायहेल्थ डॉट कॉम की नहीं है। हमारा आपसे विनम्र निवेदन है कि किसी भी उपाय को आजमाने से पहले अपने चिकित्सक से अवश्य संपर्क करें। हमारा उद्देश्य आपको जानकारी मुहैया कराना मात्र है।

# लिवर के लिए वरदान है बथुआ, डायट में शामिल किया तो मिलेंगे बेहिसाब फायदे

सर्दियों के मौसम में हरी सब्जियों की भरमार रहती है. इम्यूनिटी और सेहत के लिहाज से ये मौसम काफी अच्छा होता है. सर्दियां आते ही आपको कई तरह की हरी पत्तेदार सब्जियां खाने का मौका मिलता है और ये तो हम सभी जानते हैं कि हरी सब्जियां हमारी सेहत के लिए कितनी फायदेमंद हैं.

हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि अगर आप कैलोरी कॉन्शियस हैं, तब भी आप बथुआ का सेवन बेहद आसानी से कर सकते हैं. दरअसल, अन्य सभी हरी सब्जियों की तरह, बथुआ में भी कैलोरी काफी कम पाई जाती है. 100 ग्राम बथुआ से आपको लगभग 43 कैलोरी की मिलती है. यानि फिटनेस के लिहाज से हिट है बथुआ.

बथुआ के पत्तों में अमीनो एसिड की उच्च मात्रा पाई जाती है. अमीनो एसिड्स शरीर के लिए बेहद जरूरी माने जाते हैं, क्योंकि यह कोशिका निर्माण और कोशिका की मरम्मत के लिए आवश्यक हैं. ऐसे में बथुआ के पत्ते खाने से आपकी इम्यूनिटी के साथ-साथ सेल्स रिपेयरिंग की क्षमता भी बढ़ती है.

हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि अगर आप बथुआ को अपनी डायट का हिस्सा बनाते हैं तो इससे आपके लिवर को भी काफी फायदा मिलता है. इसका अंदाजा आप



इसी बात से लगा सकते हैं कि इसे ब्लड प्यूरिफायर के रूप में जाना जाता है. इसमें मौजूद कंपोनेंट आपके लिवर को टॉक्सिन्स से बचाने में मदद करता है और आपका लिवर रहता है हैप्पी.

हाई फाइबर डायट का सबसे बड़ा काम ये है कि ये आपको ओवर ईटिंग से बचाती है, और वजन को नियंत्रित रखने में मदद देती है. बथुआ में उच्च मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो आपको लंबे समय तक फुल रखता है. इससे ओवर ईटिंग से बच जाते हैं. फाइबर पाचन तंत्र के लिए भी बेहद लाभदायक माना जाता है.

बथुआ में कैल्शियम, पोटेशियम, मैग्नीशियम और विटामिन ए, सी और बी 6 से भरपूर होता है. ये सभी सूक्ष्म पोषक तत्व आपके शरीर की कार्यप्रणाली को सुचारू रूप से कार्य करने में मदद करते हैं. हरी पत्तेदार सब्जियां आयरन का भी अच्छा सोर्स होती हैं.